

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 26 सितंबर 2026

आठ जिलों में स्कूलों में रही छुट्टी

भारी बारिश के चलते राज्य के सात जिलों में शुक्रवार को स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई थी। कुछ जिलों में शनिवार को भी छुट्टी घोषित की गई है।जिन जिलों में छुट्टी रही उनमें बस्तर, बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव, कांकेर, गरियाबंद, बालोद और धमतरी शामिल हैं। दुर्ग सहित बस्तर, बालोद, गरियाबंद, धमतरी में शनिवार को अवकाश की घोषणा की गई है।





अर्नब का कहर, राज्यभर में मूसलाधार मुसीबत, बस्तर के गांव घिरे नदियां खतरे के निशान से ऊपर, स्कूलों में छुट्टी, आवागमन ठप

बांधों के गेट खुले, नदियां उफनीं, सड़कें डूबीं, राज्य के सभी स्कूल आज बंद

बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान अर्नब छत्तीसगढ़ में कहर ढा रहा है। राज्य के दक्षिण और मध्य हिस्से में पिछले दो-तीन दिनों से हो रही बारिश से सड़क, रेल और हवाई मार्ग बाधित हो गया है। गंगरेल बांध के सभी 14 गेट खोल दिए गए हैं और ढाई लाख क्यूसेक पानी प्रति सेकंड छोड़ा जा रहा है। ऐसा 20 साल बाद हुआ है। कई जिलों में स्कूलों में छुट्टी करनी पड़ी और तिमाही परीक्षाएं स्थगित कर दी गई है। राजधानी रायपुर में कल शाम से अनवरत बारिश हो रही है, जबकि दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा में तीन दिन से बारिश हो रही है। धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद में भी भारी बारिश हो रही है। मूसलाधार बारिश के चलते राज्य के सभी स्कूलों में शनिवार को छुट्टी घोषित कर दी गई है।

- राजधानी रायपुर में गुरुवार शाम से अनवरत बारिश हो रही है
- ढाई लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी महानदी में छोड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

पिछले 20 सालों के इतिहास में पहली बार गंगरेल बांध से ढाई लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा जा रहा है। बांध के सभी 14 रेडियल गेट खोल दिए गए हैं। इससे गंगरेल बांध का नजारा तो मोहक हो गया है, लेकिन नदी के तटीय इलाकों में स्थिति खराब है। नदी किनारे रहने वाले कई लोगों को दूसरे स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। वहीं बाढ़ में पांच लोगों के फंसे रहने की सूचना है। नदी नालों में बाढ़ के चलते कई क्षेत्रों से संपर्क टूट गया है।

गुरुवार से शुरू बारिश शुक्रवार को भी जारी रही। अनवरत बारिश से अंचल तरबतर हो गया है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

चारों बांध लबालब

गंगरेल सहित रविशंकर जलाशय परियोजना के चारों बांध लबालब भर गए हैं। जानकारी के अनुसार गंगरेल बांध में 98.14 प्रतिशत पानी भरा हुआ है। मुरूमसिल्ली बांध शत- प्रतिशत भर गया है। यहां से 7 हजार 465 क्यूसेक पानी ▶▶|शेष पेज 7 पर

नगरी से संपर्क टूटा

भारी बारिश के चलते नगरी रोड में बांसपारा-कुकरेल के पास नाला रोड से करीब 3 फीट उपर पानी बह रहा है। इससे नगरी का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। वहीं नारी शराब दुकान में चार लोग फंसे हुए हैं। वे शराब दुकान ▶▶|शेष पेज 7 पर

कई मार्ग बंद, जगदलपुर का रायपुर, बीजापुर दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा और सुकमा से संपर्क टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। संभाग के सातों जिलों में नदी-नाले उफान पर हैं। कई मुख्य सड़कों पर पानी भरने से आवागमन बंद हो गया है, जबकि अनेक गांवों का जिला मुख्यालय ▶▶|शेष पेज 7 पर



हवाई और रेल मार्ग बाधित

लगातार बारिश से जगदलपुर से हैदराबाद जाने वाली प्लाइट रद्द की गई है। वहीं किरंदुल से विशाखापटनम रेल मार्ग में भूस्खलन की आशंका के चलते पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द की गई है। कुछ ट्रेन कोरापुट तक चलाए गए हैं।

एक्सपर्ट व्यू

16 जिलों में फ्लैश फ्लड का खतरा, मध्य-दक्षिण में अतिभारी वर्षा के असार



साइंटिस्ट डा. गायत्री वाणी कांचिभोटला

रायपुर। राज्य में बारिश का दौर अभी दो दिन और जारी रहेगा। उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश और उससे लगे क्षेत्र में बना डीप डिप्रेशन कमजोर होकर डिप्रेशन में बदलकर छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे में मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में अधिकांश स्थानों पर बारिश हुई। कुछ स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश दर्ज की गई। बस्तर और कोंडागांव में अत्यधिक भारी बारिश भी रिकॉर्ड हुई है। वर्तमान में डिप्रेशन रायपुर से करीब 80 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व दिशा में स्थित है, जो कमजोर होते हुए उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ेगा। इसके प्रभाव से शनिवार को उत्तर छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में एक-दो स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश की संभावना है। अगले दो दिन तक बारिश की ▶▶|शेष पेज 7 पर

भादो में सावन जैसी मूसलाधार

चौबीस घंटे में जगदलपुर में 316 रायपुर में 207 मिमी बरस गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शनिवार को बिलासपुर और सरगुजा संभाग में भी जमकर बरसने का अनुमान

भादो में लगी सावन की झड़ी ने पिछले तीन दिन से प्रदेश के बड़े हिस्से के जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। सरगुजा और बिलासपुर संभाग में इसका असर भले ही कम है, मगर पूरा बस्तर और रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव के कई जिलों में भारी से अतिभारी बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में जगदलपुर में सर्वाधिक 316 मिमी. रायपुर में 207 मिमी. वर्षा हो चुकी है। शनिवार को बादलों का असर बिलासपुर और सरगुजा संभाग में नजर आएगा।

गहरे अवदाब के रूप में सक्रिय सिस्टम का ▶▶|शेष पेज 7 पर

भारी बारिश के चलते आज रहेगा अवकाश : सीएम साय



प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश और मौसम की मौजूदा स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शनिवार 26 सितंबर को प्रदेश के सभी स्कूलों में अवकाश के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भारी बारिश के कारण कई क्षेत्रों में ▶▶|शेष पेज 7 पर

थम नहीं रही बरसात, पूरा बस्तर चपेट में रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव भी प्रभावित





बालोद-मरकाटोला घाट पर भीषण सड़क हादसा

बिगड़ी धुमाल गाड़ी को बनाने रोकी, ट्रक ने पीछे से ठोका, छह युवकों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नेशनल हाईवे 30 में मरकाटोला घाट में शुक्रवार को दिन में करीब साढ़े 11 बजे भीषण सड़क हादसे में 6 युवकों की मौत हो गई और 7 लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए नजदीक के धमतरी जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत देखते हुए रायपुर रिफर किया गया है। कवर्धा से डीजे धुमाल पार्टी वाले 13 युवक माजदा वाहन क्रमांक सीजी 10 बीयू 7174 में बस्तर की तरफ जा रहे थे कि मरकाटोला घाट के ▶▶|शेष पेज 7 पर

मृतकों की पहचान

मृतकों की पहचान कोमल साहू पिता भगवानी साहू (20 वर्ष)सिलहाटी, पोड़ी के पास थाना बोड़ला जिला कवर्धा, अनीश पात्रे पिता विजय पात्रे (22 वर्ष) ग्राम मानिकपुर, पोड़ी के पास थाना बोड़ला जिला कवर्धा , दीपक कुम्हार पिता स्व. महेश कुम्हार (17 वर्ष), ग्राम वार्ड नंबर 17 कुम्हार पारा मुंगेली, राजा सावरा पिता इंदल सावरा (27 वर्ष) मकान नंबर 02 ▶▶|शेष पेज 7 पर



शवों को निकालने मशक्कत

मृतकों के दबे शव को काफी मशक्कत के बाद निकाला जा सका। घटना में मौके पर 02 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा 11 व्यक्ति घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल धमतरी भेजा गया। उपचार के दौरान घायलों में से 4 लोगों की अस्पताल में मृत्यु हो गई। 07 घायलों का उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

अगले बरस तू जल्दी आ

जयकारों के बीच हुई बप्पा की विदाई

नई दिल्ली। देशभर में 10 दिवसीय गणेशोत्वस के बाद अनंत चतुर्दशी पर गणपति की मूर्तियों का विसर्जन शुरू हुआ। हर छोटे-बड़े शहर से लेकर गांव-कस्बे और हर गली-घर में 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों और ढोल-ताशे की थाप के बीच भक्तगण गणपति प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक ले जाते दिखे। हर शहर में विसर्जन जुलूस निकले और भक्तों ने त्योहार के आखिरी दिन भगवान गणेश को भावुक विदाई दी। सार्वजनिक गणेश पंडालों में बड़ी संख्या में भक्तों की मौजूदगी में पारंपरिक पूजा और आरती हुई।


हैदराबाद


भोपाल

देशभर में गूंजा 'गणपति बप्पा मोरया' का जयघोष


पटना


मुंबई


गुवाहाटी

'अम यिसराइल चाई' यानि 'इजराइल की जनता जिंदा है' के नारे लगे

यूएन में 75 देशों ने किया बायकॉट नेतन्याहू बोले- कायर बाहर चले जाएं

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण देने जैसे ही मंच पर आए तो 75 देशों के प्रतिनिधियों ने हूटिंग करके उनका विरोध किया, और फिर बाहर चले गए। इस घटनाक्रम के बाद नेतन्याहू करीब 3 मिनट तक चुपचाप खड़े रहे। फिर उन्होंने भाषण शुरू करने से पहले मैं कहना चाहता हूं कि अगर यहां कोई और कायर है तो बाहर चला जाए। हालांकि, इस दौरान गैलरी नेतन्याहू के समर्थकों से भरी हुई थी। उन्होंने तालियां बजाकर नेतन्याहू का स्वागत किया और 'अम यिसराइल चाई' यानि 'इजराइल की जनता जिंदा है' के नारे लगाए। नेतन्याहू ने अपने भाषण में गाजा, ईरान, लेबनान पर इजराइली कार्रवाई का जिक्र किया। ट्रम्प की तारीफ, न्यूयॉर्क मेयर ममदानी और यूरोप के नेताओं की आलोचना की।



गाजा- इजराइली सेना के हमले का बचाव

नेतन्याहू ने 7 अक्टूबर 2023 के हमले का जिक्र करते हुए इजराइल की सैन्य कार्रवाई का बचाव किया। उन्होंने कहा कि हमास के आतंकियों ने जिस तरह इजराइलियों को मारा, वह बेहद भयावह था। ऐसी भयावहता की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नेतन्याहू ने आगे कहा, दुश्मनों को लगा था कि इजराइल टूट जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हम उठे और शेरों की तरह लड़े।

गाजा में नरसंहार के आरोप किए खारिज

इजराइली पीएम ने गाजा में इजराइल पर नरसंहार करने के आरोप को खारिज किया। उन्होंने इसे 21वीं सदी का सबसे बड़ा झूठ बताया। नेतन्याहू ने कहा, "इजराइल ने नरसंहार नहीं किया। इजराइल ने नरसंहार को रोका।

न्यूयॉर्क के मेयर हमास समर्थक

इसके बाद नेतन्याहू ने न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी पर निशाना साधा। नेतन्याहू ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी यहूदी आबादी वाले इस शहर में यहूदी अब खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करते। उन्होंने ममदानी को हमास का समर्थक बताया। उन्होंने ममदानी की पत्नी की भी आलोचना की और कहा कि वे सोशल मीडिया पर इजराइल विरोधी पोस्ट को पसंद करती हैं। उन्होंने कहा वह दौर खत्म हो गया जब यहूदी बिना किसी बचाव के पीड़ित बनकर मारे जाते थे।

ट्रम्प ने इजराइल की सभ्यता बचाने में मदद की

नेतन्याहू ने ट्रम्प की तारीफ की और इजराइल का साथ देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने सभ्यता को बचाने के लिए काम किया। नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका की मदद से हुए समझौते के बाद गाजा में बचे बंधकों को वापस लाया गया। नेतन्याहू ने अपना भाषण 'हमारे पास कोई और विकल्प नहीं है' कहते हुए खत्म किया।

ईरान की सीट पर सुलेमानी की तस्वीर : इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण के दौरान ईरान का प्रतिनिधिमंडल मौजूद नहीं था। हालांकि, ईरान की सीट पर ईरान की कुद्स फोर्स के पूर्व कमांडर कासिम सुलेमानी की तस्वीर रखी थी।

लेबनान- हिजबुल्लाह को पेजर अटैक की याद दिलाई

नेतन्याहू ने हिजबुल्लाह के खिलाफ की गई उस कार्रवाई का भी जिक्र किया, जिसमें संगठन के सदस्यों के पास मौजूद पेजर में धमाके हुए थे। उन्होंने कहा, क्या आपको पेजर याद हैं? हिजबुल्लाह को तो जरूर याद होंगे। ज्ञात हो कि 17 सितंबर 2024 को लेबनान और सीरिया में हजारों पेजर एक साथ फटे थे, जिससे 3,000 से अधिक लोग घायल हुए और कई लोगों की मौत हो गई थी।

7 मोर्चों पर लड़ रहा इजरायल- नेतन्याहू

नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल गाजा, वेस्ट बैंक, सीरिया, लेबनान, ईरान, हौथी विद्रोहियों और इराक में मिलिशिया सहित 7 मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा है। उन्होंने अपने बड़े भाई योनातन नेतन्याहू के शब्दों को दोहराया, जिनकी 1976 में युगांडा में ऑपरेशन एंटेबे के दौरान निधन हो गया था, हम जीतेंगे। हमारे पास कोई और विकल्प नहीं है।



पीटीआई का मार्च कल डरी पाक सरकार ने लगाए 2,000 से ज्यादा कंटेनर

बुलडोजर -क्रेन लेकर पहुंचेंगे कार्यकर्ता



एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान करीब 3 साल से जेल में बंद हैं। उनकी रिहाई के लिए उनकी पार्टी पीटीआई ने 27 सितंबर को देशभर में मार्च का ऐलान किया है। इससे पहले इस्लामाबाद में प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। हाईवे बंद किए जा रहे हैं। करीब 2 हजार कंटेनर सड़कों पर लगाए गए हैं। पंजाब और सिंध से 20 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी बुलाए गए हैं। सरकार ने रैलियों, जुलूस और सार्वजनिक सभाओं पर 2 महीने के लिए रोक लगा दी है।

पार्टी कार्यकर्ता लेकर आएंगे बुलडोजर व क्रेन : दूसरी तरफ पीटीआई ने भी रास्ते में लगाए जाने वाले कंटेनरों को हटाने की तैयारी शुरू कर दी है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक बुलडोजर और क्रेन जैसे भारी वाहन जुटा रहे हैं इन्हें इस्लामाबाद ले जाने की तैयारी है। हालांकि इस्लामाबाद में धारा 144 लागू कर दी गई है। इसके तहत 5 या उससे ज्यादा लोगों के एक जगह जुटने पर रोक है। रैली, जुलूस और प्रदर्शन भी नहीं हो सकेंगे।

कंटेनरों को वेल्डिंग से जोड़ा गया

शहर के कई हिस्सों में कंटेनरों को वेल्डिंग करके जोड़ा गया है। कुछ कंटेनरों के बाहर लोहे के कीले भी लगाए गए हैं। पुलिस के मुताबिक इस्लामाबाद-पेशावर मोटरवे, इस्लामाबाद-डेरा इस्माइल खान मोटरवे और ग्रैंड ट्रंक रोड को कई जगह बंद किया जाएगा। रावलपिंडी और अटक के कुछ इलाकों में 27 सितंबर को मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं बंद करने की मांग भी की गई है।

सरकार बोली- किसी भी सूरत में मार्च नहीं होने देंगे

गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने पीटीआई नेताओं से मार्च पर दोबारा विचार करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि सरकार इस्लामाबाद की ओर होने वाले मार्च को हर संभव तरीके से रोकेगी। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान किसी की जान जाने पर आयोजकों को जिम्मेदार ठहराने की चेतावनी भी दी है। हालांकि पीटीआई ने अपना कार्यक्रम रद्द नहीं किया है। पार्टी का कहना है कि इमरान खान की रिहाई के लिए मार्च किया जाएगा।

पार्टी के नाम पर वसूली करने वाला टीएमसी नेता गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के एक अहम नेता अजित माइती को उनके खड़गपुर स्थित घर से गिरफ्तार किया गया। उन पर पार्टी में पद दिलाने के बदले पैसे लेने का आरोप है। माइती अभी मिदनापुर जिला परिषद के उपाध्यक्ष हैं। उनका कहना है कि ये आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। हालांकि, उन्हें पुलिस और प्रशासन पर भरोसा है कि सच्चाई सामने आएगी।



माइती की गिरफ्तारी कोई अकेला मामला नहीं है। मई 2026 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से बनर्जी के कई वफादार नेताओं पर ऐसे ही आरोप लगे हैं। समर्थकों का कहना है कि इन गिरफ्तारियों का मुख्य निशाना वे लोग हैं जो बनर्जी के साथ डटे हुए हैं, जबकि पार्टी छोड़कर जाने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होती दिख रही। ममता बनर्जी के वफादारों ने कहा है कि ये गिरफ्तारियां राजनीतिक बदले की भावना से की जा रही हैं, जिससे पश्चिम बंगाल में निष्पक्षता और राजनीतिक दबाव को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

खबर संक्षेप

हिमाचल के थाने में धमाका दो और आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में नालागढ़ पुलिस थाना परिसर में हुए आईईडी धमाके के सिलसिले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। यह विस्फोट इस साल एक जनवरी को पुलिस थाने के भीतर जांच अधिकारी के कमरे से सटी बाहरी दीवार के पास हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में छह आरोपियों - महावीर कुमार उर्फ काका, अजय मेहरा, मनप्रीत सिंह उर्फ मणि, अर्शदीप सिंह कंडोला उर्फ अर्श कंडोला, करणप्रीत सिंह और दिलजोत सिंह सैनी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं दो और लोगों - हरमन हैरी और जशन सैनी को आज गिरफ्तार किया गया।

बांग्लादेशी महिलाओं से मिले फर्जी आधारकार्ड

गुवाहाटी। एक ट्रेन से पश्चिम बंगाल जा रही दो बांग्लादेशी महिलाओं को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाने पर हिरासत में ले लिया गया। गुवाहाटी के पुलिस उपायुक्त (सीमा) कुलेंद्र नाथ डेका ने यहां पत्रकारों को बताया कि इन महिलाओं को सरायघाट एक्सप्रेस से पकड़ा गया, उनपर आरोप है कि वे बिना वैध दस्तावेजों के भारत में दाखिल हुई थीं। उन्होंने कहा, ''उनके पास से पश्चिम बंगाल के पते वाले दो फर्जी आधार कार्ड जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार, आरंभिक जांच से पता चला कि दोनों ने ढाका से सिलहट तक यात्रा की, मेघालय में दाखिल हुए और फिर कार से गुवाहाटी पहुंचे। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

चौकियां छोड़ भागे पाक सैनिक

अफगानिस्तान सीमा में मारे गए कई तालिबानी लड़ाके

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद



पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच गुलिस्तान इलाके में भीषण जंग छिड़ी हुई है। गुलिस्तान बॉर्डर पर पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच भयानक गोलीबारी में कई तालिबानी लड़ाकों के मारे जाने की खबर है। पाकिस्तान का दावा है कि उसकी सेना ने गुलिस्तान के सीमावर्ती इलाके में अफगान तालिबान के हमले की कोशिश को नाकाम कर दिया और इस दौरान तालिबान के कई लड़ाके मारे गए। वहीं अफगानिस्तान के टोलो न्यूज ने दावा किया है कि पाकिस्तानी सेना ने कंधार के रेगिस्तान, शोराबाक और स्पिन बोल्डक जिलों में लाइन के पास अपनी कई चौकियां छोड़ दी हैं और वे उस इलाके से हट रहे हैं। इस बीच अफगानिस्तान के टोलो न्यूज ने दावा किया है कि स्पिन बोल्डक के सरो सानो इलाके में डूरंड लाइन के पास अफगान सेना और पाकिस्तान की सैन्य सरकार की सेना के बीच झड़पें भी हुईं। सूत्र के अनुसार, इन झड़पों में चार पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और उनकी एक चौकी नष्ट हो गई।

गुलिस्तान बॉर्डर पर कई मारे गए

सरकारी समाचार एजेंसी ने सुरक्षा सूत्रों के हवाले से दावा किया कि अफगानी तालिबान लड़ाकों ने गुरुवार को बलूचिस्तान के गुलिस्तान सेक्टर में पाकिस्तानी इलाके में घुसने और आक्रामक कार्रवाई करने की कोशिश की। पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें कई अफ़ग़ानी तालिबान लड़ाके मारे गए।

आठ ड्रोन मार गिराने का दावा

पाकिस्तान ने कहा कि उसकी सेना ने आठ ड्रोन मार गिराए हैं। चार तोरखम बॉर्डर के पास और चार खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कोहाट के पास। वहीं अफ़ग़ान ने ड्रोन हमलों में शामिल होने से इनकार किया और पाकिस्तान के हमलों की कड़ी निंदा की।

कर्नाटक में पकड़े गए दो संदिग्ध आतंकी

नई दिल्ली। कर्नाटक के चिक्कबल्लारपुर और हासन से पुलिस ने दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए संदिग्धों की पहचान चिक्कबल्लारपुर के बापूजीनगर निवासी शब्बीर और हासन निवासी सिकंदर शेख के रूप में हुई है। आरोप है कि दोनों ने टेलीग्राम पर एक ग्रुप बनाया था, जिसका इस्तेमाल अशांति फैलाने और आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने के लिए किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि अमीर लोगों को अगवा करने और आतंकवाद के लिए फंड जुटाने की योजना बनाई गई थी। यह भी कहा जा रहा है कि ग्रुप में हर दिन हमलों की योजना बनाई जा रही थी। वहीं अब पुलिस ने शब्बीर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और सिकंदर शेख से किसी अज्ञात जगह पर पूछताछ की जा रही है।

बृजभूषण की बढ़ीं मुश्किलें, बरी करने के खिलाफ कोर्ट पहुंचीं महिला पहलवान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा के पूर्व सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बृजभूषण पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाली 4 महिला पहलवानों ने शुक्रवार को उनको बरी किए जाने के खिलाफ दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में अपील दाखिल की है। याचिका सुनवाई के लिए शनिवार को सुबह 10 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह के समक्ष सूचीबद्ध है। मामले में कुल 1,133 दिनों में 127 सुनवाई हुईं थी और 32 गवाहों के बयान दर्ज किए गए थे। हालांकि, इस बीच बृजभूषण को 20 जुलाई, 2023 को जमानत मिल गई थी और वे नियमित जमानत पर रहे। दिल्ली पुलिस ने आरोपपत्र दाखिल किया था, जिसके बाद कोर्ट ने 10 मई 2024 को आरोप तय किए थे।



53 दिन पहले आया फैसला : महिला पहलवानों ने निचली अदालत के फैसले को 53 दिन बाद चुनौती दी है। कोर्ट ने बृजभूषण और सह-आरोपी विनोद तोमर को बरी कर दिया था। यह मामला 2023 में सामने आया था, जब 6 महिला पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल थीं। पहलवानों ने एफआईआर दर्ज न होने पर दिल्ली के जंतर-मंतर पर कई दिन प्रदर्शन किया और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अप्रैल 2023 में एफआईआर हुई थी।

पहलवानों ने अपनी याचिका में यह कहा

महिला पहलवानों ने अपनी याचिका में कोर्ट के पहले के फैसले पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि निचली कोर्ट के आदेश में आदर्श पीड़ित मानक को लागू किया गया था। उन्होंने तर्क दिया गया कि निर्णय अनुचित रूप से इस रूढ़िवादी सोच पर आधारित था कि एक पीड़ित को कैसे व्यवहार करना चाहिए। आदेश निष्पक्ष, साक्ष्य-आधारित मूल्यांकन पर आधारित नहीं था। दावा किया गया कि आदेश रिकॉर्ड में मौजूद सबूतों के गलत और चुनिंदा मूल्यांकन पर आधारित था।

पुलिस अधीक्षक ने 18 साल तक पढ़ाई उठाया जिम्मा, जवानों ने दिया एक-एक दिन का वेतन

कातिल पिता की बेटियों के लिए आगे आए 5000 पुलिस जवान

एजेंसी ▶▶| जमगढ़

आजमगढ़ में पत्नी-बेटे और दो पंडितों की गोली मारकर हत्या करने वाले शख्स को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है। अब उसकी अनाथ बेटियों का भविष्य अंधकारमय न हो इसके लिए आजमगढ़ पुलिस खुद सहारा बनकर सामने आई है। आजमगढ़ के एसपी डॉ. अनिल कुमार ने दोनों बेटियों को गोद लेकर 18 वर्ष की उम्र तक पढ़ाने का फैसला लिया है। वहीं, जिले के 5000 हजार कर्मियों के एक दिन की सैलरी का एफडी कराने का भी फैसला किया गया है। एसपी डॉ. अनिल कुमार के इस कदम की पूरे जिले में जमकर तारीफ हो रही है। लोगों का कहना है कि पुलिस का काम सिर्फ अपराधियों को सजा दिलाना ही नहीं, बल्कि समाज के बेसहारा लोगों की रक्षा और मदद करना भी है, जिसे आजमगढ़ पुलिस ने बखूबी साबित कर दिया है।



मृतक पुजारी के परिवार को भी आर्थिक सहायता

इस मानवीय पहल के साथ-साथ, प्रशासन ने घटना से जुड़े दूसरे पक्ष को भी राहत दी है। प्रशासन की ओर से मृतक पुजारी के परिवार को भी आर्थिक मदद के रूप में हर माह लगभग 8000 रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि उनके परिवार का भरण-पोषण हो सके।

एसपी ने दिया एक माह का वेतन

परिवार में बची दो बेसहारा बेटियां के लिए पुलिस ने बड़ा कदम उठाया. मामले का संज्ञान लेते हुए एसपी डॉ. अनिल कुमार ने आरोपी की बेटियों को गोद लेने का फैसला किया है। उन्होंने बच्चियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए अपनी एक महीने की पूरी सैलरी दान कर दी वहीं पुलिसकर्मियों ने भी अपनी एक-एक दिन की तनख्वाह इन बच्चियों की मदद के लिए दी है।

पढ़ाई के लिए हर महीने 5000 रुपये

पुलिसकर्मियों द्वारा इकट्ठा की गई यह पूरी धनराशि बच्चियों के सुरक्षित भविष्य के लिए उनके नाम पर फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) के रूप में बैंक में जमा कराई जाएगी। इस एफडी का मालिकाना हक बच्चियों की देखभाल कर रहीं उनकी दादी मां के पास होगा। इसके अतिरिक्त, बच्चियों की 18 वर्ष की आयु तक शिक्षा बाधित न हो, इसके लिए जिला प्रशासन की तरफ से हर माह ढाई-ढाई हजार रुपये (कुल 5000 रुपये) की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

सोशल मीडिया पर बाल यौन शोषण सामग्री रोकने क्या किया?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया पर बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए उठाए गए कदमों पर केंद्र सरकार द्वारा जवाब न दिए जाने पर गहरी चिंता जताई है। अदालत ने इस मामले में सरकार को अपनी रिपोर्ट पेश करने का अंतिम अवसर दिया है। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा कानून और न्याय मंत्रालय को अपनी-अपनी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने साफ किया कि दोनों मंत्रालय यह बताएं कि शीर्ष अदालत के सितंबर 2024 के फैसले को लागू करने और ऑनलाइन आपत्तिजनक सामग्री को रोकने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं।



पीठ जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की ओर से ऐसी सामग्री की सूचना कानून प्रवर्तन एजेंसियों को अनिवार्य रूप से देने के निर्देशों को सख्ती से लागू करने की मांग की गई है।

रायपुर, शनिवार 26 सितंबर 2026 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष पूर्णिमा | वर्ष : 25, अंक : 67 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

वन अमले को दिया जा रहा प्रशिक्षण



वन्यजीवों की सुरक्षा और अवैध शिकार पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग ने एंटी-स्नेयर वॉक को और प्रभावी बनाने की तैयारी की है। जंगल में शिकारी द्वारा लगाए गए क्लच वायर और लोहे के फंदों को खोजने के लिए अब प्रशिक्षित खोजी कुत्तों की मदद ली जाएगी। घने जंगल, झाड़ियों और पत्तियों के बीच इंसानी नजरों से छिपे फंदों को प्रशिक्षित डॉग स्क्वाड अपनी सूंघने की क्षमता से तलाशेगा। इंद्रावती टाइगर रिजर्व में चलाए जाने वाले एंटी-स्नेयर अभियान के दौरान प्रशिक्षित डॉग (जेनी) को जंगल में उतारकर संदिग्ध क्षेत्रों की सघन तलाशी ली जाएगी।

पुलिस की तरह फारेस्ट में भी डॉग स्क्वॉड, शिकारी फंदों को ढूंढेगा

महेन्द्र विश्वकर्मा ⏭ जगदलपुर

वन विभाग के अनुसार शिकारी अक्सर वन्यजीवों को फंसाने के लिए क्लच वायर या लोहे के तारों से बने फंदे झाड़ियों और पत्तियों के बीच छिपाकर लगाते हैं। ऐसे फंदों को सामान्य तलाशी के दौरान देख पाना मुश्किल होता है। ⏭शेष पेज 7 पर

अलग खबर



बाघ से लेकर शाकाहारी वन्यजीवों तक खतरा

शिकारियों द्वारा लगाए गए फंदे बाघ, तेंदुआ समेत अन्य वन्यजीवों के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। एक बार फंदे में फंसने के बाद वन्यजीव के घायल होने या उसकी मौत की आशंका रहती है। ऐसे में एंटी-स्नेयर वॉक के जरिए जंगल में पहले से मौजूद फंदों को खोजकर हटाना वन्यजीव सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

- भारतीय जोड़ी ने एयर पिस्टल में जीता गोल्ड मेडल
- गुलवीर सिंह को 10 हजार मीटर रेस में सिल्वर मेडल
- भारत के पदकों की संख्या 20 के पार
- एथलेटिक्स में मनप्रीत कौर ने जीता ब्रॉन्ज
- टेबल टेनिस के मिक्स्ड डबल्स में भारतीय जोड़ी ने जीता कांस्य

सुरुचि और कमलजीत ने लगाया सोने पर निशाना, भारत ने छठे दिन जीते 6 पदक

एजेंसी ⏭ नागोया

एशियन गेम्स के छठे दिन भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। भारतीय टीम ने छठे दिन कुल 6 पदक जीते। इसमें 1 स्वर्ण, 2 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत के पदकों की संख्या अब 23 हो चुकी है। छठे दिन 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्सड टीम इवेंट में सुरुचि सिंह और कमलजीत ने गोल्ड पर निशाना लगाया। ⏭शेष पेज 7 पर

एशियन गेम्स





inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky | airtel
चैनल नं. 1155 | चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

वोटबैंक के लिए न करें काम : पीएम मोदी

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने शुक्रवार को वाराणसी से वडनगर जा रहे सेवा यात्रियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की। उन्होंने कहा कि हम गांधी जी के जीवन की ओर देखते हैं, तो वे अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ने और आजादी का आंदोलन चलाने के साथ-साथ एक बड़े सामाजिक सुधारक भी थे। समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ उन्होंने हमेशा काम किया।



इटली में स्कूलों में बुर्का-नकाब पर बैन

रोम। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने स्कूलों के लिए नए नियमों को मंजूरी दी है। इसके तहत स्कूलों में बुर्का और नकाब जैसे पूरे चेहरे को ढकने वाले कपड़ों पर रोक लगा दी गई है। नियम तोड़ने पर 1000 यूरो यानी करीब 1 लाख रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके साथ ही कुछ विदेशी छात्रों की संख्या एक क्लास में 30% तक सीमित की गई है। हालांकि, हिजाब यानी सिर और बाल ढकने वाले स्कार्फ पर यह रोक लागू नहीं होगी। अगर चेहरा ढकने वाला छात्र नाबालिग है तो जुर्माना उसके माता-पिता पर लगाया जा सकता है।

जम्मू कश्मीर : पूर्ण राज्य का प्रस्ताव पेश

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा जल्द बहाल करने की मांग वाला प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव में 2000 में तत्कालीन विधानसभा से पारित स्वायत्तता प्रस्ताव का भी जिक्र किया गया, जिस पर बीजेपी विधायकों ने आपत्ति जताई और सवाल उठाया कि स्वायत्तता का मुद्दा सदन में क्यों लाया गया।



भंडारी बने सीबीएसई के नए चेयरपर्सन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मंदीप के भंडारी को सीबीएसई का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया है। 2001 बैच के आईएएस भंडारी फिलहाल जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल के प्रधान सचिव हैं। इससे पहले वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम के पास सीबीएसई चेयरपर्सन का अतिरिक्त प्रभार था। उनके अलावा कई वरिष्ठ अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने भंडारी की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

चुनाव आयोग में मनमानी का आरोप, इस्तीफे की मांग, हिरासत में गोगोई, पुलिस ने किया वॉटर कैनन का इस्तेमाल

ज्ञानेश के खिलाफ कांग्रेस का देशभर में हल्ला बोल

चुनाव आयोग में 'मनमानी' के खुलासे बाद देशभर में घमासान मच गया है। शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों ने देशभर में जोरदार प्रदर्शन किया और ज्ञानेश के इस्तीफे और उनकी बर्खास्तगी की मांग की। राजधानी दिल्ली सहित कई राज्यों में कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे अनेक राज्यों में उग्र प्रदर्शन हुए। गुवाहटी में गौरव गोगई हिरासत में लिए गए। मणिपुर में आंसू गैस के गोले तो पटना-चंडीगढ़ में वाटर कैनन चलाने पड़े।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग के कामकाज के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कई राज्यों में प्रदर्शन किया। । कांग्रेस के इस प्रदर्शन की तस्वीरें नई दिल्ली, गुवाहाटी, चंडीगढ़, मणिपुर, लखनऊ, देहरादून, श्रीनगर, कोलकाता, बेंगलुरू जैसे कई शहरों से सामने आई हैं। चंडीगढ़ और पटना में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को पानी की बौछारें करनी पड़ीं। दूसरी ओर गुवाहाटी में विरोध प्रदर्शन कर रहे असम कांग्रेस प्रमुख गौरव गोगोई और कई पार्टी नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लियावहीं लखनऊ में भी कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए और एकजुट होकर विरोध जताया। दिल्ली में आज यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन यूथ कांग्रेस के हेड क्वार्टर से शुरू हुआ और धीरे धीरे आगे बढ़ता गया। दिल्ली में आल इंडिया स्टुडेंट एसोसिएशन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा की अगुवाई में जंतर मंतर में प्रदर्शन किया।

एनडीए में भी उठी आवाज!

चुनाव आयोग के भीतर कथित मतभेद और वोटर लिस्ट के एसआईआर से जुड़े खुलासे के बीच अब एनडीए के 3 सहयोगी दलों ने भी चुनाव आयोग से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा और तेलुगु देशम पार्टी के लोकसभा फ्लोर लीडर लावु श्रीकृष्ण देवरायालु ने चुनाव आयोग से जुड़ी आशंकाओं पर स्पष्ट जवाब मांगा है।



मणिपुर में छोड़े गए आंसू गैस के गोले

देहरादून में शैलजा कुमारी ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जहां कांग्रेस ने देशव्यापी अभियान के तहत विरोध मार्च निकाला। मणिपुर के इंफाल में स्थिति सबसे ज्यादा तनावपूर्ण रही। यहां चुनाव आयोग के मुख्य कार्यालय के सामने प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने दफ्तर के अंदर घुसने की कोशिश की। इसे रोकने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता लगातार 'वोट चोर, गद्दी चोर' के नारे लगाते हुए दिखे और अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर करते रहे।

ज्ञानेश को मिले पद्म भूषण समर्थन में उतरी भाजपा

पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुमिक भट्टाचार्य ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार की तारीफ करते हुए उन्हें कम से कम पद्म भूषण दिए जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों ने लंबे समय बाद ऐसा चुनाव देखा, जिसमें लोगों को बिना डर के मतदान करने का मौका मिला।

ज्ञानेश के फैसलों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार द्वारा कथित तौर पर दो चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लिए गए फैसलों, जारी दिशा-निर्देशों और सॉफ्टवेयर में किए गए बदलावों को चुनौती दी गई है। अधिवक्ता चांद कुरैशी के माध्यम से अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा दायर याचिका में अनुरोध किया गया है कि ज्ञानेश कुमार द्वारा कथित तौर पर दोनों चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लिए गए फैसलों, जारी दिशा-निर्देशों और सॉफ्टवेयर में किये गये बदलावों को असंवैधानिक और अमान्य घोषित किया जाए। महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट के एसआईआर के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में दो याचिकाएं दायर की गई हैं।

जम्मू में फूंका पुतला

जम्मू में आज कांग्रेस पार्टी ने निर्वाचन भवन के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता बड़ी संख्या में वहां पहुंचे और देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों के साथ धक्का-मुक्की भी हुई और गुस्साए कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार का पुतला भी फूंका।

गणेश विसर्जन के दौरान उपद्रव

प्रशिक्षु डीएसपी पर हुआ हमला, कार में तोड़फोड़



साइड देने को लेकर विवाद, 6 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में गणेश विसर्जन के दौरान भीड़ द्वारा प्रशिक्षु डीएसपी पर हमला किया गया। प्रशिक्षु डीएसपी दरिमा थाना प्रभारी ड्यूटी से वापस लौट रहे थे। इस दौरान साइड देने को लेकर हुए विवाद में लोगों ने प्रशिक्षु डीएसपी पर हमला कर दिया। उनके साथ मारपीट करने के साथ ही वाहन में तोड़फोड़ की गई। इस घटना एक बाद हड़कंप मच गयं सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर फिलहाल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है इसके साथ ही अन्य ⏭शेष पेज 7 पर

ये आरोपी हुए गिरफ्तार

मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करनेज तोड़फोड़ के मारपीट के मामले में छह लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने जगदीशपुर नरवापारा निवासी अनिल राजवाड़े आ. बोधन राजवाड़े, उम्र 42 वर्ष, मझियान पारा निवासी धनेश्वर राजवाड़े उर्फ धन्नू आ. रामधारी राजवाड़े 22 वर्ष, रामदेव राजवाड़े उर्फ चुटुल आ. रामधारी राजवाड़े 19 वर्ष, भिठियापारा निवासी शिवशंकर राजवाड़े उर्फ शिव ⏭ शेष पेज 7 पर

चल रही है कार्रवाई

मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में अब तक छह आरोपियों को पकड़ा गया है। गणेश विसर्जन के दौरान घटना हुई। अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-राजेश अग्रवाल, एसएसपी सरगुजा

नाबालिग से जुड़े केस की जांच से फूटा बड़ा मामला

मानव तस्करी का बड़ा नेटवर्क टूटा, 10 जगह छापे, डेढ़ करोड़ कैश मिले, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मानव तस्करी के एक बड़े और संगठित नेटवर्क का खुलासा करते हुए जिला पुलिस ने मानव तस्करों के 10 ठिकानों में छापामार कार्रवाई करते हुए तकरीबन डेढ़ करोड़ रुपए जब्त किए और 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि यह सिंडिकेट छत्तीसगढ़ और पड़ोसी ओडिशा समेत अन्य राज्यों में सक्रिय नेटवर्क से जुड़े 10 ठिकानों पर एक साथ दबिश देकर करीब 1 करोड़ 48 लाख 54 हजार 750 रुपये नगद बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, मामले की शुरुआत एक नाबालिग से जुड़े प्रकरण की जांच से हुई। 21 सितंबर को अस्पताल से मिले मेमो के आधार पर जांच शुरू की गई, जिसमें नाबालिग के शारीरिक शोषण और गर्भवती होने की जानकारी सामने आई। प्रारंभिक जांच में पुलिस ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर



मामले में पांच मुख्य आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने इस मामले में मुकेश चंद्राकर, लता सबर, नंदू मोहंती, पीयूष अग्रवाल और मनीष गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मुकेश चंद्राकर को इस पूरे नेटवर्क का मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। जांच में यह भी सामने आया कि मजदूरों को एडवांस रकम देकर दूसरे राज्यों में भेजा जाता था। पुलिस ने आरोप लगाया है कि मजदूरों से कठिन परिस्थितियों में काम कराया जाता था और उनकी आवाजाही पर भी नियंत्रण रखा जाता था। पुलिस अधीक्षक प्रभात सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि गिरोह पर मानव तस्करी, नाबालिगों की तस्करी, बाल मजदूरी और महिलाओं एवं नाबालिग बालिकाओं के शोषण से जुड़े आरोपों की जांच की जा रही है।

मोबाइल, बैंक दस्तावेज और रजिस्टर जब्त

पुलिस ने छापेमारी के दौरान मजदूर पलायन से संबंधित रजिस्टर और डायरी, मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड, मॉर्गेज से जुड़े दस्तावेज और नोट गिनने की मशीन समेत कई महत्वपूर्ण सामग्री जब्त की है। पुलिस इन दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच कर रही है।

जांच में जुटी पुलिस

युवक ने घुनघुट्टा बांध में लगाई छलांग, 15 घंटे बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर से लगे घुनघुट्टा बांध में डूबने से युवक की मौत का मामला सामने आया है। गुरुवार को युवक बांध पहुंचा था, जहां प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक ने पानी में छलांग लगा दी। रात होने के कारण तलाश नहीं हो सकी। शुक्रवार सुबह एसडीआरएफ की टीम ने करीब 15 घंटे बाद दोपहर एक बजे युवक का शव बरामद किया। मृतक की पहचान मणिपुर थाना क्षेत्र निवासी रितिक साहू के रूप में हुई है।मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मणिपुर क्षेत्र निवासी रितिक साहू आ. स्व. संतोष साहू (19 वर्ष) ⏭शेष पेज 7 पर



सीएम साय ने स्कूली बच्चों संग गाया 'वंदे मातरम' प्रदेशभर में पांच लाख ने किया सामूहिक गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के रोहिणीपुरम स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन किया। प्रदेश के 1500 स्थानों पर पांच लाख लोगों ने सामूहिक गायन किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सरस्वती शिशु मंदिर के विकास के लिए 50 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, वंदे मातरम' केवल राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि मां भारती की वंदना, राष्ट्रीय चेतना और



देशभक्ति की भावना का सशक्त स्वर है। स्वतंत्रता संग्राम के कठिन दौर में इस गीत ने देशवासियों के भीतर स्वाधीनता की चेतना जगाई और असंख्य क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना ⏭शेष पेज 7 पर

दूरस्थ अंचलों के बच्चों को भी मिल रहे अवसर

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा है। हमारा प्रयास है कि छत्तीसगढ़ के हर बच्चे को, चाहे वह शहर में रहता हो या बस्तर-सरगुजा के किसी सुदूर अंचल में, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अपनी प्रतिभा को निखारने के समान अवसर मिलें। इसके लिए प्रदेशभर में शैक्षणिक सुविधाओं और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध संसाधनों का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली स्थित ⏭ शेष पेज 7 पर

कंपलसरी टेस्ट में पकड़ा गया, 6 सितंबर का है मामला

एअर इंडिया का पायलट ज्यूरिख-दिल्ली उड़ान से ठीक पहले अल्कोहल टेस्ट में फेल, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एअर इंडिया का पायलट ज्यूरिख-दिल्ली उड़ान से ठीक पहले अल्कोहल टेस्ट में फेल पाया गया है। एयरलाइन ने तुरंत एक्शन लेते हुए तत्काल प्रभाव से पायलट को सस्पेंड कर दिया है। ये कार्रवाई ज्यूरिख एयरपोर्ट पर हुए अल्कोहल टेस्ट के बाद की गई। दिल्ली-फुकेट फ्लाइट के पायलट-इन-कमांड के अल्कोहल टेस्ट में पॉजिटिव आया था। ये मामला 6 सितंबर 2026 का है। ज्यूरिख एयरपोर्ट पर अधिकारियों को -पायलट के शराब के नशे में होने का शक हुआ था। इसके बाद 6 सितंबर को पायलट को दिल्ली जाने वाली फ्लाइट उड़ाने से रोक दिया गया। एयर इंडिया के मुताबिक, शुरुआती जांच में उसका अल्कोहल टेस्ट पॉजिटिव आया है, जबकि दूसरे टेस्ट की रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। बता दें इससे पहले भी एयरलाइन के एक अन्य पायलट पर कार्रवाई हुई थी, जो फुकेट से दिल्ली आने वाली फ्लाइट के बाद मारिजुआना टेस्ट में पॉजिटिव पाया गया था।



अल्कोहल टेस्ट आया पॉजिटिव

ज्यूरिख एयरपोर्ट पर को-पायलट के शराब के नशे में होने का शक होने के बाद टेस्ट करवाया गया था। को-पायलट का शुरुआती अल्कोहल टेस्ट पॉजिटिव आया था। इसके बाद को-पायलट को फ्लाइट से हटाने के बाद पैसेंजर के तौर पर भारत वापस भेज दिया गया। एयर इंडिया ने कहा कि, मेडिकल जांच की अंतिम रिपोर्ट आने तक वह सस्पेंड रहेगा।

नियमों का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

एयर इंडिया ने कहा कि, फ्लाइट की सुरक्षा और नियमों का पालन उसके लिए सबसे जरूरी है। नियमों का उल्लंघन साबित होने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ तय प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाएगी। एयरलाइन ने सभी पायलटों और कू सदस्यों से सुरक्षा नियमों और पेशेवर मानकों का पालन करने को कहा है। साथ ही, साइकोएक्टिव सब्सटेंस को लेकर नियमित ट्रेनिंग और टेस्टिंग भी एयरलाइन की सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा है। एयर इंडिया ने सुरक्षा नियमों को और मजबूत करने के लिए साइकोएक्टिव सब्सटेंस की जांच, अतिरिक्त जागरूकता कार्यक्रम और रिपोर्टिंग प्रक्रिया पर ज्यादा ध्यान देना शुरू किया है।



सरायीबदर के पास बाढ़ में फंसी बस, रस्सी बांधकर 40 यात्रियों को सुरक्षित निकाला

मैनपुर/ धमतरी। रायपुर से देवभोग जा रही यात्री बस सरायीबदर के पास बाढ़ के पानी में फंस गई। नाले में करीब 4 फीट पानी था और दोनों ओर पानी का तेज बहाव था। बस में सवार करीब 40 यात्रियों को पुलिस जवानों और ग्रामीणों ने रस्सी बांधकर सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान लगभग दो घंटे तनाव का माहौल रहा। जानकारी के अनुसार रायपुर से देवभोग के लिए महेश बस सर्विस में यात्री शुक्रवार को रवाना हुए थे। बस को गरियाबंद जिले से होकर जाना था। नेशनल हाईवे बंद होने की जानकारी मिलने पर बस चालक ने मोहरा होकर देवभोग पहुंचने की कोशिश की थी। धमतरी जिले के मगरलोड थानातंर्गत सरायीबदर और मुहाझोरी नाले को पार कराने का बस चालक ने प्रयास किया। नाले के ऊपर चार फीट पानी था, जिससे संकट की स्थिति बन गई। ग्रामीणों को जानकारी मिलते ही तत्काल सूचना पुलिस, डायल 112 को दी गई। गरियाबंद एसपी वेदव्रत सिरमौर ने जिले से रेस्क्यू टीम को स्थल पर भेजा। इसके बाद ग्रामीण, पुलिस व रेस्क्यू टीम ने सभी यात्रियों को रस्सी के सहारे एक- एक कर नाले को पार कराकर सुरक्षित निकाला।

- नेशनल हाईवे जाम होने पर शार्टकट से चालक ने निकालने का किया प्रयास

बाढ़ की स्थिति में पुल- पुलिया न पार करें: एसपी

एसपी वेदव्रत सिरमौर व प्रशासन ने लोगों, वाहन चालकों व अन्य से अपील की है कि नदी, पुल, नाले के ऊपर पानी चलने पर उसे पार न करें। पुल से पानी उतरने का इंतजार करें और फिर निकले।

मूसलाधार बारिश से 125 से ज्यादा गांव बने टापू, फंसे 150 लोगों को रेस्क्यू कर बचाया गया, 250 गांव की बिजली गुल

राज्य के कई इलाकों में लगातार हो रही बारिश से नदी- नाले उफान पर है। सैकड़ों गांव टापू में तब्दील हो गए है। 150 से अधिक लोगों को रेस्क्यू कर बचाया गया है। वहीं 250 से अधिक गांव अंधेरे में डूब गए हैं। नेशनल हाईवे में जाम के कारण घंटों जाम लगा रहा। महानदी भी उफान पर होने से निचली बस्तियों में पानी भर गया है। जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/मैनपुर

विकासखण्ड क्षेत्र में तीन दिन से हो रही बारिश का कहर अब दिखने लगा है। सैकड़ों गांवों का संपर्क तहसील, जिला मुख्यालय से कट गया है। ग्रामीण इलाके के गांव टापू मे तब्दील हो गया है। लगातार बारिश के कारण ब्लैक आउट होने से गांवों में अंधेरा छा गया है। 102 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थल तक पहुंचाया गया है। लगातार हो रही बारिश की वजह से क्षेत्र के प्रमुख नदी–नाले उफान पर हैं, जिससे कम से कम 100 गांवों का संपर्क तहसील मुख्यालय से पूरी तरह कट गया है। बारिश और बाढ़ के कारण पूरा वनांचल क्षेत्र अलग–थलग पड़ गया है और आम जनजीवन बुरी तरह अस्त–व्यस्त हो चुका है। क्षेत्र के नदी–नालों में पानी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है कई पुल–पुलियों के ऊपर से पानी बहने के कारण आवागमन पूरी तरह ठप्प हो गया है।

कुलेश्वरनाथ मंदिर का चबतरा डूबा



राजिम। क्षेत्र में पिछले 72 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बारिश के चलते खेत-खलिहान, निचले इलाके और नदी-नालों में पानी भर गया है। चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। इसी बीच जलाशयों से छोड़े जा रहे पानी ने महानदी के जलस्तर को और बढ़ा दिया है। महानदी के ऊफान का सबसे ज्यादा असर त्रिवेणी संगम क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। भगवान कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर चारों तरफ से पानी से घिर गया है। मंदिर का आधे से अधिक हिस्सा पानी में डूबा नजर आ रहा है। सामान्य दिनों में जहां श्रद्धालुओं की आवाजाही और धार्मिक गतिविधियां दिखाई देती हैं, वहीं इस समय वहां चारों ओर पानी की विशाल धार दिखाई दे रही है। प्रशासन और स्थानीय लोगों की नजर अब लगातार नदी के जलस्तर तथा जलाशयों से होने वाली पानी की आवक पर बनी हुई है।

पानी भरने से राशन, कपड़े, बिस्तर और अन्य घरेलू सामान हुए खराब



धमतरी। पिछले तीन दिन से लगातार हो रही बारिश ने शहर के जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। कई वार्डों की गलियां और सड़कें जलमग्न हो गई हैं, जबकि निचली बस्तियों में पानी घरों के अंदर तक पहुंच गया है। सोरिद, जोधापुर, डाकबंगला, रामपुर, बठेना, गोकुलपुर, औद्योगिक वार्ड, सुंदरगंज, लालबगीचा सहित कई क्षेत्रों में जलभराव से लोगों को आवागमन और घरेलू कामकाज में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर नालियों और नालों के उफान पर आने से पानी निकासी की व्यवस्था प्रभावित हुई है। सोरिद, जोधापुर और डाकबंगला वार्ड में जलभराव के कारण कई घरों में पानी घुस गया। सोरिद-बागतराई मार्ग पर भी पानी भरने से आवागमन प्रभावित हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार घरों में पानी भरने से राशन, कपड़े, बिस्तर और अन्य घरेलू सामान खराब हो गए।

लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

बालोद। जिले में लगातार हो रही अनवरत बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त–व्यस्त हो गया है। शहर के कई मोहल्लों और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है, वहीं कई घरों तक बारिश का पानी पहुंचने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सड़कों पर पानी भरने के कारण आवागमन भी प्रभावित हुआ है। लगातार बारिश का सबसे ज्यादा असर स्कूल जाने वाले बच्चों पर देखने को मिला। जलभराव और खराब रास्तों के बीच बच्चों को स्कूल पहुंचने और छुट्टी के बाद वापस घर लौटने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अभिभावकों में भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रही।

निगम के संपदा विभाग में एसीबी का छापा क्लर्क 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की संपदा शाखा में पदस्थ कर्मचारी लक्ष्मीकांत कोका को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। कर्मचारी पर राजकिशोर नगर निवासी एक व्यक्ति से मकान नवीनीकरण से जुड़े काम को कराने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने इसकी पुष्टि की और फिर ट्रैप की कार्रवाई की। गौरतलब है कि इसी कर्मचारी लक्ष्मीकांत कोका के साथ ही संपदा विभाग के दो अन्य कर्मचारियों हरीश शास्त्री और पामेश मिश्रा को नगर निगम आयुक्त ने दो दिन पहले नोटिस जारी किया था। इसमें काम में लापरवाही, फाइल गुमने और रिकार्ड दुरुस्त करने के मामले में जवाब मांगा गया है। निगम से मिली जानकारी के मुताबिक राजकिशोर नगर निवासी अजीत शुक्ला द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरों में शिकायत की गई थी कि उसके द्वारा राजकिशोरनगर स्थित श्रीमती सुमन शुक्ला के मकान को खरीदने के लिए सौदा किया गया था।इस मकान का लीज समाप्त हो चुका है। इसकी रजिस्ट्री से पहले लीज नवीनीकरण जरूरी था इसके लिए विक्रेता की तरफ से जुलाई 2026 में नगर निगम में आवेदन किया गया था। इसी काम को आगे बढ़ाने के बदले संपदा शाखा में पदस्थ कर्मचारी लक्ष्मीकांत कोका ने उससे 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। रिश्वत मांगे जाने से परेशान शिकायतकर्ता ने इसकी जानकारी एसीबी को दी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले की जांच की। शिकायत सही मिलने पर शुक्रवार को टीम ने नगर निगम कार्यालय में ट्रैप की कार्रवाई की। योजना के तहत शिकायतकर्ता को रिश्वत की रकम लेकर कर्मचारी के पास भेजा गया।



तीन घंटे तक विभाग बंद कर पूछताछ

इस बात की भी चर्चा है कि रिश्वत लेने के लिए सामान्य सभा के दिन का समय तय किया जिससे कि सारे अधिकारी और कर्मचारी उसमें व्यस्त रहे हैं और काम आसानी से हो जाए। शुक्रवार की सुबह 12 बजे के करीब जैसे ही संपदा विभाग का कर्मचारी लक्ष्मीकांत कोका आफिस पहुंचा वैसे ही उसे पकड़ने की योजना बना ली गई थी। कर्मचारी को पकड़ने के बाद एसीबी की टीम ने करीब तीन घंटे तक संपदा विभाग को अंदर से बंद कर दिया और पूछताछ की। अधिकारियों के मुताबिक आगे की कानूनन कार्रवाई की जा रही है।

खपरगंज बवाल मामले में आरोपी रामसिंह पन्ना से गिरफ्तार

बिलासपुर। खपरगंज में हुए बवाल के मामले में पुलिस ने अब तक फरार रहे एक पक्ष के मुख्य आरोपी रामसिंह ठाकुर को मध्यप्रदेश के पन्ना जिले से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार रामसिंह को ग्राम माकरी कुठार, थाना बृजपुर, जिला पन्ना में उसके मित्र धीरेन्द्र पटेल के घर से पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद अब रामसिंह ठाकुर को बिलासपुर लाकर मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।



खपरगंज में दो पक्षों में हुए विवाद और पथराव के बाद से एक पक्ष का आरोपी रामसिंह ठाकुर फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश में कई जगहों पर दबिश दे रही थी। पुलिस को उसके मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के बृजपुर थाना क्षेत्र में होने की जानकारी मिली।

इसके बाद पुलिस की टीम ने ग्राम माकरी कुठार में दबिश दी, जहां रामसिंह अपने मित्र धीरेन्द्र पटेल के घर पर मिला। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस की मदद भी ली गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 489/2026 में नियमानुसार वैधानिक प्रक्रिया शुरू की गई है। पूरे घटनाक्रम के बाद पुलिस ने उपद्रव और हिंसा से जुड़े मामलों में 50 से अधिक लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया था।

खपरगंज में हुआ था विवाद

रामसिंह ठाकुर की गिरफ्तारी उस घटनाक्रम से जुड़े अपराध क्रमांक 489/2026 में हुई है, जिसमें सिटी कोतवाली क्षेत्र में दो पक्षों के बीच विवाद के बाद स्थिति बिगड़ गई थी। विवाद बढ़ने के बाद पथराव और तोड़फोड़ की स्थिति बनी थी। मामला सिटी कोतवाली के सामने तक पहुंच गया था और पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज तथा आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा था।



टीचर्स एसोसिएशन के दखल के बाद आदेश में संशोधन

डीईओ ने जिले के आठ मृत शिक्षकों का वेतन रोकने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले का स्कूल शिक्षा विभाग एक बार फिर विवादों व सुर्खियों में आ गया है जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से 24 सितंबर 2026 को एक आदेश जारी किया गया। इसमें व्हीएसके एप में ऑनलाइन उपस्थिति शून्य प्रदर्शित होने वाले जिले के 193 शिक्षक संवर्ग एवं कर्मचारियों का सितंबर 2026 का वेतन आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए गए। आदेश में जारी सूची में ऐसे आठ शिक्षकों के नाम भी शामिल बताए जा रहे हैं, जिनका निधन पहले ही हो चुका है। सूची में बनऊ मेरावी, सोहन श्रीवास्तव, संध्या यादव, नीता साहू, राजश्री चंदेल, श्यामाचरण देवांगन, विमल धुर्वे एवं निर्मला साहू के नाम शामिल हैं। इसके अलावा सेवानिवृत्त, अन्य जिलों में स्थानांतरित हो चुके शिक्षक तथा विभागीय प्रक्रिया के तहत संतान पालन अवकाश, मातृत्व अवकाश और विभागीय बीएड कर रहे शिक्षकों के नाम भी सूची में शामिल होने की बात सामने आई है।



कंटेनर, कार और तस्करों के घर से 22 लाख रुपए की शराब जब्त

महासमुंद। नकली होलोग्राम और छत्तीसगढ़ स्टेट का लेबल लगाकर शराब की तस्करी करने वाले सिंडिकेट पर सरायपाली पुलिस ने कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के दौरान कंटेनर, कार और तस्करों के घर से बड़ी मात्रा में शराब जब्त किया गया है। वहीं पुलिस ने इस दौरान 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सरायपाली पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने हेतु परिवहन करते 05 व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी राजेश पटेल पिता फिरन पटेल (45 वर्ष) निवासी भंवरचुआ चौकी भवरपुर थाना बसना, अजित पटेल पिता मुक्तेश्वर पटेल (29 वर्ष) निवासी कुटेला थाना सरायपाली जिला महासमुंद, अमित पटेल पिता मुक्तेश्वर पटेल (32 वर्ष) निवासी कुटेला थाना सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा 25 पेटी में 1192 पौवा अंग्रेजी शराब गोवा कीमत 143040 रुपए को आरोपी के डस्टर कार क्रमांक सीजी 04 पीएस 3481 में परिवहन करते पाए जाने एवं एवं मेमोरेंडम के आधार पर आरोपी अमित पटेल के कब्जे से 46 बोतल अंग्रेजी शराब विभिन्न ब्रांड कीमत 84,880 रुपए कुल कीमत 6,42,920 रुपए एवं कंटेनर ट्रक क्र एचआर 38 एक्स 3420 में भरा हुआ 345 पेटी पौवा गोवा अंग्रेजी शराब कीमत 1987200 रुपए कुल कीमत 22,15,120 रुपए को जब्त किया गया है।

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुजनता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



लव एंड वॉर से रिलीज हुआ आलिया का ग्लैमरस लुक

मुंबई। संजय लीला भंसाली फिल्म 'लव एंड वॉर' का दूसरा पोस्टर रिलीज हो चुका है। फिल्म के पहले लुक में जहां रणबीर कपूर की झलक सामने आई थी। वहीं, शुक्रवार को फिल्म से आलिया भट्ट का लुक सामने आया है। फिल्म 21 जनवरी 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने आलिया के दो पोस्टर रिलीज कर फैंस का उनके किरदार से परिचय कराया है। पोस्टर में वह अपनी सभी फिल्मों के लुक्स के बेहद अलग दिखाई दे रही हैं। आलिया भट्ट का लुक काफी ग्लैमरस दिखाई दे रहा है। इस पोस्टर में उन्हें कुर्सी पर अदाओं के साथ बैठे हुए दिखाया गया है। वहीं, उनके बैकग्राउंड में पुराने दौर का क्लब दिख रहा है, जहां एक स्टेज के आस पर कई लोग खड़े हुए हैं। पोस्टर को देखते हुए लग रहा है कि उनका किरदार किसी कैबरे डांसर का हो सकता है। इसके पोस्टर के साथ मेकर्स ने कैप्शन में 'आग भी, दिलों की जान भी' लिखा है। इससे पता चल रहा है कि फिल्म में उनका किरदार लोगों के बीच काफी मशहूर है। फिल्म 'लव एंड वॉर' से आलिया भट्ट का दूसरा लुक भी दिखाया गया है। इस पोस्टर में पूरी तरह कैबरे डांसर लुक में नजर आ रही हैं।



लाइफ Style

तापसी

बेवजह फिल्म से किया गया था रिप्लेस

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री तापसी पन्नू अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इसके साथ ही अपने फिल्मी सफर को भी फैंस के साथ शेयर करती हैं। एक बातचीत के दौरान उन्होंने अपनी एक फिल्म के बारे में बातचीत की है, जिससे अकारण ही उन्हें निकाल दिया गया था।

तापसी पन्नू ने बॉलीवुड में बिना किसी मदद के अपनी एक अलग पहचान बनाई है। मगर नयनदीप रक्षित के पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने उस कड़वे अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'मुझे बताया गया है कि फिल्म के हीरो ने मेरी जगह किसी और को कास्ट कर लिया। कारण तो भगवान ही जाने। मैं तरह-तरह के कारण सोचती रहती हूं। मैं असुरक्षा की भावना समझ सकती हूं, मैं सोच सकती हूं कि वह किसी और को लेना चाहते थे, जिससे वह ज्यादा करीब हों। मैं कई कारण सोच सकती हूं, लेकिन मुझे कोई ठोस कारण नहीं बताया गया। मुझे बस इतना कहा गया कि वह मुझे फिल्म में नहीं लेना चाहता थे।' आगे अपनी बातचीत में तापसी ने कहा, ' मुझे कहा गया कि हीरो की पत्नी मुझे पसंद नहीं करती। मुझे नहीं पता कि वो मुझे क्यों पसंद नहीं करती थी। हालांकि, तापसी ने अभिनेता या उनकी पत्नी का नाम नहीं लिया। बीते दिनों अपने एक अलग इंटरव्यू में तापसी ने अपनी निर्माता और निर्देशकों के बारे में भी बात की थी। उन्होंने एक बातचीत में कहा, 'हर कोई अपने कम्फर्ट जोन में जा रहा है और आजमाए हुए तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है। उदाहरण के लिए, ग्लैमरस भूमिकाओं के लिए, उनके पास पांच अभिनेत्रियों का एक समूह होता है जिन्हें वे कास्ट कर सकते हैं, और गंभीर मुद्दों पर आधारित फिल्मों के लिए, उनके पास पांच अभिनेत्रियों का एक और समूह होता है।



डांस मस्ती में विवेक ने लगाया तड़का

मुंबई। कोरियोग्राफर्स बॉस्को मार्टिस और सीजर गोंसाल्वेस इंडस्ट्री में अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाने वाले हैं। इस जश्न में बॉलीवुड के चर्चित अभिनेता विवेक ओबेरॉय शामिल होने वाले हैं। कोरियोग्राफर्स ने इस सेलिब्रेशन का टीजर जारी किया है। इसमें अभिनेता विवेक ओबेरॉय नजर आए हैं। 'डांस मस्ती' के सेलिब्रेशन के टीजर में विवेक ओबेरॉय कहते हैं, 'ऐ गनपत। क्या देख रहा है बिड़ू। बोस्को सीजर का 25वां साल। मैं नहीं आऊंगा तो कौन आएगा। टपोरी लोगों को कोई रीप्रेजेंट करेगा या नहीं? अभी फटाक से ले के आ, गरम-गरम समोसा और कटिंग चाय। क्यों? क्योंकि शो चालू हुआ।'



कोरियोग्राफर्स ने टीजर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा 'कुछ कहानियां दोस्तों से नहीं छुपाई जाती हैं। अपने दोस्त विवेक के साथ हम इसे साझा कर रहे हैं। बॉस्को मार्टिस और सीजर गोंसाल्वेस का 25 साल का सेलिब्रेशन हो और विवेक ओबेरॉय एंट्री ना मारे ऐसा कैसे हो सकता है। विवेक ओबेरॉय और डांस मस्ती का टीजर जारी हो गया है। जल्द ही फुल एपिसोड जारी होगा।' बॉस्को-सीजर बॉलीवुड की एक मशहूर कोरियोग्राफर जोड़ी है। इस जोड़ी ने बॉलीवुड में वेस्टर्न हिप-हॉप और आधुनिक डांस शैलियों को लोकप्रिय बनाया है। इस जोड़ी ने 100 से ज्यादा फिल्मों में लगभग 700 से ज्यादा गानों को कोरियोग्राफ किया है। जोड़ी ने जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, थ्री इडियट्स, वॉर और पठान जैसी फिल्मों के गानों को कोरियोग्राफ किया है।



अमेरिका की सैर पर निकलीं प्रकृति की गोद में दिए पोज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह यहां अपनी जिंदगी से जुड़े कई अच्छे पल साझा करती हैं। हाल ही में वह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को की सैर पर निकली हैं। यहां से उन्होंने कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। तृप्ति डिमरी ने इंस्टाग्राम पर अपनी जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें देखा जा सकता है कि वह प्राकृतिक वातावरण में हैं। उन्होंने जंगल में पेड़ के पास और समुद्र किनारे शानदार पोज दिए हैं। उनकी पोस्ट में प्राकृतिक वातावरण के प्रति उनका प्यार नजर आता है। अभिनेत्री की पोस्ट को कई यूजर्स ने लाइक किया है। वहीं कई यूजर्स इस पोस्ट पर कमेंट भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा 'भारत की सबसे बड़ी अभिनेत्री'। एक दूसरे यूजर ने लिखा 'बहुत अच्छी पोस्ट है। दिल करता है देखता ही रहूं।' एक और यूजर ने लिखा 'आपकी कैप वाली तस्वीर सबसे अच्छी है।' तृप्ति डिमरी के काम की बात करें तो वह जल्द ही प्रभास के साथ फिल्म 'स्पिरिट' में नजर आने वाली हैं। यह रोल पहले अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को मिला था। बताया जाता है कि अभिनेत्री ने 8 घंटे शिफ्ट में काम करने की मांग की थी। इस पर निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के साथ उनकी अनबन हो गई और वह फिल्म से हट गईं।

सिंगापुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होंगे सम्मानित

मुंबई। 37वें सिंगापुर फिल्म फेस्टिवल का आयोजन अक्टूबर में किया जाएगा। यह समारोह 21 अक्टूबर से 1 नवंबर तक चलेगा। फिल्म लगान ने हाल ही में अपने 25 साल पूरे किए थे। इस वजह से 37वें सिंगापुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फिल्म को स्क्रीन आइकॉन अवॉर्ड मिलने जा रहा है। वैरायटी के अनुसार, इस खास मौके पर आमिर खान और फिल्म के निर्देशक आशुतोष गोवारिकर भी फेस्टिवल का हिस्सा रहेंगे। फिल्म का आगाज दक्षिण कोरियाई थ्रिलर फिल्म 'द असासिन्स' से होगा। फिल्म का निर्देशन हुर जिन-हो ने किया है और जिसमें यू हे-जिन, पार्क हे-इल और ली मिन-हो ने अभिनय किया है। इस दौरान हुर और सहायक कलाकार शिम यून-क्यंग और पार्क सुंग-हून उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहेंगे।



शगुन को याद करके रोने लगे अमन



नई दिल्ली। अमन गांधी रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' में अपनी एक्स गर्लफ्रेंड को याद करते नजर आए। इस दौरान वे भावुक हुए और आंखों से आंसू छलक आए। माही विज और अरिश्फा खान समेत कई प्रतिभागियों ने उन्हें संभाला। इस दौरान अमन गांधी ये मनाने लगे कि काश जब वे बाहर जाएं तो उनकी गर्लफ्रेंड ने मूव ऑन न किया हो। चर्चित शो 'बिग बॉस 20' काफी मजेदार चल रहा है। इसमें प्रतिभागियों के बीच काफी लड़ाई-झगड़े देखे जाते हैं तो कुछ के बीच बॉन्डिंग भी अच्छी है। प्रतिभागी अपनी पर्सनल लाइफ पर भी आपस में एक-दूसरे से चर्चा करते नजर आते हैं। इस बीच अमन गांधी ने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड को याद किया। जियो हॉटस्टार के इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किए गए प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमन गांधी अपने आंसू पोंछते नजर आए। इसके बाद माही ने उन्हें संभालते हुए कहा, 'अरे अरे, भाई रो रहा है। अपने प्यार को याद करके रो रहा है।' माही ने आगे कहा- 'रिश्ता लेकर जाना पड़ेगा अब तो बिग बॉस के बाद'।

द ग्रेट इंडियन कपिल शो का 5वां सीजन आज से



नई दिल्ली। 16 सितंबर को नेटफ्लिक्स ने यह ऐलान किया था कि चार सीजन हिट होने के बाद अब मेकर्स 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का 5वां सीजन लेकर आ रहे हैं, जो शनिवार यानी 26 सितंबर से शुरू होने वाला है। ऐसे में अब शो शुरू होने से पहले मेकर्स ने इसका प्रोमो वीडियो भी जारी कर दिया है। इस बार कपिल के शो में दर्शक सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया को देख सकते हैं। वहीं, अजय देवगन भी अपनी टीम के साथ 'दृश्यम 3' को प्रमोट करने आने वाले हैं। दरअसल, प्रोमो के आखिर में देखने को मिला कि कपिल शर्मा फिल्म के डायरेक्टर अभिषेक पाठक से सवाल करते हैं, 'अभिषेक सर, अगर आप पहले पार्ट में काजोल मैम को ले लेते, तो आपको नहीं लगता कि वो पहले ही पार्ट में ही सबकुछ उगलवा लेतीं।' इसके बाद अजय ने तुरंत एक लाइन में जवाब दिया, 'पहली फिल्म ही नहीं बनती।'





चिंतन

दुनिया को दिखा आतंक पर पाक का दोहरा रवैया



मुद्दा
मनोज कुमार अग्रवाल

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दावा करने वाला पाकिस्तान दुनिया के सामने एक बार फिर बेनकाब हो गया है। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से पत्रकारों ने लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद और आतंकवादियों को पनाह देने को लेकर सीधे सवाल किए। पूछा गया कि पाकिस्तान आतंकियों को पनाह देना कब बंद करेगा और हाफिज सईद पर कार्रवाई कब होगी। शहबाज दोनों सवालों पर खामोश रहे और आगे बढ़ गए। सवाल भले पत्रकारों ने पूछे हों, लेकिन यह सवाल अब पाकिस्तान की आतंकवाद नीति पर अंतरराष्ट्रीय बहस का हिस्सा बन चुके हैं। पाकिस्तान की विडंबना यही है कि वह एक ओर स्वयं को आतंकवाद का पीड़ित बताता है और दूसरी ओर उसकी जमीन से संचालित या उससे जुड़े आतंकी संगठनों को लेकर भारत और अन्य देशों के गंभीर आरोप लगातार सामने आते रहे हैं। हाफिज सईद इसका सबसे चर्चित उदाहरण है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध सूची में उसका नाम दर्ज है और उसे लश्कर-ए-तैयबा से जोड़ा गया है। मुंबई के 26/11 आतंकी हमले में उसकी भूमिका को लेकर भारत लंबे समय से पाकिस्तान से कार्रवाई की मांग करता रहा है। भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पहलगाम आतंकी हमले की जांच से जुड़ी पूरक चार्जशीट में भी सईद को आरोपी बनाया है। ऐसे में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से उसके बारे में सवाल पूछा जाना अस्वाभाविक नहीं है। दिलचस्प बात यह है कि शहबाज खुद संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान की लड़ाई का दावा कर चुके हैं। आतंकवाद का शिकार होने का दावा पाकिस्तान को अपनी जमीन से दूसरे देशों के खिलाफ होने वाली आतंकी गतिविधियों से जुड़े सवालों से मुक्त नहीं कर सकता। आतंकवाद के खिलाफ किसी देश की प्रतिबद्धता का आकलन उसके बयानों से नहीं, उसके ठोस और निरंतर कदमों से होता है। यही विरोधाभास संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भी दिखाई दिया। पाकिस्तान ने भारत में कश्मीर और अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर सवाल उठाए। भारत ने पलटकर पाकिस्तान के आतंकवाद के इतिहास और उसके सामाजिक प्रभाव का मुद्दा उठाया। इससे यह स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर केवल आरोप लगाने से किसी देश की छवि नहीं बदलती। जब कोई देश दूसरों के मानवाधिकारों पर सवाल उठाता है तो दुनिया स्वाभाविक रूप से उसके अपने रिकॉर्ड को भी देखती है। पाकिस्तान की विदेश नीति लंबे समय से कश्मीर और आतंकवाद के मुद्दों को एक-दूसरे से जोड़कर प्रस्तुत करने की कोशिश करती रही है। आज अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आतंकवाद को लेकर सवाल पहले से अधिक स्पष्ट हैं। आतंकी संगठन किसी एक देश की समस्या नहीं है। उनकी गतिविधियां सीमाओं से बाहर तक असर डालती हैं। इसलिए आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई भी चयनात्मक नहीं हो सकती। भारत के लिए यह स्थिति इस बात का संकेत भी है कि पाकिस्तान के साथ संबंधों में आतंकवाद का मुद्दा केंद्रीय बना रहेगा। संवाद, पड़ोसी संबंध और क्षेत्रीय शांति अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं, लेकिन आतंकवाद को नजरअंदाज करके स्थायी शांति की कल्पना संभव नहीं है। यूएन में शहबाज से पूछे गए सवाल अपनी जगह कायम है। दुनिया अब पाकिस्तान के भाषणों से अधिक उसकी कार्रवाई देखना चाहती है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दावा और आतंक से जुड़े सवालों पर खामोशी, यही वह विरोधाभास है जिसने पाकिस्तान के दोहरे रवैये को दुनिया के सामने उजागर कर दिया है।

आईआईटी : आत्महत्याओं की वजह तलाशें

आईआईटी संस्थानों में लगातार बढ़ती आत्महत्याओं और हाल ही में आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे की आत्महत्या की घटना ने देश भर में गंभीर चिंता पैदा कर दी है। बता दें कि 18 सितंबर 2026 को आईआईटी बॉम्बे में 22 वर्षीय छात्र साहिल वाकोडे का उनके हॉस्टल के कमरे में शव मिला। परीक्षा के दौरान एक प्रोफेसर द्वारा कथित तौर पर मोबाइल का उपयोग नकल करने के लिए टोके जाने और कॉपी ले लिए जाने के बाद यह घटना सामने आई, जिसके बाद छात्रों ने भारी प्रदर्शन किया। परिवार ने जातिसूचक उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है, जिस पर पुलिस ने एससी/ एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। परिवार का दावा था कि उनके पुत्र को लंबे समय से जातिगत भेदभाव और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा था। पुलिस ने प्राध्यापक सूर्यनारायण दूल्ला सहित कुछ अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने और एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की। न्यायालय के फैसले से पहले किसी को दोषी नहीं माना जा सकता है।

सवाल है कि देश के आईआईटी संस्थानों में तेरह हजार से अधिक होनहार पढ़ रहे हैं। जातीय आधार पर किसी एक छात्र से ही दुर्व्यवहार कैसे संभव है? एक न्यूज चैनल रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी 2006 से सितंबर 2026 के बीच विभिन्न आईआईटी परिसरों में लगभग 171 छात्रों की असमय/आत्महत्या से मौतें दर्ज की गई हैं, जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत मामले पिछले एक दशक में सामने आए हैं। इनमें बड़ी तादाद में सवर्ण छात्र भी शामिल हैं, इसलिए भी जातिगत भेदभाव के आरोप सही नहीं हैं। आरटीआई और अन्य आधिकारिक सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2006 से सितंबर 2026 के बीच आईआईटी परिसरों में 140 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की है। जबकि पिछले पांच सालों में देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी में 70 होनहारों ने आत्महत्या की। गंभीर चिंता यह भी कि जुलाई से शुरू हुए सत्र में अब तक आईआईटी के तीन और आईआईएम का एक छात्र आत्महत्या कर चुका है। वहीं आईआईएससी बंगलूरु में भी पंद्रह दिन में दो छात्रों ने आत्मघात किया है। विडंबना यह है कि इन आंकड़ों में देश के अन्य शिक्षण संस्थानों के आत्मघात के मामले शामिल नहीं किए जाते हैं, जिससे देश में आत्महत्या करने वाले छात्रों की वास्तविक तस्वीर सामने नहीं आ पाती। यह अकल्पनीय है कि जिन इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिला लेना छात्रों का सपना होता है, वहां पहुंचकर कोई छात्र आत्महत्या क्यों कर लेता है? विचारणीय प्रश्न है कि आखिर ये छात्र आत्मघाती कदम क्यों उठा रहे हैं? क्या वे इंजीनियरिंग आदि के पाठ्यक्रम के साथ साम्य नहीं बैठा पाते? क्या सिस्टम की खामियां उन्हें हताश करती हैं? क्या ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं के छात्र अंग्रेजी के पाठ्यक्रम के साथ तालमेल नहीं बैठा पाते हैं? अक्सर चर्चा होती है कि उच्च इंजीनियरिंग संस्थानों में देश के चर्चित व महंगे अंग्रेजी स्कूलों से आए छात्रों द्वारा भाषा,जाति, ग्रामीण पृष्ठभूमि तथा आर्थिक स्तर पर अन्य छात्रों के साथ भेदभाव किया जाता है। आरोप है कि अंग्रेजी माध्यम से आये छात्र हिंदी व क्षेत्रीय भाषाओं से पढ़ाई करके आए छात्रों को हेय दृष्टि



से देखते हैं। आरोप तो यहां तक हैं कि कुछ शिक्षक भी ऐसे छात्रों के प्रति दुराग्रह रखते हैं। कमोबेश ऐसी चिंताएं ग्रामीण पृष्ठभूमि व वंचित समाज से आए छात्रों को लेकर भी सामने आती हैं। नये छात्रों को परिसर तथा छात्रावासों में भेदभाव जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। फलतः इन छात्रों का आत्मविश्वास डिगता है। कालांतर वे अपनी कक्षाओं की पढ़ाई के साथ साम्य नहीं बना पाते व हताशा में आत्मघात की राह चुनते हैं। इंजीनियरिंग व प्रबंधन से जुड़े देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या की बढ़ती घातक प्रवृत्ति के मद्देनजर सरकार ने मामले की पड़ताल के लिए पिछली जनवरी में तीन सदस्यीय समिति गठित की थी। इस समिति ने भी स्वीकार किया था कि व्यवस्था में कुछ खामियां जरूर हैं, जिसके चलते छात्र आत्मघात के लिए बाध्य होते हैं। दरअसल, कुछ छात्र शिक्षा व्यवस्था, सामाजिक, आर्थिक व पारिवारिक आकांक्षाओं के बोझ के साथ अध्ययन कर रहे होते हैं। इससे उनके मन में यह भय पैदा हो जाता है कि क्या वे अपने जीवन के लक्ष्य हासिल भी कर पाएंगे? बड़ी संख्या में मध्यमवर्गीय, गरीब परिवारों व वंचित समाज की प्रतिभाएं खून-पसीना एक करके इन संस्थानों में दाखिला लेती हैं। उन पर मानसिक दबाव होता है कि परिवार ने पेट काटकर और कर्ज आदि लेकर उन्हें महंगे इंजीनियरिंग व प्रबंधन संस्थानों में दाखिला दिलाया है।

यदि वे असफल हुए तो परिवार को क्या मुंह दिखाएंगे? दूसरा, हमारे समाज में इंजीनियर, प्रबंधक व डॉक्टर बनने की भेड़चाल चल रही होती है। ईश्वर हर बच्चे की रचना उसके विशिष्ट गुण के साथ करता है। जरूरी नहीं है कि इंजीनियरिंग में दाखिला लेने वाले हर छात्र की रुचि इंजीनियरिंग में ही हो। कोई छात्र मानविकीय संकाय की प्रतिभा हो सकता है। इंजीनियरिंग, उसकी रुचि व मन का विषय नहीं हो सकता, जिसके चलते वो पूरे मनोयोग से इस पाठ्यक्रम से साम्य नहीं बैठा पाता। आज सोशल मीडिया की विकृतियां तमाम छात्रों की एकाग्रता को बाधित कर रही हैं। नये वातावरण से साम्य न बैठा पाने व अन्य कारणों से छात्र मानसिक तनाव में आ जाते हैं। विडंबना यह है कि अधिकांश संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ नहीं हैं। निश्चित ही देश की इन प्रतिभाओं को असमय काल-कवलित होने से बचाने की सख्त जरूरत है। आंकड़ों के अनुसार, आत्महत्या के लगभग 61% मामलों के पीछे मुख्य वजह अकादमिक तनाव है। संस्थानों में ग्रेड, रैंक और सीजीपीए को ही सफलता का एकमात्र पैमाना मान लिया जाता है, जिससे छात्र खुद को एक अंतहीन दौड़ में फंसा हुआ पाते हैं। लगभग 12% मामले जॉब की अनिश्चितता और प्लेसमेंट के भारी मानसिक तनाव से जुड़े होते हैं। हालिया आईआईटी बॉम्बे की घटना और पूर्व के मामलों में भी कैंपस के भीतर एससी , एसटी और ओबीसी छात्रों के साथ कथित भेदभाव और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगे हैं। आंकड़ों के अनुसार, कुल आत्महत्या के मामलों में 55% से अधिक छात्र इन्हीं आरक्षित वर्गों से आते हैं। देश के 65% उच्च शिक्षण संस्थानों में पर्याप्त मानसिक स्वास्थ्य प्रदाताओं की भारी कमी है। देश के 23 आईआईटी सहित 31 केंद्रीय संस्थानों के पास छात्रों के तनाव को समय रहते पहचानने (सक्रिय स्क्रीनिंग) की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। लोकतांत्रिक समाज ठोस प्रमाणों और तथ्यों पर विश्वास करता है। पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए और आरोपित को निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार मिलना चाहिए। निराशा और हताशा में आईआईटी के निदेशक अथवा प्राध्यापकों पर जातिवाद का आरोप लगाना समाज और संस्थान में विद्वेष और घृणा की विषबेल रोपने जैसा है, इससे बचना चाहिए।

आईआईटी संस्थानों में लगातार बढ़ती आत्महत्याओं और हाल ही में आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे की आत्महत्या की घटना ने देश भर में गंभीर चिंता पैदा कर दी है। देश के 23 आईआईटी सहित 31 केंद्रीय संस्थानों के पास छात्रों के तनाव को समय रहते पहचानने (सक्रिय स्क्रीनिंग) की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। लोकतांत्रिक समाज ठोस प्रमाणों और तथ्यों पर विश्वास करता है। पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए और आरोपित को निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार मिलना चाहिए। निराशा और हताशा में आईआईटी के निदेशक अथवा प्राध्यापकों पर जातिवाद का आरोप लगाना समाज और संस्थान में विद्वेष और घृणा की विषबेल रोपने जैसा है, इससे बचना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

कृषि



रवि शंकर

मानसून की बेरुखी से फसलों पर संकट

अल नीनो के प्रभाव के कारण देश में इस वर्ष मानसून सत्रह साल में सबसे सूखा रहा है, जिसमें कुल वर्षा सामान्य से 15 फीसदी कम दर्ज की गई है। खास बात यह है कि अब तक 14 राज्यों में बारिश की कमी 20 फीसदी से ज्यादा रही है। इनमें बिहार, पंजाब, हरियाणा के अलावा दक्षिण भारत के सभी पांच प्रायद्वीपीय राज्य शामिल हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, वर्ष 2009 के बाद (जब 18.3 फीसदी की कमी देखी गई थी) यह देश का सबसे कमजोर मानसून सीजन साबित हुआ है। एक जून से 21 सितंबर 2026 तक की अवधि में जहां देश में सामान्य रूप से 827.2 मिलीमीटर वर्षा होनी चाहिए थी, वहीं वास्तविक आंकड़ा केवल 703.7 मिलीमीटर पर सिमट कर रह गया है। 123.5 मिलीमीटर की इस भारी गिरावट ने न केवल चालू खरीफ फसलों के उत्पादन पर संकट खड़ा कर दिया है, बल्कि आगामी रबी सीजन की बुआई और देश के प्रमुख जलाशयों के जलस्तर को भी गंभीर खतरे में डाल दिया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस वर्ष मानसून के ऐतिहासिक रूप से कमजोर रहने की मुख्य वजह प्रशांत महासागर में तेजी से सक्रिय हुआ 'सुपर अल नीनो' प्रभाव है।

अल नीनो की स्थिति के कारण समुद्र की सतह का तापमान असामान्य रूप से बढ़ गया, जिसने वैश्विक पवन प्रणालियों को बाधित किया और भारतीय उपमहाद्वीप की ओर बढ़ने वाली मानसूनी हवाओं को कमजोर कर दिया। इस सीजन में बारिश का वितरण न केवल कम रहा, बल्कि समय और स्थान के लिहाज से भी बेहद असंतुलित था। भारतीय कृषि मुख्य रूप से मानसून की बारिश पर निर्भर करती है। देश के करोड़ों किसान जून से सितंबर के बीच होने वाली इस वर्षा के आधार पर ही अपनी फसलों की योजना बनाते हैं। इस साल बारिश के बेरुखेपन के कारण खरीफ फसलों विशेषकर धान, गन्ना, मक्का और कपास की बुआई पिछले सीजन की तुलना में 3.73 फीसदी पिछड़ गई है। इस सूखे मानसून के चलते अकेले चावल के उत्पादन में 10 मिलियन टन (1 करोड़ टन) तक की भारी कटौती हो सकती है। धान के खेतों में पर्याप्त पानी न होने के कारण पौधों का विकास रुक गया है, जिससे प्रति हेक्टेयर पैदावार घटने की पूरी आशंका है। इसके अलावा गन्ने की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे आने वाले महीनों में चीनी उत्पादन प्रभावित होना तय माना जा रहा है। साथ ही, यह रबी की फसलों (गेहूं, सरसों, चना) के लिए भी बेहद खतरनाक साबित होगी। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मानसून भारतीय खेती की लाइफलाइन है। चिंता केवल खरीफ की मौजूदा फसलों तक सीमित नहीं है। देश के केंद्रीय जल आयोग के अंतर्गत आने वाले प्रमुख 150 से अधिक जलाशयों में लाइव स्टोरेज (उपयोगी जल भंडारण) पिछले साल की तुलना में लगभग 36 फीसदी कम हो गया है। दक्षिण भारत के 54 प्रमुख बांधों में जलस्तर उनकी कुल क्षमता के 80 फीसदी से भी नीचे चला गया है। कम बारिश का सीधा असर अब देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता की जेब पर दिखने लगा है। अगस्त के महीने में खाद्य मुद्रास्फीति (फूड इन्फ्लेशन) लगातार सातवें महीने बढ़कर 5.95 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई, जो इस वर्ष का उच्चतम स्तर है। आर्थिक विश्लेषकों के मुताबिक, मानसून में होने वाली हर एक फीसदी की कमी खाद्य महंगाई को करीब 25 बेसिस पॉइंट तक बढ़ा देती है। बाजार में जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने आपातकालीन कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। वहीं, प्याज और टमाटर जैसी सब्जियों की आसमान छूती कीमतों को रोकने के लिए कई राज्यों में रियायती दरों पर सरकारी आउटलेट्स के जरिए बिक्री की जा रही है। मानसून 2026 के इन निराशाजनक आंकड़ों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन और अल नीनो जैसी मौसमी परिघटनाएं अब भारतीय कृषि के लिए एक स्थायी चुनौती बन चुकी हैं। मौसम विभाग का कहना है कि सितंबर के अंत में बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है, जिससे ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में कुछ बारिश हो सकती है, लेकिन यह राष्ट्रीय स्तर पर हो चुके 15 फीसदी के बड़े घाटे को पाटने में सक्षम नहीं होगा। सरकार को प्रभावित राज्यों में सूखा राहत पैकेज, किसानों के लिए फसल बीमा के त्वरित भुगतान और ग्रामीण रोजगार योजनाओं (मनरेगा) को मजबूत करने पर ध्यान देना होगा। आने वाले समय में जल संचयन, सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप इरिगेशन) और कम पानी में उगने वाली जलवायु-अनुकूल फसलों को बढ़ावा देना ही भारत की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का एकमात्र विकल्प होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संकलित
दर्शन

हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

संकलित
प्रेरणा

समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ? भगवान बोलेः मेरा एक भक्त अतिप्रभावी मानस पूजन कर रहा है। मेरे अन्य धनिक भक्त सब उच्च साधनो एवं सामग्रियों से मेरी अर्चना करते हैं, परन्तु उनका मन भटकता ही रहता है। इस समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में होना चाहिए अतः मेरे दूतों को तुरंत उसे वैकुन्ठ लाने के लिए भेजो।

अंतर्मन



आज की पाती

दलबदल निरोधक कानून की प्रासंगिकता पर उठते सवाल

52वें संविधान संशोधन, 1985 के माध्यम से दलबदल विरोधी कानून लागू किया गया था। इसका उद्देश्य आया राम-गया राम की राजनीति पर अंकुश लगाना तथा राजनीतिक अस्थिरता और बार-बार होने वाले दल परिवर्तन को नियंत्रित करना था। लेकिन इतने वर्षों बाद भी यह प्रश्न कायम है कि इस संविधान संशोधन से राजनीति में दलबदल की प्रवृत्ति पर कितना प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो पाया है। इस कानून के तहत किसी जनप्रतिनिधि के दलबदल पर अयोग्यता का निर्णय सदन के अध्यक्ष के अधीन रखा गया है। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे बिना किसी राजनीतिक दबाव के निष्पक्ष और समयबद्ध निर्णय लें, ताकि लोकतांत्रिक जवाबदेही और संसदीय मर्यादा मजबूत हो। - विकास उपाध्याय, धमतरी

ट्रेंड

घरेलू उद्योग



सपा-बीएसपी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में अपराध का धंधा खूब फला-फूला; गाड़ियों की चोरी एक घरेलू उद्योग बन गई थी। आज उसी ज़मीन पर डिफेंस कॉरिडोर, गाड़ी बनाने की यूनिट्स और मेडिकल डिवाइस पार्क बनाए जा रहे हैं।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

हार्दिक बधाई



मैं एशियाई खेल-2026 में देश के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल की मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर झज्जर की सुरुचि और रेवाड़ी के कमलजीत को हृदय की गहराइयों से हार्दिक बधाई देता हूं।
- नायब सैनी, सीएम, हरियाणा

वोटर लिस्ट का एक्सेस



दिल्ली में बैठे कुछ लोगों के पास पूरे देश की वोटर लिस्ट का एक्सेस है। वे जिसे चाहें, उसका वोट जोड़ सकते हैं या उसका वोट हटा सकते हैं। हमारी मांग है कि पिछले 3 सालों में वोटर लिस्ट में किए गए सभी बदलावों को रद्द किया जाए और 3 साल पुरानी वोटर लिस्ट को बहाल किया जाए।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

एसआईआर प्रक्रिया



एसआईआर में अनियमितताएं सामने आने और निर्वाचन आयुक्तों के भी इनके बारे में बोलने के बाद केवल एक ही निष्कर्ष निकलता है कि पूरी एसआईआर प्रक्रिया को रद्द किया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर सभी विपक्षी दलों को एकजुट होने की जरूरत है।
- राज ठाकरे, अध्यक्ष, मनसे

करंट अफेयर

एजीयू के पुरस्कार विजेताओं में भारतीय वैज्ञानिक भी शामिल

भारतीय वैज्ञानिक रॉक्सी मैथ्यू कोल्ल और नीलिमा सत्यम को अनुसंधान, शिक्षा और उन्नत मृदा एवं अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार और नेतृत्व के लिए अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन (एजीयू) के वर्ष 2026 के लिए दिए जाने वाले पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (युवा) से सम्मानित जलवायु वैज्ञानिक कोल्ल पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान में कार्यरत हैं। उन्हें एजीयू के 'पावेल एस. मोलचानोव क्लाइमेट कम्युनिकेशंस प्राइज' के लिए चुना गया है। कोल्ल को हिंद महासागर के बढ़ते तापमान, मानसून में हो रहे बदलाव, समुद्री की गर्म होती सतह, चक्रवात और अत्यधिक बारिश के साथ-साथ दक्षिण एशिया में लोगों और उनकी आजीविका पर पड़ने वाले प्रभावों के दस्तावेजीकरण के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 25,000 अमेरिकी डॉलर की राशि, नाम अंकित पुरस्कार और सम्मान प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार हर वर्ष जलवायु विज्ञान, विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन से जुड़े विषयों पर प्रभावी वैज्ञानिक संचार के लिए किसी वैज्ञानिक को दिया जाता है।

ऑफ बीट

ओरंगुटान की आवाज में छिपा भाषा का रहस्य

सुमात्रा ओरंगुटान का वैज्ञानिक नाम 'पोंगो अबेली' है जो एक वानर की प्रजाति है और सुमात्रा द्वीप में पाई जाती है। ओरंगुटान हमारे पशु परिवार से संबंधित हैं। इसका मतलब है कि हमारे पूर्वज एक ही हैं और यह एक ऐसी प्रजाति है जो लाखों साल पहले रहती थी, जिससे हम दोनों विकसित हुए हैं। हमारी तरह, ओरंगुटान के भी हाथ होते हैं जो पकड़ सकते हैं, वे औजारों का इस्तेमाल कर सकते हैं और नयी चीजें सीख सकते हैं। हम अपने डीएनए का लगभग 97 प्रतिशत हिस्सा ओरंगुटान के साथ साझा करते हैं, जिसका मतलब है कि हमारे शरीर और दिमाग के कई हिस्से एक जैसे तरीके से काम करते हैं। वर्ष 2024 में मनोवैज्ञानिक एड्रियानो लामीरा और उनके सहयोगियों द्वारा ओरंगुटान संचार पर किए गए शोध में ओरंगुटान की एक अलग प्रजाति, जंगली बोर्नियन ओरंगुटान (पोंगो पाइग्मियस वुर्मबी) पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने केवल नरों द्वारा उत्पन्न की जाने वाली एक प्रकार की ध्वनि का अध्ययन किया, जिसे लम्बी पुकार के नाम से जाना जाता है, और पाया कि लम्बी पुकारें लयबद्ध पदानुक्रम के दो स्तरों में व्यवस्थित होती हैं। इसका पता लगाने के लिए हमने जंगली मादा सुमात्रा ओरंगुटान की चेतावनी भरी आवाजों का अध्ययन किया और कुछ आश्चर्यजनक बातें पाईं।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

भारी बारिश में भालू की दस्तक से लोगों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा



नगर चारामा में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच एक भालू के विचरण से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पिछले दो दिनों में भालू को नगर के अलग-अलग इलाकों में देखे जाने के बाद वन विभाग ने लोगों से सतर्कता बरतने और अनावश्यक रूप से अकेले बाहर नहीं निकलने का आव्हान किया।जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले कुछ लोगों ने भालू को आरईएस कॉलोनी के पास देखा। इसके बाद देर शाम भालू को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में देखे जाने की सूचना मिली। लगातार दो स्थानों पर भालू की मौजूदगी सामने आने के बाद नगरवासियों में भय का माहौल बढ़ गया। बताया गया कि गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात भालू को सदर बाजार मार्ग पर भी देखा गया। वहीं शुक्रवार सुबह भालू के बिजली पारा क्षेत्र में दिखाई देने की जानकारी सामने आई। लगातार रिहायशी इलाकों में भालू के पहुंचने से लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। वन विभाग के अनुसार भालू की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। विभाग के अनुसार भालू फिलहाल सुरक्षित है और एक स्थान पर मौजूद है। विभाग द्वारा भालू को ट्रैंक्विलाइज कर सुरक्षित रेस्क्यू किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग ने नगरवासियों से अपील की है कि भालू दिखाई देने पर उसके करीब जाने, उसे घेरने, छेड़ने या फोटो-वीडियो बनाने के लिए भीड़ लगाने से बचें।

युवक ने लगाई फांसी हुई मौत, कारण अज्ञात

कांकेर। चारामा थानांतर्गत बोदेली निवासी 19 वर्षीय अमर शोरी पिता सुभाष शोरी ने 29 सितंबर को फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक द्वारा घर के म्यार में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक द्वारा फांसी लगाने के कारणों का फिलहाल पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

चिट्टा बेचने ग्राहक तलाश रहा नशे का सौदागर गिरफ्तार

धमतरी। एकलव्य खेल मैदान के पास हेरोइन-चिट्टा बेचने ग्राहक तलाश रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी एवं परिवहन के विरूद्ध एसपी भावना पांडेय के निर्देशन में धमतरी पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से एकलव्य खेल मैदान के पास एक युवक द्वारा अवैध मादक पदार्थ लेकर उसकी बिक्री करने ग्राहक तलाशने की सूचना मिली। सूचना पर पीएसआई संदीप अनंत एवं पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच घेराबंदी कर संदेही युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में संदेही ने अपना नाम विवेक नरसिंगदानी पिता मनोहर नरसिंगदानी उम्र 33 वर्ष सुंदरगंज वार्ड धमतरी निवासी बताया। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 3.08 ग्राम मादक पदार्थ चिट्टा अनुमानित कीमत 61 हजार 600 रूपये तथा 1 नग मोबाइल कीमत 10 हजार रूपये कुल 71 हजार 600 रूपये का सामान जब्त किया गया। पुलिस ने मामले में धारा 21-ए एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी विवेक नरसिंगदानी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की है।

बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

कांकेर। पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 13 श्याम नगर निवासी 76 वर्षीय तारक सरदार पिता स्व. राजेंद्र सरकार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 24 सितंबर को अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के कमरा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

बाइक और पिकअप में भिड़ंत पिता की मौत, बेटी घायल

राजनांदगांव। नेशनल हाईवे में मनकी के पास आज सुबह एक बाइक में जा रहे पिता एवं पुत्री पिकअप वाहन में जा टकराए। इस घटना में दोनों को गंभीर चोंटे आई थी, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां पिता की मौत हो गई। वहीं बेटी का उपचार जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को सुबह के समय बाइक सवार नूतन साहू 52 वर्ष अपनी पुत्री 21 वर्ष के साथ नेशनल हाईवे से जा रहे थे। वे ग्राम मनकी के पास पहुंचे ही थे कि एक पिकअप वाहन से जा टकराए।

छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (ISO 9001:2015 Certified) प्रथम तल उद्योग भवन, रिंग रोड क्र-1, तेलीबांधा रायपुर 492006 (छत्तीसगढ़) CIN: U45203CT1981SGC001833, PAN: AABCM6288N, GST No. 22AABCM6288N5ZY दूरभाष : कार्यालय- 0771-6621000 फैक्स- 0771-2583794, Website: www.csidc.in, Email address: csidc.cg@nic.in, csidc_raipur@yahoo.com

NOTICE INVITING TENDER [1st Call] (Through e-Procurement Portal Only)

NIT No. 12/CSIDC/E.E./Division-III/2026-27 Raipur, Dated 24.09.2026

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender from registered in Central/Semi Central/State Govt./PSU/ Local bodies of the state of Chhattisgarh for Type of Contract "Lump-Sump" for the following work :-

Name of work	Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't.	Probable Amount of Contract (PAC) (INR Crore)	Last Date for Submission of Tender
Selection of Agency for Design, Engineering, Supply, Construction, Installation, Testing, Commissioning and Comprehensive Operation & Maintenance of Five (05) Years for proposed Effluent Treatment Plant (ETP) on Turnkey Basis at Pharmaceutical Park (Phase-I) Sector-22, Nava Raipur, Atal Nagar (C.G.).	Class-A	8.47 [Excluding GST]	15/10/2026

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of works and other details can be downloaded from the web portal (website) **https://eproc.cgstate.gov.in** from **25/09/2026** Time 17:01 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

NOTE: The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using **18004199140** (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at **Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**.

S-49178/1 **Executive Engineer (Division-III)**

OFFICE OF MUNICIPAL COUNCIL, BODRI, DIST.-BILASPUR (C.G.)
E-Mail ID-cmobodri@rediffmail.com Phone-07752-275329

NIT NO./1309/PWD/N.P.P/2026-27 **// NOTICE INVITING 3rd E-TENDER //** Bodri Date 25/09/2026

Online tenders (e-tenders) are invited by the Municipal Council, Bodri, from registered contractors of the eligible category (CGPWD unified registration System) under Form-A (percentage rate).Till 6.10.2026, at 17:30 Hours (IST).

S. N.	System tender no.	Name of work/Discription of work	Probable Ammount of Contract (In Lac)	EMD Amount	Tender Fee
1.	200265	Bituminous Coating Over CC Road at ward 07 from Vasu Manglam to Bhawani Bhog Hotel	28.10	21100.00	1500.00
2.	200267	Bituminous Coating Over CC Road at ward 11/12/13 and 14from jhulela mandir to Durga Mandir	41.61	31300.00	1500

Detail can be download from E-procurement portal and departmental website: https://eproc.cgstate.gov.in/ www.uad.cg.gov.in As well as can be seen on municipal office till last date of submission 08.10.2026.

Chief Municipal Officer Municipal Corporation, Bodri, Distt.-Bilaspur (C.G.)

जिला परिषद का कार्यालय, प० सिंहभूम, चाईबासा।
(Email – zpchaibasa@gmail.com)

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **ZP/CHAIBASA/12/2026-27**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

मद का नाम :– विभिन्न भवनों, परिसम्पत्तियों का निर्माण, मरम्मति एवं नवीनीकरण मद

ग्रुप सं०	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
01.	पश्चिमी सिंहभूम जिला अन्तर्गत जिला परिषद, पश्चिमी सिंहभूम के कर्मचारी आवासीय परिसर में बहुमंजिला कर्मचारी आवास के निर्माण।	4,86,55,300	9,74,000	10,000	18 MONTHS

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक– 20.09.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय– दिनांक– 20.09.2026 से दिनांक– 11.10.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. ई–निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद का कार्यालय, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– दिनांक– 13.10.2026 अपराह्न 02:00 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– जिला अभियंता, जिला परिषद, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या – 7209247617 (संबंधित जिला अभियंता का दूरभाष संख्या)
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सरकार के संयुक्त सचिव ग्रामीण कार्य विभाग झारखण्ड सरकार राँची के पत्रांक 02(नि०नि०–17)–251/23 ग्रामीण कार्य विभाग 3130(अनु०), राँची, दिनांक 09.10.2023 द्वारा दिये गये निदेश के अनुपालन में सभी कागजात के साथ, निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
10. निविदा में सिर्फ जिला परिषद, चाईबासा के अन्तर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. निविदा डबल बीड पद्धति के आधार पर किया जायेगा।
12. स्थानीय संवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी। किसी भी समय बिना सूचना के निविदा रद्द एवं किसी भी प्रकार का संशोधन करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा एवं इस पर किसी प्रकार का दावा या आपत्ति मान्य नहीं होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए जिला का वेब साईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
PR 390460 (West Singhbhum) 26-27 (D) जिला परिषद, प० सिंहभूम, चाईबासा।

कार्यालय जिला पंचायत रायपुर (छ.ग.)
विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण)
(VB-G RAM G)
! विज्ञापन !

क्रमांक / 3118 / VB-G RAM G / जि.पं. / 2026-27 रायपुर, दिनांक: 24/9/26

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पत्र क्र. ESTB/27560/2026-P&RD नवा रायपुर, दिनांक 05.08.2026 तथा आयुक्त, विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) के पत्र क्र. I/608889/2026 वि.-7/स्था./VB-G RAM G नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 31.08.2026 के निर्देशानुसार जनपद पंचायत स्तर पर अधोवर्णित पदों व उनके सम्मुख दर्शाये विवरण अनुसार एक वर्ष की संविदा फरवरी 2027 तक (एकमुश्त वेतन) नियुक्ति हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएं, विशेष योग्यता सहित वांछित अहर्ताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 15.10.2026 सायं 5.30 बजे तक सम्पूर्ण योग्यता एवं अनुभव/अनापत्ति आदि प्रमाण पत्रों सहित आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते है -

क्र.	पद का नाम	वेतनमान	पदों की सं.	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा	अ.पि.व
	लेखापाल	23,350 (एकमुश्त)	04	03	-	01 (बैकलाग)	-

शैक्षणिक योग्यता :- न्यूनतम 55% अंक से बी. काम. परीक्षा उत्तीर्ण हो।(अ.ज.जा. के लिए 50%)

चयन प्रक्रिया :–1. हायर सेकेण्डरी में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए 20 अंक। **2.** न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 100 अंको का Weightage देते हुए 50 अंक। **3.** कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर 15 अंक। **4.** शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य का अनुभवः-
न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव 5 अंक।
2 से 5 वर्ष तक का अनुभव 10 अंक।
5 वर्ष से अधिक का अनुभव 15 अंक।

आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम एवं शर्तें जिला पंचायत रायपुर के सूचना पटल एवं वेबसाइट www.raipur.gov.in में देख सकते है।

S-49180/1 **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, रायपुर**

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड,मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)
E-mail : eemohla-phe@cg.gov.in

// ई-प्रोक्योरमेंट //
निविदा आंत्रण सूचना (रिस्क एंड कास्ट)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र- "अ" में जल जीवन मिशन अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/रेट्रोफिटिंग योजनांतर्गत जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में रिस्क एवं कास्ट में अधूरे छोड़े कार्य जिसमे UPVC/HDPE पाईप लाईन जोड़ने बिछाने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार के चारो ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण, सबमर्सिबल पंप का प्रदाय एवं स्थापना कार्य, विद्युत विभाग (CSPDCL) से इलेक्ट्रिक कनेक्शन, इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम, घरो एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत नल कनेक्शन प्रदाय आदि एवं अन्य समस्त कार्य, टेस्टिंग, 03 माह का ट्रायल रन, 06 माह तक संचालन संधारण का कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, संलग्न शेड्यूल अनुसार) की निविदाए दिनांक 24.09.2026 से ऑन लाईन पर आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्त, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 01.10.2026 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 15.10.2026 (शाम 5:30 बजे) तक है।

निविदा में जारी एस.ओ.आर. PHE दिनांक 01.06.2020 से लागू एवं संशोधन 05/2021.22 तक तथा PWD 2015 का दिनांक 07.04.2016 से लागू समस्त संशोधन सहित पर तैयार किया गया है।

क्र.	निविदा क्रमांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	योजना / ग्राम का नाम	निविदा की लागत (रू. लाख में)	आमंत्रण का प्रकार
1	86	200096	मानपुर	बसेली, तोलुमा, कुम्हारी	90.26	द्वितीय
2	87	200102	चौकी	खुसींटिकुल	38.38	चतुर्थ
3	88	200103	मोहला	मरकाटोला, धनेगांव	19.36	पंचम
4	89	200104	मानपुर	खुर्सेखुर्द	29.80	पंचम
5	90	200105	मानपुर	परालझरी	31.06	पंचम
6	91	200106	मानपुर	भर्रीटोला, ईरागांव, कहगांव	46.83	पंचम
7	92	200107	मानपुर	चवेला, साल्हे, फूलकोडो	56.24	पंचम
8	93	200108	मानपुर	खड़गांव, भटगांव	56.29	पंचम
9	94	200109	मोहला	भालापुर	7.75	षष्टम
10	95	200110	मानपुर	गोट्लमुंडा	21.51	सप्तम
11	96	200111	मानपुर	कनेली, कोरकटटी, हनईकलकला	21.53	सप्तम
12	97	200112	मोहला	बोदाल, जोबटोला, दनगढ़, कुम्हली	111.39	सप्तम
13	98	200113	चौकी	कातुलवाही	28.03	अष्टम
14	99	200114	चौकी	पांगरी, खैरी, मांझीटोला	52.82	अष्टम
15	100	200115	चौकी	मुंजाल, झिटिया, खड़खड़ी	61.38	अष्टम
16	101	200116	मोहला	शेरपार, ककईपार, चापाटोला	72.28	अष्टम
17	102	200117	मोहला	रेंगाकठेरा, देवरसुर, करमोता	70.00	तृतीय

G-262703530/3 **कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित
छठवी मंजिल, टॉवर "सी", कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी.डी सेक्टर-21, नवा रायपुर अटल नगर, (छ.ग), 492002
website- www.markfed.cg.nic.in Email.id ; mf_ctrlroom_raipur@gov.in

क्र./ विपणन /3116/2026 न.रा.अ.न. दिनांक 25.09.2026

Request for Proposal for Selection of an Agency for Providing Annual Maintenance Contract (AMC) Services for UIDAI Fingerprint & IRIS Scanner Device deployed at Paddy procurement centers across the State of Chhattisgarh
हेतु ई-निविदा सूचना

प्रदेश में बॉयोमैट्रिक आधारित धान खरीदी व्यवस्था के सुचारू परिचालन हेतु आवश्यक हार्डवेयर / सॉफ्टवेयर संबंधी सर्विसेस, रिपोर्ट, तकनीकी सहायता एवं अन्य आवश्यक संसाधनों के व्यवस्था के संबंध में Annual Maintenance Contract (AMC) निविदा हेतु GeM-Portal के माध्यम से बिड क्रमांक GEM/2026/B/8028055 दिनांक 25.09.2026 के माध्यम से ऑनलाईन ई-निविदा (जिसमें विस्तृत निविदा निर्देश एवं शर्तें वर्णित है) 16.10.2026 समय दोपहर 02.00 बजे तक ऑनलाईन आमंत्रित की गई है।

GeM पोर्टल के माध्यम से ई-निविदा सूचना वेबसाईट https://gem.gov.in में जाकर संबंधित इच्छुक निविदाकर्ता ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर निविदा प्रपत्र में दर्शाए गए निर्देश अनुसार ऑनलाईन निविदा भर सकते है । ई - निविदा की कार्यवाही के संबंध में अन्य किसी भी प्रकार की तकनीकी जानकारी हेतु email-helpdesk-gem@gov.in फोन 18004193436 एवं 18001023436 में संपर्क किया जा सकता है ।

विपणन संघ ई-मेल :- mf_ctrlroom_raipur@gov.in

S-49179/1 **महाप्रबंधक विपणन**

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता,महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 199836 / निविदा सूचना क्र. 09/वलेलि/2026-27
राजनांदगांव, दिनांक 23.09.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 14.10.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम- राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड छुरिया अन्तर्गत पिनकापार जलाशय जीर्णोद्धार, मुख्य नहर आर.डी. 0 मी. से 4890 मी. तक सी.सी.लाईनिंग कार्य एवं 05 नग व्ही.आर.बी.ए 05 नग फॉल कम व्ही.आर.बी. एवं 20 नग आउटलेट का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत- **रू. 268.57 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 30.09.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)
कृते-मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी-262703527/10

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बलरामपुर रा.गंज (छ.ग.)

क्रमांक /1311/ स्था / एनएचएम / 2026 बलरामपुर दिनांक 25/09/ 2026

:: सूचना ::

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलरामपुर अंतर्गत चिकित्सा अधिकारी–RBSK (पुरूष), चिकित्सा अधिकारी–RBSK(महिला), लैब सुपरवाईजर STLS, स्टॉफ नर्स (NRC), फिजियोथेरेपिस्ट, आया बाई, लैब टेक्निशियन (DPHL), टेक्निकल असिस्टेंट हियरिंग इम्पेयर्ड चिल्ड्रन (NPPCD), अटेन्डेंट–NRC, स्टॉफ नर्स (SNCU), कनिष्ठ सचिविक सहायक–NHM, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, कनिष्ठ सचिविक सहायक (UHWC), सचिविक सहायक (SA-NHM), स्टॉफ नर्स (NBSU), काउंसलर–NHM, के नवीन एवं बैक-लॉग संविदा रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु आवेदन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलरामपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज छ.ग. पिन कोड 497119 के पते पर दिनांक 12/10/2026 के शाम 5.30 बजे तक बंद लिफाफा में स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के द्वारा आमंत्रित किया जा रहा है।

उक्त विज्ञापन की विस्तृत जिला बलरामपुर के वेब साईड www.balrampur.gov.in एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलरामपुर जिला बलरामपुर रा.गंज के सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
S-49186/1 **बलरामपुर जिला बलरामपुर रा.गंज (छ.ग.)**

Public Works Department
Office of The Superintending Engineer, Pwd,Durg Circle Durg (C.G.)

REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) (1st Call)

No. 02/Durg/2026-27 Durg, Dated 23.09.2026

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work

रेस्ट हाउस परिसर जिला दुर्ग में नवीन सर्किट हाउस निर्माण के योजना डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार करने हेतु वास्तुविद चयन करने बाबत।

Situated at Durg
Probable cost of project Rs. 800.00 Lakh
Estimated cost of project Rs. 800.00 Lakh
Minimum eligibility for participants shall be as below:-

S. N.	Building project cost	The applicant firms, firms forming Joint venture/consortium shall be	Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Durg Division Durg
1	For project cost Between 1 Crore to 10 Crore	Empanelled as architect in Class "D" Class in C.G. PWD.	Rs. 15,000=00

General condition :- All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 12.10.2026 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

नोट:- उल्लेखनीय है कि सक्षम स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत ही कंसल्टेंसी फर्म को देयकों का नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

The detailed RFP is available on the website **www.cg.nic.in/pwdraipur** & **http://cgstate.gov.in/** from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

Superintending Engineer
Public Works Department
G-262703524/3 **Durg Circle Durg**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
(अनुसूची-'ए' मिनी रत्न-श्रेणी-1 सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम)
राजीव गाँधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-110003

भारतीय सशस्त्र बलों से सेवानिवृत्त शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों की संविदा के आधार पर भाविप्रा में सलाहकार के रूप में नियुक्ति

(विज्ञापन संख्या: 14/2026/सीएचक्यू/एसएससीओ)

1. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा), संयुक्त प्रयोक्ता डिफेंस एयरफील्ड/हवाई अड्डों पर वायु यातायात सेवा इकाई का सहयोग करने के लिए भाविप्रा में सलाहकार के तौर पर भारतीय सशस्त्र बलों के शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों को संविदा के आधार पर एक वर्ष के लिए नियुक्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

2. स्थान के अनुसार पदों की विस्तृत जानकारी, आयु की अधिकतम सीमा, शैक्षिक और व्यावसायिक योग्यता तथा अपेक्षित अनुभव, आवेदन प्रपत्र और अन्य विवरण के लिए कृपया भाविप्रा की वेबसाइट के करियर सेक्शन में उपलब्ध **विज्ञापन संख्या 14/2026/सीएचक्यू/एसएससीओ** के अंतर्गत विस्तृत विज्ञापन देखें।

3. कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट और अतिरिक्त जानकारी केवल उल्लिखित वेबसाइट **www.aai.aero→Career→ Recruitment Dashboard** पर ही प्रकाशित की जाएगी।

4. आवेदन दिनांक **17.09.2026** से भेजा जा सकता है और आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **11.10.2026** होगी।

CBC 03111/11/0008/2627 एन-03/2026-27(CC)

C.G. Police Housing Corporation, Raipur
Head Office -P.H.Q. Campus, North Block, Sector-19, Nava Raipur, Atal Nagar (C.G.) Phone 0771-2331800

Tender No./.1023 to 1045 /CGPHC/Bldg/2026 Dated 25/09/2026

TENDER NOTICE (1st, 2nd & 3rd Call)

Online Tenders are invited according to key dates for Construction of Auditorium Building at Police Public School Raipur, Distt. - Raipur, 48 H.C./Cons. Quarters (G+2) at Balodabazar (District Police), 48 H.C./Cons. Quarters (G+2) at Kabirdham (District Police), 12 H.C./Cons. Flats (G+2) at Balod (District Police), 24 H.C./Cons. Flats (G+2) at S.P. Rail Raipur, Maintenance Work of 16 + 32 Quarters Block - H1, H2 (Part 01 & Part 02) & G Block - (Part 01 & Part 02) at Dhanora Camp, Dalli Rajhara, Police Chowki Building at Dindo, Superintendent of Police Office at Surguja Dist. Surguja, Jashpur Dist. Jashpur, Balodabazar - Bhatapara Dist. - Balodabazar Bhatapara, Kabirdham Dist. Kabirdham, Proposed Sub Inspector Trainees Hostel at PTS Mana Raipur Dist. - Raipur, GO's Mess at Dantewada, Multi Storey Barrack at Raipur, Durg & Kondagaon, GO's Transit Hostel at Durg, Mungeli, Kondagaon, Rajnandgaon, Mohla - Manpur - Ambagarh Chowki, NGO Transit Hostel at Mungeli & Jashpur, Constable / Head Constable Transit Hostel at Dhamtari, Mohla - Manpur Ambagarh Chowki, Jashpur & Dantewada, Head Constable / Constable Houses (G+1) (08 Nos.) & (G+2) (36 Nos.) & N.G.O. Houses (G+2) (12 Nos.) at Mungeli (District Police), Head Constable/Constable Houses (G+2) (48 Nos.) at 12th Bn. Ramanujganj & Head Constable / Constable Houses (G+2) (24 Nos.) & N.G.O. Houses (P+6) (24 Nos.) at Jagdalpur (District Police), N.G.O. Houses (G+2) (12 Nos.) at Sukma (District Police), Head Constable Constable Houses (G+2) (36 Nos.) at Gaurela Pendra Marwahi (District Police), N.G.O. Houses (G+2) (12 Nos.) at Bilaspur (District Police), 156 H.C./Constable Flats (G+2) at Sukma (District Police), 12 N.G.O. (G+2) & 48 H.C./Constable Flats (G+2) at Dhamtari (District Police), 60 Hc/C Flats (G+2) & 12 Ngo Flats (G+2) At Balrampur (Distt. Police), 60 Hc/C Flats (G+2), at Raigarh (Distt Police), 96 Hc/C Flats (G+2) & 24 Ngo Flats (G+2) At Mohla-Manpur-Ambagarh Chowki (District Police), 24 Hc/C Flats (G+2) & 12 Ngo Flats (G+2), & 24 Ngo Flats (P+6) At Jashpur (Distt. Police), 24 Hc/C Flats (G+2), 48 Hc/C Flats (P+6) & 12 Ngo Flats (G+2) At 6th Bn Raigarh, 16 Hc/C Flats (G+1), 132 Hc/C Flats (G+2) & 12 Ngo Flats (G+2) At Bijapur (Distt. Police), 96 Hc/C Flats (G+2), at Kondagaon (Distt. Police), H.C./Constable Flats (G+2) 60 Nos & NGO House G+2 (12 Nos) at 9th Bn. Karli Dantewada, H.C./Constable Flats (G+2) 72 Nos & NGO House G+2 (24 Nos) at Dantewada (District Police), H.C./Constable Flats (G+2) 96 Nos at 15th Bn. Bijapur, Female Police Station at Dantewada, Jagdalpur (Bastar), Raigarh & Jashpur, CSP Office Building at Nava Raipur, DSP Office Building for AJK DSP Kanker at Kanker, DSP Office Building at Dantewada, CSP Office Building at Rajnandgaon, M.T. Office/ Workshop at 2nd Bn. Sakri, 3rd Bn. Amleshwar Distt -Durg, 16th Bn. Narayanpur & 17th Bn. Kabirdham, Investigation Officer Residential Barrack at PS Sanna Dist.-Jashpur, PS Fingeshwar Dist.- Gariyaband, PS Kansabel Dist.-Jashpur, PS Gurur Dist.-Balod, PS Daundi Dist.- Balod, PS Khamariya Dist.-Bemetara, PS Kota Dist.-Bilaspur, PS Pachpedi Dist.-Bilaspur, PS Tirkunda Dist.-Balrampur, PS Lalpur Dist.-Mungeli, PS Pandatarai Dist.-Kabirdham, PS Bodla Dist.-Kabirdham, PS Udaypur Dist.-Surguja, PS Lemru Dist.-Korba, PS Raghunathnagar Dist.-Balrampur, PS Ramanujnagar Dist.-Surajpur, PS Pusaur Dist.-Raigarh, PS Berla Dist.-Bemetara, PS Manpur Dist.-M-M-AC, PS Tilda-Neora Dist.-Raipur, PS Gobra-Nawapara Dist.-Raipur, PS Singhoda Dist.-Mahasamund, PS Borai Dist.-Dhamtari, PS Chura Dist.-Gariyaband, PS Bortalab Dist.-Rajnandgaon, PS Baghbahar Dist.-Jashpur, PS Pakhanjur Dist.-Kanker, PS Mainpur Dist.-Gariyaband, PS Bori Dist.-Durg, PS Ramkola Dist.-Surajpur, PS Anda Dist.-Durg, PS Dondi-Lohara Dist.-Balod, PS Nagri Dist.-Dhamtari, Female Police Station at Raipur & Rajnandgaon, CSP Office at Manendragarh Bharatpur Chirmiri, DSP Office at Mohla Manpur Ambagarh Chowki, M.T. Office /Workshop at 13th Bn. Korba, Investigation Officer Residential Barrack at PS Chal Dist.-Raigarh & Gidhauri Dist.-Balodabazar-Bhatapara, Transit Hostel Building at Mahasamund, S.D.O.P. office at Jagargunda, Maraiguda & Sukma Dist.-Sukma, Additional Superintendent of Police office at Konta, Additional Superintendent of Police office Yatayat at Nava Raipur,

महिला ने तीसरी मंजिल से कूदकर की खुदकुशी

गुरुग्राम। गुरुग्राम के सोहना में एक रिहाइशी सोसाइटी की तीसरी मंजिल से कूदकर 30 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। महिला के परिजनों ने उसके पति पर प्रताड़ना और मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक महिला की पहचान दिल्ली के शालीमार गांव की रहने वाली दीपा के रूप में हुई है। उसकी शादी मार्च 2018 में दिल्ली के जनकपुरी निवासी जितेंद्र उर्फ जतिन से हुई थी। उनका आठ साल का एक बच्चा भी है। परिजनों का दावा है कि शादी के कुछ समय बाद से ही दोनों के बीच अनबन रहने लगी थी।

संयुक्त राष्ट्र में सुधारों के विरोधी बेपरवाही संग इसका इस्तेमाल करने में व्यस्त हैं : जयशंकर

यूएनजीए के सत्र से ठीक पहले भारत की अमेरिका समेत पी-5 देशों को दो टूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 81वें सत्र से पहले भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने यूएन में सुधारों की भारत की पुरानी मांग को मजबूती के साथ उठाते हुए अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे वीटो पावर वाले पांच पी-5 देशों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, दुनिया की इस सबसे बड़ी पंचायत में सुधारों को लेकर उठ रही मांग में जितनी देरी हो रही है। उससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तमाम देशों में और कुछ नहीं लेकिन निशाना जरूर तेजी से बढ़ रही है। जो लोग सुधारों के विरोधी हैं। वो दरअसल यूएन की परवाह नहीं करते, बल्कि लगातार इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। ये जानकारी जयशंकर ने शुक्रवार को ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ), रिलायंस फाउंडेशन और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित मंत्रिस्तरीय सत्र को संबोधित करते हुए दी है। जिसका विषय 'रपचर्स एंड रेमपाट्र्सः बिल्डिंग ब्रिजिस फॉर ए चेंजिंग वर्ल्ड' रखा गया था।

सुधारों को लेकर खुलकर नहीं रखी राय

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कुल 15 देश (5 स्थायी और 10 अस्थायी सदस्य हैं) शामिल हैं। जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और चीन मुख्य हैं। चीन को छोड़कर बाकी सभी ने भारत की परिषद में स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। वहीं, जब बात यूएन में सुधारों की आती है, तो पी-5 समूह देश खुलकर इस मामले पर सामने नहीं आते हैं। अमेरिका सैद्धांतिक रूप से सहमति जताता है लेकिन हकीकत में कभी पाठ आधारित सुधारों को लेकर आगे नहीं आता। इसी तरह से बाकी देश हैं, जिनका रुख अभी तक इस पर साफ नहीं है।

वीटो शक्ति वाले प्रस्ताव करा देते हैं खारिज

यूएनएससी में पांच स्थायी सदस्यों के पास वीटो शक्ति का अधिकार है। जिसका उपयोग करते हुए वो परिषद के समक्ष आने वाले किसी भी प्रस्ताव को खारिज करा सकते हैं। ऐसे में इनके द्वारा सुधारों का विरोध करने की असली वजह इस महत्वपूर्ण वैश्विक मंच से अपना अधिकार गंवाना या बदलावों के साथ बाकी देशों की यूएन में एंट्री के बाद उसे कमजोर होते हुए देखने की दुविधा है।

पाठ आधारित वार्ता के पक्ष में भारत

जयशंकर के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र के लिए जब हम हर साल इसके मुख्यालय में एकत्रित होते हैं। तब सुधारों का यह मामला क्रमवार रूप से उठता है। लेकिन यहां सबसे बड़ी आवश्यकता इस मुद्दे को उठाने की नहीं है। बल्कि हमें पाठ आधारित सुधारों की ओर अपना ध्यान केंद्रित करना पड़ेगा।

मेटा को हटाना होगा पीएम मोदी और महिला की फोटो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया आदेश कॉकरोच पार्टी को भी नोटिस



दिल्ली हाईकोर्ट ने मेटा को निर्देश दिया है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक महिला की फेक फोटो और उससे जुड़े कंटेंट को तुरंत हटाए। शुक्रवार को जिस याचिका पर सुनवाई की गई, वह याचिका उसी महिला ने दायर की थी, जिसकी तस्वीर से छेड़छाड़ हुई थी। हाईकोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ एक महिला का मामला नहीं, बल्कि देश के प्रधानमंत्री से जुड़ा मामला है। कोर्ट यह सुनिश्चित करेगा कि दिल्ली पुलिस इस मामले को लेकर संवेदनशील रहे।

सीजेपी को भी नोटिस

दिल्ली हाई कोर्ट ने सीजेपी के नेताओं सौरव दास और अभिजीत दिपके को नोटिस जारी किया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ एक महिला की मॉर्फ्ड और अश्लील तस्वीर फैलाई थी। जस्टिस गिरीश कठपालिया ने मामले की सुनवाई की। अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी। हाईकोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया कि वह उस महिला को पूरी सुरक्षा दे, जिसने कहा था कि उसे जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। सुनवाई के दौरान पीड़ित महिला के वकील ने कहा कि इसे लेकर पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। हालांकि, उन्होंने तर्क दिया कि जिम्मेदार लोगों को पकड़ने या वायरल डीपफेक लिंक को तुरंत हटाने या ब्लॉक करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए थे।

नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण
पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.) 492002दूरभाष : 0771-2512500, ई-मेल : ceo.nranvp@cg.gov.in

क्रमांक /7010 /6(1)/भू-प्रभाग /2026, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 25.09.2026

:: उद्घोषणा ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सूची में अंकित व्यक्ति ने अपनी स्वामित्व की भूमि को नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, रायपुर के पक्ष में "नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति-2017 (यथा संशोधित 2025) के तहत विक्रय करने हेतु आवेदन दिया गया है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक, महाजन, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था / निकाय आदि की कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय में लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

ग्राम-रीको, प.ह.नं.-21, रा.नि.मं.-पलोद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर

क्र.	आवेदक का नाम	खसरा	रकबा हे.में
1	कृष्णकुमार पिता रामबगस	381	2.010

प्रबंधक (भूमि)
नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण
नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)
S-49184/1

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, DURG CIRCLE DURG (C.G.)

Durg, Dated: 24.09.2026

e- Procurement Tender Amendment Notice

Amendment are made in N.I.T. No. 294, 295, 296, 297, 298, 299, 300, 301, 302, 303, 304, and 305 Dated 01.09.2026

Existing Description	To be Extended
Bid Submission due Date(Online) 21-09-2026 17.30	Bid Submission due Date (Online) 29-09-2026 17.30
End Date for Physical Doc submission (EMD, and Affidavit in Envelope D) (by Registered/ Speed Post) 23-09-2026 17.30	End Date for Physical Docsubmission (EMD, and Affidavit inEnvelope D) (by Registered/ SpeedPost) 01-10-2026
Bid Opening Date (Scheduled) 24-09-2026 11.30	Bid Opening Date (Scheduled) 05-10-2026 11.30

Note :-1- General Conditions, detailed NIT, Tender documents & other information of the above construction work downloaded from the Eprocurement web portal or departmental website **http://eproc.cgstate.gov.in**.
2- NIT No. & Name of the Work should be essentially mentioned on the envelope through the Registerd Post/ Speed Post in this office.

Superintending Engineer
P.W.D., Durg Circle
Durg (C.G.)
G-262703525/4

संचालनालय
महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़
इन्द्रावती भवन, ब्लॉक-1, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर
दूरभाष क्रमांक 0771-2234192,2234188 (Fax) email: dirwcd.cg@nic.in

File No.:ESTB/34782/2026-WCD HOD MISSION SHAKTI
दिनांक ई-हस्ताक्षरानुसार

// सूचना //

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत मिशन शक्ति अंतर्गत राज्य स्तर पर संचालित महिला हेल्पलाईन 181 के राज्य के रिक्त पद पर कर्मचारियों की भर्ती के संबंध में इस कार्यालय के विज्ञापन क्रमांक / 2653 / मबावि / 2026-27 नया रायपुर, दिनांक 29.07.2026 को विज्ञापन जारी किया गया था, जिसके माध्यम से कॉल ऑपरेटर (अ.ज.जा. वर्ग) के 01 पद हेतु प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उपरांत पात्र / अपात्र सूची तैयार की गई है।

उक्त तैयार पात्र / अपात्र सूची पर आवेदकों से दिनांक 29.09.2026 को समय - सायंकाल 05:00 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित किये जाने के संबंध में आवेदकों को सूचित किया जाता है। दावा आपत्ति केवल आवेदन पत्र के समय प्रस्तुत दस्तावेज के मूल्यांकन पर आधारित होना चाहिए । दावा आपत्ति में पृथक से कोई दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त अभ्यावेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा ।

इस संबंध में पात्र/ अपात्र की सूची छत्तीसगढ़ शासन के www.cgstate.gov.in तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के पोर्टल www.cgwcd.gov.in पर देखा जा सकता है।

संलग्न– उपरोक्तानुसार ।

(डॉ. रेणुका श्रीवास्तव)
संचालक
महिला एवं बाल विकास
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
G-262703512/1

वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाना जरूरी, तभी आएगा विदेशी निवेश : नागेश्वरन

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंथा नागेश्वरन ने कहा है कि भारत को विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए अपनी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को लगातार मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि व्यापक विनिर्माण क्षमता और आर्थिक सुधारों के कारण भारत विदेशी पूंजी आकर्षित करने में सक्षम रहा है, लेकिन वैश्विक निवेश का माहौल अब बदल चुका है। ऐसे में भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रदर्शन का आकलन व्यापक वैश्विक संदर्भ में किया जाना चाहिए।

नागेश्वरन शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित 13वें पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योग के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात वैश्विक प्रतिस्पर्धा है।

यू-ट्यूब पर दिखातीं थीं दौलत, चोर ले उड़े एक करोड़ के गहने व कैश

शॉपिंग करने गई थीं मधुमिता, तभी हुई वारदात

एजेंसी ▶▶| कन्याकुमारी

तमिलनाडु के कन्याकुमारी की एक फेमस यूट्यूबर मधुमिता, जिसने सोशल मीडिया पर अपनी धन दौलत को खूब दिखाया, उसके घर चोरी की घटना सामने आई है। पुलिस के मुताबिक मधुमिता के घर से चोरों ने तकरीबन 900 ग्राम सोने के गहने चुरा लिए। चोरी के गहनों की कीमत 1 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यूट्यूबर मधुमिता, जो खुद हर महीने सोना खरीदने और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने वाले वीडियो पोस्ट करती थीं, उनके ही घर चोरी की वारदात चर्चा का विषय बन गई है। बताया गया कि मधुमिता अपने पति विनोदकुमार और बच्चे के साथ कन्याकुमारी जिले के नागरकोइल के पास थम्माथु कोनम इलाके में वीआईपी गार्डन में रहती हैं। घटना वाले दिन वह शॉपिंग के लिए बाहर गई थीं। जब देर रात को घर लौटीं तो उनके घर का पिछला दरवाजा टूटा हुआ था। घर के अंदर बने सीक्रेट लॉकर की जांच करने पर पता चला कि वहां रखे लगभग 900 ग्राम सोने के गहने और नकदी चोरी हो गए थे। मधुमिता ने तुरंत राजक्कमंगलम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

जिला पुलिस अधीक्षक अनसुर नागर के आदेश पर चोरों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम बनाई गई है। इलाके से सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा करने और मोबाइल टावर डेटा का विश्लेषण किया जा रहा है ताकि चोरों तक पहुंचा जा सके। चोरी की जगह से फिंगरप्रिंट इकट्ठा करने के लिए फोरेंसिक और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स को बुलाया गया है और जांच तेज कर दी गई है।

सर्दियों से पहले सेनाप्रमुख जन. सेठ ने किया चिनार कोर का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की चुनौती से दो-दो हाथ करने के लिए तैनात भारतीय सेना की उत्तरी कमांड के तहत आने वाली 15वीं कोर के सीमावर्ती सामरिक इलाकों का शुक्रवार को सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ ने दौरा किया है। जिसमें वह मुख्य रूप से इस क्षेत्र में दोनों देशों के बीच पड़ने वाली नियंत्रण रेखा से लगे हुए सेना के अग्रिम मोर्चों और आंतरिक जगहों पर गए और वहां जमीनी स्तर पर बनी हुई सैन्य तैयारियों और सुरक्षा स्थिति की विस्तार से समीक्षा की है। सेना ने बताया कि सेनाप्रमुख ने चिनार कोर के रणनीतिक सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा हालात को जांचा-परखा है। वहीं, सूत्रों ने कहा कि सर्दियों के आगाज से ठीक पहले की गई सेनाप्रमुख की यह यात्रा आमतौर पर एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है।

रेप मामले में बर्खास्त सिपाही की मां ने उसके लिए मृत्युदंड की मांग की

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में दुष्कर्म के एक मामले में सह-आरोपी और बर्खास्त पुलिस कॉन्स्टेबल शैलेश पाटिल की मां ने अपने बेटे के लिए मृत्युदंड की मांग की है। उन्होंने उस पर अतीत में कई महिलाओं का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह उनकी सारी संपत्ति पर कब्जा कर उन्हें परेशान कर रहा था। उन्होंने अधिकारियों से अपने बेटे के घृणित कृत्यों के लिए उसे फांसी देने और अवैध रूप से कब्जाई गई उनकी संपत्तियां वापस दिलाने की अपील की। जिले के कल्याण पश्चिम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक नरेन्द्र पवार और शैलेश पाटिल पर आरोप है कि उन्होंने 13 सितंबर को एक विवाहित महिला को भिवंडी के बापगांव ले जाकर बंदूक का भय दिखाकर धमकाया, उसे शराब पिलाई और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया।

अहमदाबाद हवाई अड्डे पर चार करोड़ की कोकीन बरामद

अहमदाबाद। अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को युगांडा के 56-वर्षीय एक व्यक्ति को चार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 981 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी कतर एयरवेज की उड़ान क्यूआर 534 से दोहा के रास्ते यहां पहुंचा था। उसने मादक पदार्थ को अपने ट्रॉली बैग के हैंडल और उसके नीचे लगे प्लास्टिक के ढांचे के अंदर छिपा रखा था।
एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, "सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर, राजस्व खुफिया निदेशालय की अहमदाबाद जोन इकाई ने यात्री के यहां पहुंचते ही उसे रोका और उसके बैग की गहन त लाशी ली।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड
अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 विपणन अधिकारी 30000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 20000 टेंडर कार्य,योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016. (आरे-815)

दुकान कार्य
आवश्यकता है- दुकान में सेल्समैन एवं हेल्पर की आवश्यकता है। वेतनः 10,000/- संपर्कः हरिओम प्लास्टिक बैग हाउस पंडरी कपड़ा मार्केट, गेट नं. 8 के सामने, रायपुर मोः 7440784646, 9131348561.(आरे-338)

ऑपरेटर/सेल्समैन
आवश्यकता है- पंडरी स्थित मेंस वेयर क्लॉथ/एथनिक शो- रूम में काम करने हेतु आवश्यकता है- 02 कंप्यूटर ऑपरेटर, 02 सेल्समैन, 02 मेल हेल्पर, 01 मेल मास्टर (ट्रायल लेने हेतु) सैलरी + इंसेंटिव। संपर्क:- 9039709007, 9009110300.(आरे- 7358)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

केयर टेकर
आवश्यकता है- रायपुर में पुरूष कोमा पेसेंट हेतु केयर टेकर की उम्र अधिकतम 35 वर्ष। योग्यता कम से कम बारहवी पास मेडिकल ज्ञान जरूरी 2 नहीं है। रहने की व्यवस्था प्रदान की जावेगी। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क करे:- राकेश अग्रवाल, A-73 लविस्ता कॉलोनी अमलीडीह रायपुर 9575042812 (मिलने का समय सुबह 9 से 11 तक)(आरे-om)

मार्केटिंग/कॉलिंग कार्य
आवश्यकता है- पेंट, सीमेंट शोरूम में कार्य हेतु मार्केटिंग स्टाफ- टेली कॉलिंग, कलेक्शन पर्सन-की आवश्यकता है, आकर्षक वेतन योग्यतानुसार संपर्क: नरेश ट्रेडर्स, टाटीबंध रायपुर 9827163561.(आरे-meeth)

टर्नर/मशीनिस्ट
आवश्यकता है- टर्नर ,मशीनिस्ट / मिलिंग मशीन , ग्राइंडरमेन 8 से 10 साल का अनुभव इंटरव्यू रविवार 27/9/26 भिलाई औद्योगिक के लिए ,संपर्क 83599-02926.(आरे-336)

हेल्पर
आवश्यकता है- पृथ्वी इलेक्ट्रॉनिक टीवी फ्रिज वाशिंग मशीन की दुकान में कार्य करने हेतु हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है संपर्क करें पृथ्वी इलेक्ट्रॉनिक्स आकाशगंगा सुपेला भिलाई मो . - 79878-16330.(आरे- 338)

क्लासीफाईड

ऑफिसर/नर्सिंग स्टाफ
आवश्यकता है- 1. रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर (R.M.) 01 पद, 2. अनुभवी नर्सिंग स्टॉफ (महिला /पुरुष) 05 पद, 3. मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (P.R.O) 01 पद पता- मातृ स्मृति हॉस्पिटल, एकता नगर, गुढ़ियारी, रायपुर संपर्क करें:- 8839474743, 8269340044.(आरे-om)

घरेलु कार्य/कुक
आवश्यकता है- घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने हेतु महिला चाहिए। 24 घंटे रहकर कार्य करना होगा। आयु 35–60 वर्ष। स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई। वेतन 12,000 से 15000 प्रतिमाह। संपर्कः 9826708233.(आरे नं.-SPD/0083)

छात्रावास
छात्रों के लिए हॉस्टल चाहिए:- भिलाई कोहका कुरुद स्थित रूंगटा यूनिवर्सिटी को छात्रों के लिए 300 सीटर हॉस्टल/छात्रावास की आवश्यकता है। बस खड़े करने जगह और प्ले ग्राउंड प्राथमिकता। संपर्क करें:- 92291-55526, 92293-55500.(आरे-337)



Property प्रापर्टी

फ्लैट
फ्लैट बेचना है- मालवीय नगर एकता परिसर दुर्ग में लगभग 350 वर्ग फीट द्वितीय तल में बना 1bhk फ्लैट सर्वसुविधायुक्त बेचना है , मो.-9893094299.(आरे-339)

प्लाट
प्लॉट बेचना है - बिलासपुर सकरी मेन रोड से ठीक पीछे आवासीय या व्यावसायिक उपयोग हेतु 22000 वर्गफुट हॉस्पिटल, अपार्टमेंट, फ्लैट, रेस्टोरेंट के लिए उपयोगी टुकड़ों में या एकमुश्त बेचना है सम्पर्क करें 7898855268.(आरे-41750)

Medical चिकित्सा
नशा मुक्ति केन्द्र- सभी प्रकार के नशे का ईलाज काउन्सलिंग, योग ध्यान, दवाईयों एवं आध्यात्मिक प्रोग्राम द्वारा सम्भव है। मनोरोगियों का ईलाज मनोचिकित्सक द्वारा किया जाता है सम्पर्क करें- 9340093665. (आरे-41915)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

ASTROLOGY ज्योतिष
ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ
पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोत्ता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।
तांत्रिक सम्राट
डॉ. जे.पी. दुबे
गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295
नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।
स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।
आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।



हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ





जैकेट के शेष

बांधों के गेट खुले, ...

गंगरेल बांध सहित अन्य बांधों में भी पानी की आवक बढ़ गई है। गंगरेल बांध में शाम 6 बजे की स्थिति में 2 लाख क्यूसेक पानी की आवक थी। वहीं बांध से सभी 14 रेडियल गेट खोलकर 2 लाख 51 हजार 450 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। पिछले 20 साल में संभवतः पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा गया है। इससे महानदी अपने रौद्र स्वरूप में आ गई है। नदी किनारे के गांवों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। महानदी में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है।

चारों बांध लबालब.....

डिस्चार्ज किया जा रहा है। दुधावा बांध 97.21 प्रतिशत भरा हुआ है। यहां से 18 हजार 724 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। सोंढूर बांध में 88.11 प्रतिशत पानी भरा हुआ है। यहां से 16 हजार 624 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

नगरी से संपर्क ....

गए थे। इसके बाद रास्ते में पानी ज्यादा भर गया। सिरसिदा कुरूद में भी एक व्यक्ति बाढ़ में फंसा हुआ है। दोनों स्थानों पर रेस्क्यू कर पीड़ितों को सुरक्षित निकालने की कोशिश की जा रही है। वहीं एफसीआई गोदाम अधारी नवागांव में भी काफी पानी भर गया है।

कई मार्ग बंद, जगदलपुर ....

से संपर्क टूट गया है। जगदलपुर से रायपुर जाने वाले मार्ग पर मार्कंडेय नदी के उफान में आने से आवागमन बंद है। वहीं डिमरापाल के पास नेशनल हाईवे पर पानी भरने से मार्ग अवरुद्ध हो गया है और राहत-बचाव के लिए एसडीआरएफ की टीम तैनात की गई है। इंद्रावती में बाढ़ से बस्तर का संपर्क भोपालपटनम से आगे तेलंगाना और आंध्रप्रदेश से कट गया है।

नारायणपुर में पुल के ऊपर 5 फीट पानी : पिछले 48 घंटे से जारी बारिश के चलते नारायणपुर-ओरछा मार्ग पर बड़गांव स्थित माढ़ीन नदी के पुल के ऊपर करीब 5 फीट पानी बह रहा है। इससे आवागमन बाधित है। अबूझमाड़ और छोटेडोंगर क्षेत्र में भी कई गांव प्रभावित हैं। बसों और माइंस वाहनों के पहिए थम गए हैं। कई क्षेत्रों में बिजली और मोबाइल नेटवर्क भी प्रभावित है।

सुकमा-बीजापुर में भी रास्ते बंद : सुकमा में शबरी नदी उफान पर है। वहीं बीजापुर में नेशनल हाईवे-63 पर नदी-नालों के उफान के कारण नेलसनार-कोडोली मार्ग बंद है। इससे लोगों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हुई है।

16 जिलों में फ्लैश फ्लड ....

गतिविधियां बनी रहेंगी। रेड और ऑरेंज अलर्ट वाले जिलों में निचले इलाकों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। फ्लैश फ्लड यानी अचानक बाढ़ की स्थिति नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, बस्तर, बालोद, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार-भाटापारा, कबीरधाम, मुंगेली, कोरबा, रायगढ़, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, जशपुर, सरगुजा और कोरिया सहित आसपास के क्षेत्र हो सकती है। शनिवार को बारिश की तीव्रता कुछ कम हो सकती है और अगले दो दिन के बाद प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आने की संभावना है।

- डॉ. गायत्री वाणी कांचिभोटला, राज्य मौसम विज्ञान केंद्र की प्रभारी एवं साइंटिस्ट

चौबीस घंटे में ....

असर प्रदेश के दक्षिण और मध्य इलाके में व्यापक रूप से हुआ है। वैसे तो बारिश की गतिविधि बुधवार से हो रही, मगर गुरुवार से शुरू हुई झड़ी कभी जोरदार तो कभी मध्यम रूप से शुक्रवार की देर रात तक अपना असर दिखा रही है। व्यापक वर्षा ने राज्य के बड़े हिस्से के जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। इसके प्रभाव से नदी-नाले ऊफान पर आ गए हैं तो शहरी इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले चौबीस घंटे में औसत से पांच प्रतिशत कम का अंतर सामान्य जैसी स्थिति में आ गया है। चौबीस घंटे में हुई 74 मिमी. बरसात से कुल वर्षा 1123 मिमी. से अधिक हो चुकी है। इन क्षेत्रों में भी जमकर वर्षा : लोहंडीगुड़ा में 230, बास्तानार, नानगुर में 220, भानपुरी, मरदापाल में 210, तोकपाल, माकड़ी में 200, बस्तर, केशकाल में 190, बड़े बचेली में 180, देवभोग में 170, कोहकामेट, अंतागढ़, मैनपुर, धनोरा, अमलीपदर, नारायणपुर, दरभा, ओरछा, बकावंड, छिंदगढ, कोंडगांव में में 170 से 150 मिमी. तक वर्षा हुई है। इसके अलावा बस्तर के अन्य जिलों के साथ रायपुर, दुर्ग, गरियाबंद में 140 से 100 मिमी. तक बारिश हुई है।

लो-प्रेशर एरिया में होगा तब्दील : मौसम का एक अवदाब दक्षिण छत्तीसगढ़ और उससे लगे दक्षिण अंदरूनी उड़ीसा के ऊपर स्थित है तथा यह 15 किलोमीटर प्रति घंटे के गति से उत्तर उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके लगातार उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए अगले 12 घंटे तक अपनी तीव्रता बनाए रखने की संभावना है। उसके बाद के 12 घंटे में कमजोर होकर चिन्हित निम्नदाब के क्षेत्र के रूप में परिवर्तित होने के आसार हैं। कल भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर-पश्चिम में स्थित सरगुजा संभाग, बिलासपुर संभाग, दुर्ग संभाग और रायपुर संभाग के जिले में संभावित हैं।

भारी बारिश के ....

जलभराव, नदी-नालों के जलस्तर में वृद्धि तथा आवागमन में कठिनाई की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसी परिस्थितियों में स्कूली बच्चों को किसी प्रकार का जोखिम न उठाना पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेशभर के विद्यालयों में अवकाश रखने का निर्णय लिया गया है। साय ने प्रशासन को पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

एनएच पर चढ़ा पैरी का...

गरियाबंद संवाददाता के अनुसार पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते सिकासार और सोंढूर जलाशयों से लगातार पानी छोड़े जाने के बाद पैरी और सोंढूर नदियां उफान पर हैं। इसका सबसे बड़ा असर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 सी पर देखने को मिला, जहां बारूका-पंटोरा के पास हाईवे पर बाढ़ का पानी चढ़ जाने से रायपुर और ओडिशा के बीच सड़क संपर्क पूरी तरह ठप हो गया। प्रशासन ने एहतियातन मार्ग बंद कर दोनों ओर पुलिस बल तैनात कर दिया है, जबकि सैकड़ों वाहन लंबी कतारों में फंसे हुए हैं। बारूका और पंटोरा के बीच पैरी और सोंढूर नदियों का संगम होने के कारण जलस्तर तेजी से बढ़ गया। तेज बहाव के चलते पानी हाईवे पर फैल गया, जिससे वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी। दोनों ओर ट्रक, बस और छोटे वाहनों की लंबी कतार लग गई है।

पंटोरा में कमार परिवारों में दहशत : पंटोरा गांव में आदिवासी कमार समुदाय के घरों तक बाढ़ का पानी पहुंचने लगा है। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाईवे के समीप स्थित आदिवासी बच्चों के छात्रावास पर भी खतरा मंडरा रहा है। यदि जलस्तर और बढ़ा तो छात्रावास प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। पैरी नदी के उफान पर होने से डूमरपाली-कोपरा एनीकट मार्ग भी पूरी तरह जलमग्न हो गया है। इसके चलते धमतरी और गरियाबंद जिले के बीच इस वैकल्पिक मार्ग का संपर्क टूट गया है। प्रशासन ने लोगों से इस मार्ग पर आवाजाही नहीं करने की अपील की है।

मैनपुर में सौ से अधिक गांव टापू : मैनपुर संवाददाता के अनुसार क्षेत्र में तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण के नदी- नालों के उफान पर होने के कारण सौ से अधिक गांव टापू में तब्दील हो गए है। क्षेत्र में 102 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। 200 से अधिक गांवों की लाइट गुल है। लोगों को अब राशन-पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। राजिम में महानदी के उफान पर होने के कारण कुलेश्वर महादेव का चबूतरा डूब गया है। निचली बस्तियों में पानी घुस गया है। बाढ़ प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

देशभर में भी बारिश से ...

बंगाल की खाड़ी से उठे अर्नब चक्रवात के चलते देशभर में बाढ़-बारिश का सितम देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को सिक्किम में जहां भयानक लैंडस्लाइड हो गया, भयानक तबाही मची, वहीं यूपी, एमपी में मलबे-पानी में घर और सड़कें बह गईं। सिक्किम के पश्चिमी जिले ग्यालशिंग के रिम्बी गांव में भूस्खलन हुआ, जिसके बाद पानी, कीचड़ और चट्टानों के रूप में भारी मात्रा में मलबा आया, जो कई मकानों और सड़कों को बहाकर ले गया।

बिगड़ी धुमाल गाड़ी ....

पास गाड़ी खराब हो गई। वे गाड़ी को बना ही रहे थे कि पीछे से आ रही गेहूं से भरी ट्रक ने तेज रफ्तार से गाड़ी सहित युवकों को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि माजदा वाहन के परखच्चे उड़ गए। वहीं घटना स्थल में 2 लोगों मौत हो गई। 11 लोगों को जब अस्पताल ले जाया गया तो अस्पताल में चार लोगों की मौत गई। मृतकों में से पांच लोग कवर्धा और एक मुंगेली का था। इनमें से चार की उम्र 17 से 22 वर्ष के बीच थी। जानकारी के मुताबिक वाहन खराब होने के बाद इसमें सवार दो लोग मैकेनिक लेने के लिए धमतरी की ओर गए थे। तभी रायपुर से जगदलपुर की तरफ जा रही 16 पहिया टाटा ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यूवाई 5947 ने जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक में गेहूं भरा हुआ था। ठोकर के बाद ट्रक कुछ दूर जाकर पलट गई। हादसे के बाद मार्ग बाधित हो गया तथा मार्ग पर दोनों वाहनों के पार्ट्स व गेहूं के साथ दुर्घटना ग्रस्त वाहन में लगे डीजे साउंड सिस्टम के सामान पूरे सड़क पर बिखर गए। जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। मामले की जानकारी पर पुलिस व 108 के साथ वरदान परमार्थ सेवा समिति धमतरी की टीम के शिवा प्रधान, हेमंत प्रधान एवं डुमन साहू एम्बूलेंस लेकर घटना स्थल पर पहुंचे व लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

मृतकों की ...

मिनीमाता चौक वार्ड 17 कबीरधाम जिला कवर्धा, कृष्णा चौहान पिता संजय चौहान (18 वर्ष) वर्तमान ग्राम पोड़ी जिला कवर्धा (नानी का घर) मूल ग्राम डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव और सुंदर लाल साहू पिता गोकुल साहू (29 वर्ष) ग्राम कुसुमघटा थाना बोड़ला जिला कवर्धा के रूप मे हुई है।

म्यांमार से कामजोंग में घुसे बंदूकधारी, 4 लोगों की हत्या

मणिपुर में खौफनाक तांडव 24 घंटे का इमरजेंसी बंद

एजेंसी ▶▶| कामजोंग

मणिपुर के कामजोंग जिले के पिलोंग गांव में गुरुवार को एक हथियारबंद हमले में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह हमला दोपहर करीब 4 बजे हुआ। पिलोंग गांव इंडो म्यांमार बॉर्डर पिलर नंबर 95 के पास स्थित है और चासाड पुलिस स्टेशन से करीब 30 किलोमीटर दूर है।

पुलिस को शक है कि हमलावर इंडो म्यांमार सीमा पार से आए थे। एक वरिष्ठ



पुलिस अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि हमला संभवतः सीमा पार से आए हथियारबंद लोगों ने किया। इस हमले में एक पिता और उनके बेटे समेत चार लोग मारे गए, जबकि अखन कापिंग नाम का एक व्यक्ति किसी तरह बचकर भाग निकला।

म्यामांर के कुकी नेशनल आर्मी पर संदेह

पुलिस ने अभी तक इस हमले के पीछे जिम्मेदार लोगों की पुष्टि नहीं की है, लेकिन खबरों के अनुसार कुकी नेशनल आर्मी बर्मा यानी केएनए-बी गुट पर शक जताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने मृतकों की पहचान फामी जाजो, निंगथेम जिंगसुई, बेटरसन जाजो और वारेइशिम जाजो के रूप में की है, हालांकि अधिकारियों ने अभी इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं की है।

नागा और कुकी समुदायों के बीच चल रहा तनाव

कामजोंग जिला म्यांमार सीमा से लगा हुआ है और यहां मुख्य रूप से टांगखुल नागा समुदाय रहता है। इस इलाके में 7 फरवरी से नागा और कुकी समुदायों के बीच तनाव चल रहा है, जो एक शराब पीकर हुए झगड़े से शुरू हुआ था। अब तक इस नागा कुकी संघर्ष में 40 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

अहमदाबाद की निरमा यूनिवर्सिटी का मामला

छात्र की कॉलर पकड़ने वाले प्रोफेसर व कुलपति के खिलाफ प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद।

अहमदाबाद की निरमा यूनिवर्सिटी में एक प्रोफेसर द्वारा छात्र का कॉलर पकड़े जाने का वीडियो सामने आने के बाद छात्र संगठनों में भारी आक्रोश फैल गया। इसके विरोध में एबीवीपी के कार्यकर्ता निरमा यूनिवर्सिटी कैंपस में पहुंच गए। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने यूनिवर्सिटी प्रशासन और कुलपति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रोफेसर के इस तानाशाही रवैये के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए कैंपस में 'रामधुन' भी बोली।

छात्र संगठन की मांग है कि छात्र को मंच पर अपमानित करने और धमकाने वाले प्रोफेसर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। प्रोफेसर छात्र से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन कर दिया है। छात्र का कॉलर पकड़ने की घटना 18 से 20 सितंबर 2026 के बीच आयोजित वार्षिक तकनीकी और सांस्कृतिक उत्सव 'टेक्नोफ्रा 2026' के दौरान हुई। कार्यक्रम के दौरान स्टैंड-अप कॉमेडियन रजत सूद का शो चल रहा था। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. हिमांशु के. पटेल मंच पर कुछ बात रख रहे थे।

छात्र को दी धमकी

वायरल वीडियो में प्रोफेसर को यूनिवर्सिटी फ्रैकल्टी के अपमान को लेकर धमकी देते हुए भी देखा गया। उन्हें यह कहते हुए सुना गया कि अगर किसी फ्रैकल्टी सदस्य का अपमान हुआ, तो वे किसी भी हद तक जा सकते हैं। प्रोफेसर ने छात्र से यह भी कहा कि उसे कैंपस से हमेशा के लिए निकाला जा सकता है।

कैदी की लंबे बाल रखने की मांग वाली याचिका खारिज

मुंबई। मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने एक विचाराधीन कैदी की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने अपनी धार्मिक मन्नत के कारण जेल में बाल कटवाने के नियमों से छूट मांगी थी। अदालत ने कहा कि लंबे बाल रखने की अनुमति देने से कैदियों में जूँ और कवक के कारण होने वाली त्वचा संबंधी समस्या जैसी संक्रामक बीमारियां फैल सकती हैं। गुरुवार को एनआईए अदालत के विशेष न्यायाधीश ए.ए. जोगलेकर ने जेरी फिलिप्स जैकब्स की याचिका खारिज कर दी। जैकब्स को मानव तस्करी के एक मामले में आर्थर रोड जेल में रखा गया है।

कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क्र./601/निविदा/ सम्प.वि./2026-27 भिलाई-चरौदा, दिनाँक 24.09.2026

// ई-प्रोक्यूरमेन्ट नीलामी (Auction) सूचना //

नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा द्वारा ट्रान्सपोर्ट नगर, हथखोज में व्यवसायिक परिसर फेस- 02 हेतु रिक्त भूखण्डों का अन्तरण 30 वर्षीय लीज पर दिए जाने हेतु निविदा / प्रस्थापना Online Portal में दिनाँक 19.10.2026 समय सायं 05:30 बजे से आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	ब्लॉक क्र.	भूखण्ड का आकार (वर्ग मी. में)	भूखण्ड क्र.	ऑक्शन क्र.	ऑक्शन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	14	1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16	10.80x15=162	200122, 200124, 200126, 200127, 200129, 200130, 200131, 200132, 200133, 200134, 200135, 200136, 200137, 200138, 200139, 200140	19.10.2026
2	15	1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11,	8.80x15=132	200141, 200142, 200143, 200144, 200145, 200146, 200147, 200148, 200149, 200150, 200151	19.10.2026
3	16	1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11,	8.80x14=123.2	200152, 200153, 200154, 200155, 200157, 200158, 200159, 200160, 200161, 200162, 200163	19.10.2026
4	16	12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20	10.80x16=172.80	200164, 200169, 200170, 200172, 200173, 200174, 200175, 200176, 200177	19.10.2026
5	17	1, 2, 3, 4, 5, 6	9.30x14=130.20	200178, 200180, 200181, 200182, 200183, 200184	19.10.2026

उपरोक्त के संबंध में निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट https://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा शर्तों के तहत निविदा खोलने की तिथि दिनाँक 21.10.2026 समय प्रातः 10:30 बजे से निर्धारित है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
भिलाई -चरौदा

"प्रकृति को क्षति न पहुँचाए, वृक्ष लगाए, पर्यावरण को शुद्ध बनाए।"

कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

क्र./प्र.म.आ.यो./न.नि./503/232 भिलाई, दिनांक 23/09/2026

-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-

प्रधानमंत्री आवास योजना द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेडर आमंत्रित की गई है। जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	कार्य का नाम	सिस्टम टेंडर न.	अनुमानित निविदा लागत (लाख में)	अमानत राशि	ई-टेंडर आमंत्रण दिनांक Bid Due Date	Physical Submission Date
1	गरीबी की सेवा निधि अंतर्गत कोहका वार्ड-07 स्थित अविनाश, मेट्रोपोलिस के पास प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन 58 यूनिट आवास तक पहुंच मार्ग, नाली निर्माण कार्य ।	199594	15.82	14500.00	17.09.2026 से 09.10.2026 तक	13.10.2026
2	गरीबी की सेवा निधि अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ए.एच.पी.) परियोजना आम्रपाली फेज - 01 एवं 02 की बैकलाईन में डेम्नेज लाईन हेतु नाली एवं सी.सी. निर्माण कार्य ।	199786	19.15	17000.00	21.09.2026 से 13.10.2026 तक	15.10.2026
3	गरीबी की सेवा निधि अंतर्गत आम्रपाली फेज-02 हाउसिंग बोर्ड वार्ड-25 के पास प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन 56 यूनिट आवास तक पहुंच मार्ग, नाली निर्माण कार्य ।	199788	23.97	22000.00	21.09.2026 से 13.10.2026 तक	15.10.2026
4	प्रधानमंत्री आवास योजना 322 यूनिट में ओवरहेड टैंक से संपवेल तक जलप्रदाय हेतु विस्तारीकरण कार्य ।	199946	22.81	18000.00	22.09.2026 से 14.10.2026 तक	16.10.2026
5	ESTIMATE FOR PROVIDING ELECTRIFICATION TO STREET LIGHT UNDER PMAY PROJECTS, DISTT-DURG	199923	19.78	18000.00	22.09.2026 से 14.10.2026 तक	16.10.2026

नोट- 1. धरोहर राशि/ डी. डी./ शपथ पत्र offline जमा करने की अंतिम तिथि तक शाम 5.30 बजे तक कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई के पक्ष में निक्षेप होगा । 2. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में उपयुक्त श्रेणी में सम्मिलित होना अनिवार्य है । अधिक जानकारी के लिये वेबसाइट पर देखें ।

कार्यपालन अभियंता (प्र.म.आ.यो.)

पेज एक के शेष

पुलिस की तरह फारेस्ट में भी डॉग ...

डॉग स्क्वाड की मदद से इन स्थानों की व्यवस्थित जांच की जा सकेगी। संदिग्ध इलाकों की पैदल निगरानी, छिपे तार और लोहे के फंदों की तलाश, फंदे मिलने पर तत्काल हटाने की कार्रवाई, वन्यजीवों के संभावित मूवमेंट वाले क्षेत्रों पर विशेष नजर रहेगी। प्रशिक्षित डॉग (जेनी) घने जंगल में मानव आंखों से छिपे संदिग्ध सुरागों की पहचान करने में वन अमले की मदद करेगी। इससे एंटी-पोचिंग गश्त को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी।

पाए जाते हैं बाघ, तेंदुआ, वनभैंसा सहित कई तरह के वन्यप्राणी : बस्तर संभाग के इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के क्षेत्रफल लगभग 2799.07 वर्ग किलोमीटर और कोर क्षेत्र 1258.37 वर्ग किलोमीटर, बफर क्षेत्र 1540.70 वर्ग किलोमीटर है, यह रिजर्व सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र, तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश से जुड़ा हुआ है। रिजर्व के 9 रेंज में 133 बीट में 7-8 बाघ, तेंदुआ, लगभग 12 छत्तीसगढ़ का राजकीय पशु वन भैंसा, गौर, हिरण, खरगोश, भालू और जंगली सुअर जैसे कई प्रमुख वन्यजीव हैं। साथ ही पहाड़ी मैना और हिमालयी गिद्ध सहित पक्षियों की 200 से अधिक प्रजातियां तथा इंद्रावती नदी में स्मूथ कोटेड ऊदबिलाव भी पाए जाते हैं।

फंदा को रोकने दे रहे प्रशिक्षण : इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर के क्षेत्रीय निदेशक उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि वन मंत्री के निर्देश पर इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर में एंटी-स्नेयर अभियान पर रिजर्व के 133 बीट में से पिल्लूर रेंज के जंगल में वन अधिकारी एवं कर्मचारी डॉग (जेनी) के साथ पहुंच कर वन्यजीवों को पकड़ने के लिए फंदा लगाते उसे रोकने के लिए प्रशिक्षण ले रहे हैं।

अवैध शिकारियों की गतिविधियों पर भी नजर

डॉग स्क्वाड का उपयोग केवल फंदों की तलाश तक सीमित नहीं रहेगा। प्रशिक्षित कुत्तों की मदद से अवैध शिकारियों की गतिविधियों और संदिग्ध मूवमेंट का पता लगाने में भी सहायता मिल सकती है। वन्यजीवों के अंगों की अवैध तस्करी से जुड़े मामलों में भी खोजी कुत्ते जांच एजेंसियों के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं।

सुरुचि और कमलजीत ने लगाया ..

नीरज कुमार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और रुद्राक्ष पाटिल की भारतीय तिकड़ी ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम इवेंट (शूटिंग) में सिल्वर मेडल जीता।

ओवरऑल दूसरा गोल्ड मैडल: ये शूटिंग में भारत का पहला गोल्ड रहा जबकि ओवरऑल दूसरा गोल्ड मेडल रहा। गुलवीर सिंह ने मेन्स 10 हजार मीटर रेस में सिल्वर मेडल जीता। गोला फेंक में मनप्रीत कौर ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। बरानिका एलंगोवन पोल वॉल्ट ब्रॉन्ज जीतने में कामयाब रहीं। टेबल टेनिस के मिक्स्ड डबल्स इवेंट के सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी दिया चिताले और मानुष शाह को चीन के वांग चुकिन और सुन यिंगशा ने 8-11, 5-11, 8-11 और 2-11 से 28 मिनट में हरा दिया। इसी के साथ भारत को टेबल टेनिस की इस प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज से ही संतोष करना पड़ा। वहीं एशियन गेम्स के इतिहास में टेबल टेनिस में भारत का यह चौथा पदक है।

प्रशिक्षु डीएसपी पर हुआ हमला...

आरोपियों की तलाश चल रही है। जानकारी के मुताबिक प्रशिक्षु डीएसपी निशांत कुर्रे वर्तमान में दरिमा थाना प्रभारी के पद पर पदस्थ है। डीएसपी श्री कुर्रे गुरुवार रात 10 बजे अपनी निजी कार से थाने से अंबिकापुर लौट रहे थे। इस बीच अंबिकापुर मार्ग पर कंठी और जगदीशपुर के बीच डीजे के साथ गणेश विसर्जन की झांकी और जुलूस निकाला जा रहा था। इसके चलते सड़क पर जाम की स्थिति बन गई थी। डीएसपी ने जुलूस में शामिल लोगों से गाड़ी को साइड देने के लिए कहा। इस पर विसर्जन में शामिल कुछ युवक उनसे बहस करने लगे। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर करीब 12 युवकों ने ट्रेनी डीएसपी निशांत कुर्रे पर हमला कर दिया और उनके साथ मारपीट की। इस दौरान उनकी निजी कार में भी तोड़फोड़ की गई। आरोपियों ने कार के शीशे फोड़ दिए और वाहन को नुकसान पहुंचाया। मारपीट में डीएसपी को मामूली चोटें आई हैं।

चल रही है कार्रवाई : मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में अब तक छह आरोपियों को पकड़ा गया है। गणेश विसर्जन के दौरान घटना हुई। अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

राजेश अग्रवाल एसएसपी सरगुजा

ये आरोपी हुए गिरफ्तार...

आ.सुखमेश्वर राजवाड़े 44 वर्ष, नरवापारा निवासी नीरज राजवाड़े आ. रामाश्रय राजवाड़े 20 वर्ष व पटेलपारा मुकेश दास पिता अर्जुन दास 18 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मानव तस्करी का बड़ा नेटवर्क ...

को मानव तस्करी और बंधुआ मजदूरी से जुड़े संगठित नेटवर्क के सुराग मिले। पुलिस के मुताबिक, गिरोह के सदस्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों और मजदूरों को एडवांस रकम देकर अपने जाल में फंसाते थे। इसके बाद उन्हें दूसरे राज्यों में ईंट भट्ठों और अन्य स्थानों पर मजदूरी के लिए भेजा जाता था। जांच में मिले दस्तावेजों के आधार पर पुलिस का दावा है कि गिरोह से जुड़े लोगों के माध्यम से बड़ी संख्या में मजदूरों को अलग-अलग राज्यों में भेजा जाता था। पुलिस के मुताबिक प्रत्येक आरोपी के नेटवर्क में हजारों मजदूरों के रिकॉर्ड मिले हैं और इनमें बंधुआ मजदूरी के भी दस्तावेजी साक्ष्य मिले हैं। इस मामले में आरोपियों के विरूद्ध थाना खल्लारी में धारा 143(2), 143(3), 143(4), 3(5) बीएनएस तथा संगठित अपराध से संबंधित धारा 111 के तहत कार्रवाई की है।

युवक ने घुनघुट्टा बांध में लगाई ...

गुरुवार को स्कूटी से घुनघुट्टा बांध पहुंचा था जहां युवक ने बांध में छलांग लगा दी बताया जा रहा है कि बांध के आसपास मौजूद मछुआरों और कर्मचारियों ने रितिक को पानी में छलांग लगाते देखा था। उन्होंने युवक को बचाने की कोशिश की, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना दरिमा पुलिस को दी गई। शाम और अंधेरा हो जाने के कारण तत्काल विस्तृत खोज अभियान नहीं चलाया जा सका। शुक्रवार सुबह एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और बांध में तलाश शुरू की। कई घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर करीब एक बजे युवक का शव बरामद कर पुलिस को सौंपा गया। घटना के बाद युवक की इंस्टाग्राम आईडी पर लगाया गया एक स्टेटस भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि बांध जाने से पहले उसने फिल्म आशिकी-2 का एक दृश्य स्टेटस के रूप में लगाया था। हालांकि इस स्टेटस और युवक की मौत के बीच कोई संबंध था या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच कर रही है। रितिक ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है।

सीएम साय ने स्कूली बच्चों संग ...

सर्वस्व समर्पित करने की प्रेरणा दी। 'वंदे मातरम' का उद्घोष स्वतंत्रता सेनानियों के लिए राष्ट्रप्रेम, साहस और संकल्प की अभिव्यक्ति बन गया था। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, आज विद्या भारती के आव्हान पर देशभर में 25 हजार से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक विद्यार्थियों और नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गायन किया जा रहा है।

पांच लाख लोगों ने किया सामूहिक गायन : माणिक लाल साहू ने कहा, विद्या भारती के आव्हान पर देशभर में 25 हजार स्थानों पर लगभग एक करोड़ लोगों द्वारा एक साथ 'वंदे मातरम' का गायन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी लगभग 1500 स्थानों पर पांच लाख लोगों ने इस आयोजन में सहभागिता की। मां सरस्वती बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नीलेश अग्रवाल ने कहा, 'वंदे मातरम' भारत की राष्ट्रीय चेतना, त्याग और गौरव की अभिव्यक्ति है।कार्यक्रम में विधायक राजेश मूणत, राजीव लोचन महाराज, मयंक बैस, राघवेंद्र सिंह ठाकुर, अजय कुलश्रेष्ठ सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, आचार्य, विद्यालय परिवार के सदस्य एवं नागरिक उपस्थित थे।

दूरस्थ अंचलों के...

ट्रायबल यूथ हॉस्टल में विद्यार्थियों के लिए सीटों की संख्या बढ़ाकर 200 कर दी गई है। उन्होंने कहा कि वहां अध्ययनरत छत्तीसगढ़ के 13 विद्यार्थियों ने यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा, मेहनत और आगे बढ़ने की क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सही अवसर, मार्गदर्शन और संसाधन मिलने पर छत्तीसगढ़ के हमारे बच्चे देश के किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सक्षम हैं।

पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. SNTPBBSTELE-092026-FMS

कार्य का नाम : पूर्व तट रेलवे के जोनल मुख्यालय/भुवनेश्वर में पुराने अंडरग्राउंड टेलीफोन केबल (PIJF), OFC का प्रतिस्थापन / संवर्धन तथा फाइबर मॉनिटरिंग सिस्टम का प्रावधान।

विज्ञापित मूल्य : ₹ 3,03,14,235.30, EMD : ₹ 6,06,300/-, पूरा होने की अवधि : 12 महीने।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक 09.10.2026

निविदा बंद होने की तिथि व समय : 23.10.2026 को 1500 बजे।

इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/स्टोर/ भुवनेश्वर

PR-211/CJ/26-27

पूर्व मध्य रेल

ई–ऑक्शन सूचना

ई–ऑक्शन सूचना सं. :– कॉम/लीज/एसएलआर /ई–ऑक्शन/डीएनआर/26/11

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वा

खबर संक्षेप



सितंबर में रूस से 18 लाख बैरल प्रतिदिन तेल का आयात

नई दिल्ली। भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात सितंबर में करीब 18 लाख बैरल प्रतिदिन रहा, जो अगस्त की तुलना में काफी हद तक स्थिर है लेकिन जुलाई के स्तर से कम है। रिफाइनरी के रखरखाव और चीन की ओर से रूसी तेल की अधिक खरीद के कारण भारत को रूसी तेल की आपूर्ति प्रभावित हुई। वैश्विक जिंस डेटा एवं विश्लेषण कंपनी केप्लर के आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने अगस्त में करीब 20.8 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी कच्चे तेल का आयात किया था।

ब्लैक ओपल का आईपीओ 29 सितंबर को खुलेगा



नई दिल्ली। एकीकृत रियल एस्टेट मंच ब्लैक ओपल कंसल्टेंट्स लि. का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 29 सितंबर को खुलेगा। कंपनी ने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 185 से 197 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि आईपीओ के तहत 10 रुपये अंकित मूल्य के 27,96,000 इक्विटी शेयर पेश किए जाएंगे। इनमें 22,38,000 नए शेयर, जबकि 5,58,000 शेयर मौजूदा शेयरधारकों की ओर से बिक्री पेशकश (ओएफएस) के तहत होंगे।

डाबर इंडिया को मिली सेसा केयर में विलय की मंजूरी



नई दिल्ली। घरेलू रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी डाबर इंडिया ने शुक्रवार को बताया कि उसे बालों की देखभाल के आयुर्वेदिक ब्रांड 'सेसा केयर' के विलय के लिए राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह विलय डाबर के मौजूदा 'हेयर केयर' पोर्टफोलियो को मजबूती देगा और वृद्धि के नए अवसरों का लाभ उठाने में मदद करेगा। डाबर ने अक्टूबर 2024 में सेसा केयर में बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था, और मई 2025 में इसके निदेशक मंडल ने सेसा केयर के डाबर में पूर्ण विलय की योजना को मंजूरी दी थी।

वास्कॉन को क्वालकॉम से मिला 660 करोड़ का ऑर्डर

VASCON

नई दिल्ली। निर्माण कंपनी वास्कॉन इंजीनियर्स ने शुक्रवार को बताया कि उसे सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी क्वालकॉम इंडिया से बेंगलुरु में एक कार्यालय परिसर के निर्माण के लिए 660 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। शेयर बाजार को दी गई एक सूचना में वास्कॉन इंजीनियर्स ने कहा कि उसे बेंगलुरु में तीन बेसमेंट, भूतल सहित 12 मंजिलों और संबंधित बुनियादी ढांचे वाले एक कार्यालय परिसर के निर्माण के लिए आशय पत्र मिला है।

जेएसडब्ल्यू वन ने आईपीओ के लिए किया आवेदन

JSW

नई दिल्ली। विनिर्माण क्षेत्रों को सेवाएं देने वाले प्रौद्योगिकी आधारित मंच जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिए 3,054 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज जमा किए हैं। बृहस्पतिवार देर रात दाखिल किए गए मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार प्रस्तावित आईपीओ में 1,300 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और 1,754.01 करोड़ रुपये तक के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) की जाएगी।

खाते में 0, फिर भी यूपीआई से पेमेंट! अब बैंक बैलेंस नहीं, क्रेडिट लिमिट से चलेगा यूपीआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पेमेंट के लिए यूपीआई क्यूआर कोड स्कैन किया तो पता चला कि बैंक खाते में तो बैलेंस जीरो है। घर से पर्स भी नहीं लाए। ऐसी स्थिति में अगर दुकानदार जानकार न हो तो आपकी हालत खराब होना स्वाभाविक ही है। लेकिन, कुछ दिनों बाद ऐसा सिस्टम आ जाएगा कि अगर आपके अकाउंट में पैसे नहीं है, तो भी आप यूपीआई से लेन-देन कर सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) यूपीआई पर भी क्रेडिट लिमिट देने जा रहा है। नए फ्रेमवर्क के तहत बैंक अपने ग्राहकों को पहले से मंजूर यानी प्री-सैंक्शन क्रेडिट लाइन देंगे।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम यूपीआई पर देने जा रहा क्रेडिट लिमिट

तंत्र एक्टिव करने 15 दिसंबर तक का समय

एनपीसीआई ने 18 सितंबर को जारी अपने सर्कुलर में सभी सदस्य बैंकों और फोनपे, गूगल पे और पेटीएम को निर्देश दिया है कि वे अकाउंट स्ट्रक्चर को स्टैंडर्डाइज करें ताकि यूजर्स को एक जैसा और सहज अनुभव मिल सके। इस पूरे तंत्र को एक्टिव करने के लिए बैंकों और ऐप्स को 15 दिसंबर 2026 तक का टाइम दिया गया है।



क्या होता है प्री-सैंक्शन क्रेडिट लाइन?

आसान शब्दों में समझें तो प्री-सैंक्शन क्रेडिट लाइन बैंक की तरफ से मिलने वाला एक डिजिटल ओवरड्राफ्ट या प्री-अप्रूव्ड लोन जैसा है। अब तक यूपीआई चलाने के लिए बैंक खाते में खुद की पूंजी होना अनिवार्य था, लेकिन नए फ्रेमवर्क के तहत बैंक अपने ग्राहकों को पहले से मंजूर यानी प्री-सैंक्शन क्रेडिट लाइन देंगे।

यूपीआई क्रेडिट लाइन के क्या फायदे होंगे?

सैलरी खत्म होने या महीने के अंत में अचानक मेडिकल या घरेलू खर्च आने पर किसी से हाथ फैलाने की जरूरत नहीं होगी। बिना प्लास्टिक कार्ड जेब में रखे, सीधे मोबाइल ऐप से क्रेडिट लिमिट का इस्तेमाल संभव होगा। जितनी लिमिट मिली है, उसमें से जितना पैसा खर्च करेंगे, देनदारी सिर्फ उतने पर ही बनेगी।

कहां चलेगी यूपीआई क्रेडिट लाइन और कहां नहीं?

एनपीसीआई के अनुसार, क्रेडिट लाइन का इस्तेमाल कई सेवाओं में किया जा सकेगा, लेकिन कुछ सख्त सीमाएं भी तय की गई हैं। दुकानों या ऑनलाइन मर्चेंट पेमेंट, ईएमआई, यूपीआई ऑटोपे और यूपीआई रिजर्व पे पर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। ब्याज वाली क्रेडिट लाइन में चुनिंदा शर्तों के साथ पर्सन टू पर्सन ट्रांसफर भी संभव हो सकता है। ब्याज-मुक्त क्रेडिट लाइन से किसी दोस्त या रिश्तेदार के निजी खाते में पैसे ट्रांसफर नहीं किए जा सकेंगे। इसके अलावा यूपीआई लाइट, यूपीआई सर्किल और इंटरनेशनल भुगतानों के लिए इस क्रेडिट लाइन का इस्तेमाल यूजर नहीं कर पाएंगे। हालांकि रुपे क्रेडिट कार्ड से अंतरराष्ट्रीय यूपीआई पेमेंट जारी रहेगा।

वित्त मंत्री सीतारमण ने विपक्ष की आलोचना को किया खारिज

यूपीआई एमडीआर कोई कर या अधिभार नहीं, उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित मर्चेन्ट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को लेकर विपक्ष की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि यह न तो कर है, न उपकर और न ही अधिभार। उन्होंने कहा कि इससे मिलने वाला एक भी पैसा सरकार को नहीं मिलेगा और न ही इसका कोई उपभोक्ताओं पर बोझ पड़ेगा। सीतारमण ने कहा कि एमडीआर डिजिटल भुगतान व्यवस्था के भीतर लगाया जाने वाला शुल्क है और इसे यूपीआई लेनदेन की सुविधा देने वाले भुगतान सेवा प्रदाता, व्यापारी का बैंक तथा इस व्यवस्था से जुड़े अन्य भागीदार लेते हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 15 अक्टूबर से कारोबारियों को किए जाने वाले 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाया गया है।

मिलने वाला एक भी पैसा सरकार को नहीं मिलेगा

एमडीआर डिजिटल भुगतान व्यवस्था के भीतर लगाया जाने वाला शुल्क है

भुगतान पर अधिकतम शुल्क 300 रुपए होगी

वहीं, 75,000 रुपये या इससे अधिक के भुगतान पर यह शुल्क अधिकतम 300 रुपये होगा। व्यक्ति-से-व्यक्ति लेनदेन और छोटे भुगतान को शुल्क से बाहर रखा गया है। उन्होंने कहा, ''यह कर नहीं है, यह उपकर नहीं है और न ही अधिभार है। इससे मिलने वाली राशि भारत की संचित निधि में नहीं जाएगी।''

राशि यूपीआई से जुड़े बैंकों और अन्य संस्थाओं में बांटी जाएगी

वित्त मंत्री ने कहा कि इससे प्राप्त राशि यूपीआई से जुड़े बैंकों और अन्य संस्थाओं के बीच बांटी जाएगी। सूत्रों ने कहा कि कुल एमडीआर में से 40 प्रतिशत राशि ग्राहक के बैंक, 30 प्रतिशत भुगतान सेवा प्रदाता, 20 प्रतिशत यूपीआई ऐप और शेष 10 प्रतिशत राशि यूपीआई ऐप के प्रायोजक बैंक को मिलेगी।



डिजिटल भुगतान में सुधार करने मिलेगी मदद

वित्त मंत्री ने कहा कि एमडीआर का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा और इसका भुगतान व्यापारी भुगतान व्यवस्था के भीतर ही किया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि शुल्क को भुगतान व्यवस्था से जुड़े भागीदारों के बीच बांटा जाएगा, जिससे प्रौद्योगिकी ढांचे को बनाए रखने तथा डिजिटल भुगतान में सुधार और नवोन्मेष को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

एमडीआर का सरकार से कोई लेना-देना नहीं

वित्त मंत्री ने कहा, ''इसका सरकार से बिल्कुल कोई लेना-देना नहीं है।'' उन्होंने कहा कि एमडीआर व्यवस्था में एनपीसीआई, व्यापारी, बैंक और अन्य सेवा प्रदाता शामिल हैं। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि व्यापारी पहले से ही क्रेडिट और डेबिट कार्ड से किए गए लेनदेन पर एमडीआर का भुगतान करते हैं।

एमडीआर का भुगतान व्यापारी करेंगे, उपभोक्ता नहीं

वित्त मंत्री की यह टिप्पणी प्रस्तावित एमडीआर को लेकर हो रही आलोचना के बीच आई है। इसे लेकर व्यापारियों पर संभावित असर और इस शुल्क का बोझ ग्राहकों पर डाले जाने की आशंका जताई जा रही है। पंद्रह अक्टूबर से 2,000 रुपये से अधिक के पात्र यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर का भुगतान व्यापारी करेंगे, उपभोक्ता नहीं।

आवश्यक सेवाओं पर पांच रुपए का तय शुल्क होगा

वित्त मंत्री ने कहा, 75,000 रुपये या उससे अधिक के लेनदेन पर यह शुल्क अधिकतम 300 रुपये तक सीमित रहेगा। व्यक्तियों के बीच होने वाले भुगतान के साथ-साथ रोजमर्रा के अधिकांश व्यापारी भुगतान भी निःशुल्क बने रहेंगे। रेलवे, दूरसंचार, ईंधन और बीमा जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए दो हजार रुपये से अधिक के लेनदेन पर पांच रुपये का तय शुल्क होगा।

एनएसई की अपने ही मंच पर सूचीबद्धता संभव : चेयरमैन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के चेयरपर्सन श्रीनिवास इंजेती ने शुक्रवार को कहा कि शेयर बाजारों का अपने ही मंच पर सूचीबद्ध होना संभव है, लेकिन इस बारे में फैसला करना बाजार नियामक सेबी के अधिकार क्षेत्र में आता है।

फैसला करना सेबी के अधिकार क्षेत्र में आता है

देश के सबसे बड़े शेयर बाजार एनएसई का शेयर प्रतिद्वंद्वी बीएसई पर सूचीबद्ध होने के एक दिन बाद इंजेती ने कहा कि जो चीजें आज नियमों के तहत मंजूर नहीं हैं, उन्हें बदलते नियमन के साथ भविष्य में अनुमति दी जा सकती है।

मौजूदा नियमों के तहत कोई भी शेयर बाजार अपने ही मंच पर खुद की सूचीबद्धता या अपने शेयरों में कारोबार नहीं कर सकता है। इसी वजह से एनएसई के शेयर बीएसई पर और बीएसई के शेयर एनएसई पर सूचीबद्ध हुए हैं।

इंजेती ने कहा, ''आज अपने मंच पर सूचीबद्धता की अनुमति नहीं हो सकती है, लेकिन कल को ऐसा हो सकता है। इसे अनुमति देना नियामक के अधिकार क्षेत्र में आता है।'' उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में ऐसी अनुमति मिलती है और एनएसई सेबी की संतुष्टि के अनुसार सभी जरूरी शर्तें पूरी कर पाता है, तो खुद की सूचीबद्धता वास्तविकता बन सकती है।



चेयरमैन ने बाजार बुनियादी ढांचा संस्थानों (एमआईआई) की सूचीबद्धता का उदाहरण देते हुए कहा कि 2012 से पहले इसकी अनुमति नहीं थी, लेकिन 2015 में इसे मंजूरी दी गई और लागू किया गया। इंजेती ने कहा कि यदि किसी शेयर बाजार को अपने ही मंच पर सूचीबद्ध किया जाता है।

भूमिका में कोई बदलाव नहीं होगा

हालांकि, धारणा के स्तर पर हितों का टकराव मौजूद है और उसका उचित ध्यान रखा जाना जरूरी है। इंजेती ने एक दिन पहले शेयर सूचीबद्धता पर कहा था कि शेयर बाजार के रूप में एनएसई की जिम्मेदारियों और एक कारोबारी संस्था के रूप में उसकी भूमिका में कोई बदलाव नहीं होगा।

बैंकिंग, तेल एवं गैस तथा वाहन शेयरों में निकली खरीदी

खरीदारी आने से बाजार में तेजी, सेंसेक्स 315 अंक चढ़ा



एजेंसी ▶▶| मुंबई

हाल की तेज गिरावट के बाद शुक्रवार को बैंकिंग, तेल एवं गैस तथा वाहन कंपनियों में निचले स्तर पर खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 315 अंक उछल गया जबकि निफ्टी में 77 अंक की सुधार आया।

सेंसेक्स तीन महीने से अधिक निचले स्तर पर आ गया था

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 315.20 अंक बढ़कर 73,895.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 73,968.05 अंक के ऊपरी और 73,477.77 अंक के निचले स्तर तक गया। सेंसेक्स के 19 शेयर बढ़त में रहे जबकि 11 गिरकर बंद हुए। निफ्टी भी 77.40 अंक बढ़कर 23,140.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 2.82 प्रतिशत चढ़ा। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.24 प्रतिशत, एशियन पेंट्स में 1.93 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 1.21 प्रतिशत, एचसीएल टेक में 1.17 प्रतिशत और टाइटन में 1.01 प्रतिशत की बढ़त रही। दूसरी तरफ, ट्रेंट का शेयर 1.41 प्रतिशत गिरा।

बाजार में सकारात्मक रुख रहा

इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा स्टील भी गिरावट वाले प्रमुख शेयरों में रहे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"हाल की गिरावट के बाद चुनिंदा शेयरों में निचले भाव पर खरीदारी आने से बाजार में सकारात्मक रुख बना रहा, हालांकि बढ़त सीमित दायरे में रही।/"

एनएसई का शेयर दूसरे दिन एक प्रतिशत टूटा

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) का शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के दूसरे दिन शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई में एनएसई का शेयर 1,792.65 रुपये पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 1.39 प्रतिशत कम है। हालांकि, कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई और शेयर 0.66 प्रतिशत चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 1,830 रुपये तक पहुंच गया।

मित्रा ने 26,000 रोजगार के अवसर सृजित किए

नई दिल्ली। ई-कॉमर्स मंच मित्रा ने कहा कि उसने त्योहारी मौसम और अपने ''बिग फैशन फेस्टिवल'' से पहले 26,000 से अधिक अस्थायी रोजगार के अवसरों का सृजन किया है। यह संख्या पिछले साल की तुलना में दोगुने से अधिक है। कंपनी ने बयान में कहा कि इन अस्थायी नौकरियों में 350 से अधिक पद दिव्यांगजनों के लिए रखे गए हैं, जबकि उसके ऑर्डर पूर्ति केंद्रों में तैनात कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत होगी।

केंद्र दूसरी छमाही में 7.86 लाख करोड़ रुपए कर्ज लेगा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 7.86 लाख करोड़ रुपये बाजार से कर्ज लेगी। इससे पूरे वित्त वर्ष के लिए कुल कर्ज में 1,20,494 करोड़ रुपये की बड़ी कमी आएगी। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में सरकार का प्रतिभूतियों के जरिये कुल 15,99,506 करोड़ रुपये का कर्ज लेने का अनुमान है, जबकि बजट में इसके लिए 17,20,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। मंत्रालय ने कहा, ''केंद्र ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ विचार-विमर्श के बाद वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 7,86,000 करोड़ रुपये उधार लेने का फैसला किया है। इसमें 15,000 करोड़ रुपये के सरकारी हरित बॉन्ड भी शामिल हैं। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सरकार इस महीने के अंत तक बॉण्ड के जरिये 8,13,506 करोड़ रुपये जुटाएगी।

कुल कर्ज 1.2 लाख करोड़ रुपए घटा

तीन साल के अवधि वाले बांड की हिस्सेदारी 6.9 फीसदी होगी

मंत्रालय के अनुसार, दूसरी छमाही के कुल ऋण में तीन साल की अवधि वाले बॉन्ड की हिस्सेदारी 6.9 प्रतिशत, पांच साल की 12.1 प्रतिशत, सात साल की 9.1 प्रतिशत, 10 साल की 26.3 प्रतिशत, 15 साल की 17.6 प्रतिशत, 30 साल की 9.2 प्रतिशत, 40 साल की 8.9 प्रतिशत और 50 साल की 9.9 प्रतिशत होगी। इसमें सरकारी हरित बॉण्ड भी शामिल हैं।

भारत तैयार इस्पात का शुद्ध आयातक बना रहा

नई दिल्ली। भारत ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अगस्त अवधि में 36,193.9 करोड़ रुपये मूल्य के तैयार इस्पात का आयात किया और इस दौरान वह इस जिंस का शुद्ध आयातक बना रहा। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

कुल 34.87 लाख टन तैयार इस्पात के आयात में चीन, दक्षिण कोरिया, जापान, इंडोनेशिया और वियतनाम शीर्ष पांच आपूर्तिकर्ता देश रहे। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2025-26 की समान अवधि के 26.92 लाख टन की तुलना में 29.5 प्रतिशत अधिक है। इस्पात मंत्रालय के अनुसार कच्चे इस्पात के दुनिया के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक देश भारत में तैयार इस्पात का आयात मूल्य 36,193.9 करोड़ रुपये रहा, जो एक वर्ष पहले की समान अवधि के 26,172.6 करोड़ रुपये से 38.3 प्रतिशत अधिक है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, ''मात्रा के लिहाज से भारत अप्रैल-अगस्त 2026 के दौरान तैयार इस्पात का शुद्ध आयातक बना रहा।'' समीक्षाधीन अवधि के दौरान भारत ने तैयार इस्पात के निर्यात में भी प्रगति दर्ज की।

भारत यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक में 31 वें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत अपने लागत-प्रतिस्पर्धी यात्रा परिवेश और समृद्ध सांस्कृतिक संसाधनों के चलते वैश्विक यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक में नौ पायदान ऊपर चढ़कर 31वें स्थान पर पहुंच गया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की ओर से जारी इस सूचकांक में जापान शीर्ष पर है। अमेरिका, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस भी शीर्ष पांच में शामिल हैं। डब्ल्यूईएफ ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में कहा कि भारत को यात्रा के लिहाज से लागत-प्रतिस्पर्धी माहौल, समृद्ध सांस्कृतिक संसाधनों, प्राकृतिक संपदा और पर्यटन मांग के बेहतर वितरण से लाभ मिला है। रिपोर्ट के अनुसार, पर्यटन बुनियादी ढांचे, सांस्कृतिक संसाधनों और कारोबारी यात्रा सुविधाओं में तेजी से सुधार ने भारत की रैंकिंग में बड़ी बढ़त में योगदान दिया है।

कंपनी जिंस लागत में हुई वृद्धि अभी खुद ही उठा रही है

टाटा चरणबद्ध ढंग से यात्री वाहनों की कीमतें बढ़ाएंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेश चंद्रा ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी यात्री वाहनों की कीमतों में जिंस लागत बढ़ने के दबाव के बीच आगे भी चरणबद्ध ढंग से बढ़ोतरी करने पर विचार कर रही है। चंद्रा ने कंपनी की नई सेडान कार 'एरिस' की पेशकश के अवसर पर बातचीत में कहा कि टीएमपीवी जिंस लागत में हुई बढ़ोतरी के एक महत्वपूर्ण हिस्से का बोझ अभी खुद ही उठा रही है और लागत घटाने के प्रयास भी जारी रखे हुए है।

वाणिज्यिक वाहनों में एक फीसदी की वृद्धि 1 अक्टूबर से

टाटा मोटर्स ने इस महीने की शुरुआत में अपने वाणिज्यिक वाहनों के सभी खंडों में एक प्रतिशत तक कीमतें एक अक्टूबर से बढ़ाने की घोषणा की थी। चंद्रा ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद से वाहन कंपनियों की तरफ से कीमतों में कुल बढ़ोतरी पांच प्रतिशत से कम रही है। इस दौरान बाजार में छूट भी कम हुई है क्योंकि आपूर्ति मांग की तुलना में कुछ पीछे रही है।



हर माह की जाती है समीक्षा : एमडी ने कहा, ''हम हर महीने समीक्षा कर रहे हैं कि वाहन कीमतों में एक निश्चित स्तर की बढ़ोतरी करने का अवसर कब मिलेगा। कीमतों में बढ़ोतरी छोटी-छोटी किस्तों में की जाएगी ताकि मांग पर तत्काल असर न पड़े।''

एरिस के पेट्रोल संस्करण की कीमत 5.29 लाख रुपए

चंद्रा ने कहा, /"जिंस लागत में बढ़ोतरी को उसी गति से ग्राहकों पर डाल पाना संभव नहीं है। इससे मार्जिन पर दबाव पड़ रहा है और लागत घटाने के प्रयासों पर अधिक ध्यान देना पड़ रहा है।/" टीएमपीवी ने निजी और पारिवारिक इस्तेमाल के लिए कॉम्पैक्ट सेडान 'एरिस' पेश की है।

सेडान की एक साल में बिक्री 25-26 फीसदी बढ़ी

कॉम्पैक्ट सेडान खंड के बारे में चंद्रा ने कहा कि कुल सेडान बाजार में इसकी हिस्सेदारी भले ही घट रही हो, लेकिन इसकी बिक्री बढ़ रही है। पिछले एक साल में इस खंड की बिक्री करीब 25-26 प्रतिशत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में बदलाव का भी कॉम्पैक्ट सेडान खंड पर असर है और ग्राहकों का एक वर्ग इस तरह की कारों की मांग कर रहा है।

एरिस पेट्रोल और सीएनजी विकल्पों में

एरिस पेट्रोल और सीएनजी दोनों विकल्पों में मैनुअल एवं एएमटी ट्रांसमिशन के साथ उपलब्ध होगी। कंपनी के मुताबिक, एरिस को केवल निजी खरीदारों के लिए पेश किया गया है और इसे टैक्सी खंड में उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। वाणिज्यिक और फ्लीट ग्राहकों के लिए कंपनी का 'एक्सप्रेस-टी' ब्रांड जारी रहेगा।

बिजनेस साइट

देवभोग ने उरला मुख्य प्लांट में किया नया उत्पाद लांच



दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ के देवभोग ब्रांड ने ग्राहकों और व्यापारियों की मांग को देखते हुए 5 किलोग्राम का 'कढ़ी दही' पाउच पैक लांच किया है। उरला मुख्य प्लांट में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंध संचालक सहित वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में नए उत्पाद का शुभारंभ किया गया। यह पैक कल सुबह से बाजार में उपलब्ध होगा। देवभोग की ओर से बताया गया कि बड़े स्तर पर दही का इस्तेमाल करने वाले व्यापारियों की ओर से लंबे समय से बड़े पैक की मांग की जा रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए 5 किलो का पाउच पैक बाजार में उतारा गया है। इससे होटल, कैटरिंग और मिठाई व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों को दही की बड़ी मात्रा आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। देवभोग ब्रांड दूध और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। नए 'कढ़ी दही' पैक को भी उपभोक्ताओं और व्यापारियों की जरूरत के अनुरूप बाजार में उतारा गया है। अधिकारियों के अनुसार नए पैक के बाजार में आने से बड़े आयोजनों और व्यावसायिक उपयोग के लिए दही की उपलब्धता और खरीद प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक होगी।

महज 2 मिनट में भारत को 2 मेडल, निशानेबाजी में जीता पहला स्वर्ण

सुरुचि-कमलजीत ने शूटिंग में जीता गोल्ड, राइफल थ्रीपी टीम को रजत

एजेंसी ▶▶| नागोया

एशियन गेम्स में शुक्रवार को भारत ने महज 2 मिनट के अंदर 2 मेडल अपने नाम किए। भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले गोल्ड और उसके तुरंत बाद सिल्वर मेडल जीता। सुबह करीब 9 बजे सुरुचि और कमलजीत की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड दिलाया। इसके ठीक दो मिनट बाद यानी 9:02 बजे भारत ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन इवेंट में सिल्वर मेडल हासिल किया। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्रांक्ष पाटिल और नीरज कुमार की भारतीय तिकड़ी ने 1762 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। निशानेबाजी में भारत का यह पहला स्वर्ण पदक है। इससे पहले महिला क्रिकेट टीम ने स्वर्ण जीता था। टोटल इवेंट में दूसरा गोल्ड मेडल है। ऐश्वर्य और नीरज इसके बाद व्यक्तिगत फाइनल में इस लय को बरकरार नहीं रख सके, जिससे भारत के खाते में दिन में एक स्वर्ण और एक रजत आया।

इसने उस टीम को राहत और निराशा दोनों दी, जो यहां पहुंचने के बाद से एक के बाद एक निराशाओं से जूझ रही थी। बीस वर्षीय सुरुचि के लिए शीर्ष स्थान हासिल करना कुछ हद तक उस निराशा का प्रायश्चित था, जो महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में मिली थी।



टेबल टेनिस : मिश्रित युगल में दीया-मानुष को कांस्य

मानुष शाह और दीया चिताले ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता के मिश्रित युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में चीन के वांग चुकिन और सुन यिंगशा से मिली हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को 8-11, 5-11, 8 -11, 2-11 से पराजय मिली। सेमीफाइनल हारने के बावजूद उन्होंने इन खेलों में भारत को टेबल टेनिस में पहला पदक दिलाया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हांगकांग की विश्व की चौथे नंबर की जोड़ी डू होई केम और वोंग चुन टिंग को हराकर पदक पक्का किया था। मानुष शाह ने ईरान के बेन्यामिन फराजी को 4-0 से हराकर पुरुष एकल में भी अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि यशस्विनी घोरपड़े ने सीरिया की हेंड ज़ाज़ा को 4-1 (11-5 11-5 11-8 8-11 11-4) से हराकर महिला एकल के राउंड ऑफ़ 16 में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत के अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन हालांकि निराशाजनक रहा।

शॉटपुट : मनप्रीत को कांस्य



मनप्रीत कौर ने महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा में 17.17 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक चीन की सोंग जियायुआन (19.40 मीटर) और रजत झांग लिनरू (18.14मीटर) ने जीता। 36 वर्ष की मनप्रीत का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 18.06 मीटर है, जो उन्होंने 2022 में किया था। वह हांगझोउ में 2023 एशियाई खेलों में पांचवें स्थान पर रही थी और ग्लास्गो में पिछले महीने राष्ट्रमंडल खेलों में 17.49 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर थी। उन्होंने इस साल राष्ट्रीय अंतर प्रांत चैंपियनशिप जीतकर एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई किया था।

महिला हॉकी : भारत की लगातार चौथी जीत, जापान को हराया

काकामिगाहारा। भारतीय महिला हॉकी टीम ने विजय अभियान जारी रखते हुए शुक्रवार को मेजबान जापान को 3-1 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की और इस तरह से सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत की तरफ से लालरेम्सियामी (5वें मिनट), इशिका चौधरी (30वें मिनट) और नवनीत कौर (36वें मिनट) ने गोल किए। जापान की तरफ से एकमात्र गोल शिहो कोबायाकावा ने 46वें मिनट में किया। भारत रविवार को सिंगापुर के खिलाफ पूल बी में अपना आखिरी मैच खेलेगा। भारतीय टीम ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने उज्बेकिस्तान पर 19-0 की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

दौड़ : गुलवीर ने 10 हजार मीटर में जीता रजत पदक

भारत के लंबी दूसरी के धावक गुलवीर सिंह ने एशियाई खेलों के अपने कांस्य को रजत में बदला और पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में 28 मिनट 29.38 सेकंड का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रहे। हांगझोउ में पिछले एशियाई खेलों में कांस्य जीतने वाले गुलवीर बहरीन के बिरहानु बालेयू से पीछे रहे, जिन्होंने 28 मिनट 27.51 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता। बहरीन के अलबर्ट किप्टो को कांस्य पदक मिला, जिन्होंने 28 मिनट 34.18 सेकंड का समय निकाला। गुलवीर ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भी रजत पदक जीता था।



पोल वॉल्ट : बारानिका ने रचा इतिहास, जीता कांस्य

नागोया। बारानिका इलांगोवन ने इतिहास रच दिया है। बारानिका ने 4.15 मीटर की ऊंचाई पार करके पोल वॉल्ट में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। बारानिका पोल वॉल्ट में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। तमिलनाडु की 29 वर्षीय एथलीट ने कजाकिस्तान की पोलिना इवानोवा के साथ ब्रॉन्ज मेडल साझा किया। इवानोवा ने भी 4.15 मीटर की ऊंचाई पार की थी और उनका काउंटबैक रिकॉर्ड भी एक जैसा था। दोनों एथलीटों का बेस्ट मार्क और सफल प्रयासों की संख्या एक जैसी होने के कारण उनके बीच कोई अंतर नहीं किया जा सका। बारानिका ने अपने फाइनल की शुरुआत 3.85 मीटर और 4.00 मीटर की ऊंचाई को आत्मविश्वास के साथ पार करके की। 4.25 मीटर की ऊंचाई की ओर बढ़ने से पहले उन्हें 4.15 मीटर पार करने के लिए दो प्रयासों की जरूरत पड़ी, लेकिन उस ऊंचाई पर तीन असफल प्रयासों के साथ उनका प्रतियोगिता में समाप्त हो गया।



खबर संक्षेप



शतरंज ओलंपियाड में भारत का शानदार प्रदर्शन

समरकंद। मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश की अगुवाई में भारतीय पुरुष टीम ने 46वें शतरंज ओलंपियाड के नौवें दौर में जर्मनी पर 2.5-1.5 से जीत दर्ज की जबकि महिला टीम ने उज्बेकिस्तान को 3-1 से रौंद दिया। गुकेश खेल के अधिकांश हिस्से में संघर्ष करते रहे लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए अलेक्जेंडर डोनचेनकोव को मात दी। भारतीय टीम के 15 अंक हो गए हैं और दुनिया के सबसे बड़े शतरंज महोत्सव में दो दौर बाकी रहते पोडियम स्थान की दौड़ में बनी हुई है। महिला वर्ग में भारतीय महिलाओं के लिए चीजें काफी आसान रहीं क्योंकि दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल ने आसान जीत दर्ज की जबकि कोनेरू हम्पी और सविता श्री को ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।

नेट्स पर लौटे कोहली-रोहित



तिरुवनंतपुर। शुभमन गिल जब शुक्रवार को अभ्यास सत्र के दौरान तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की गेंदों का सामना कर रहे थे तो नेट पर एक ऊंची उठती हुई गेंद उनकी कोहनी पर जा लगी। गिल काफी दर्द में दिखाई दे रहे थे और उन्हें करीब 20 मिनट तक चिकित्सकीय देखभाल की जरूरत पड़ी। अनुभवी विराट कोहली और रोहित शर्मा ने साथ साथ लगे नेट्स में बल्लेबाजी की। ये दोनों दिग्गज बल्लेबाज करीब 20 मिनट के बल्लेबाजी सत्र के दौरान शानदार लय में दिखे। इस दौरान उन्होंने भारतीय साथियों और स्थानीय नेट गेंदबाजों का सामना किया। गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल खिलाड़ियों के बीच ड्रेसिंग रूम में चल रहे अनुभव और बातचीत को देखकर बेहद खुश थे।

भारत-ए की ऑस्ट्रेलिया ए पर बड़ी जीत, 162 रन से हराया

कुमार कुशाग्र को 'प्लेयर ऑफ द मैच', शम्स मुलानी ने लिए 7 विकेट

एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने दूसरी पारी में 3 विकेट सहित मैच में 124 रन देकर 7 विकेट लिए, जिससे भारत ए ने केएपी-सीचेम स्टेडियम में खेले गए पहले चार दिवसीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया ए को 162 रन से करारी शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने अपनी दूसरी पारी सुबह दो विकेट पर 55 रन से आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 200 रन पर आउट हो गई। मुलानी ने शीर्ष स्कोरर फर्गस ओनील (47) सहित तीन बल्लेबाजों को आउट किया। ओनील ने डीप मिड-विकेट पर कैच दिया।



अंशुल ने ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर धकेला

तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने शुरुआती घंटे में ही कल के अविजित बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी (35) और कप्तान पीटर हैंड्सकॉम्ब (16) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। पवेलियन छोर से कंबोज की जगह गेंद संभालने वाले तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने जोश फिलिप और लियाम स्कॉट को लगातार गेंद पर आउट किया। इसके बाद ऑफ स्पिनर तनुष कोटियन ने जेसन संघा को क्लीन बोल्ड कर दिया। इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर लंच तक सात विकेट पर 185 रन हो गया। भारत ने इसके बाद उसकी दूसरी पारी समेटने में देर नहीं लगाई।

भारत ने पहली पारी में बनाए 334 रन

भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 334 रन बनाए थे, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 171 रन ही बना पाई। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 199 रन बनाए। कुमार कुशाग्र को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। दूसरा चार दिवसीय मैच 29 सितंबर से 2 अक्टूबर तक इसी मैदान पर खेला जाएगा। इसके बाद यह दोनों टीम तीन एकदिवसीय मैच भी खेलेंगी।

नेपाल ने किया उलटफेर, अफगानिस्तान को 16 गेंद पहले 5 विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| निशिन

कोरोगी स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए ग्रुप ए के मुकाबले में नेपाल क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था।

टीम की शुरुआत खराब रही और टॉप-3 बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। पारी की शुरुआत करने आए मोहम्मद अकरम 2 रन और हसन ईसाखिल बिना खाता खोले आउट हो गए। 103 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी नेपाल की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टीम ने 12 के स्कोर पर 2 और 31 के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन संदीप जोरा के 35 गेंदों पर बनाए 34 रन और पूर्व कप्तान रोहित पौडेल के 32 गेंदों पर बनाए नाबाद 33 रनों की बदौलत टीम ने 17.2 ओवर में 5 विकेट पर 103 रन बनाकर मैच 5 विकेट से जीत लिया। कप्तान दीपेंद्र सिंह ऐरी ने भी 15 रन बनाए। नेपाल और अफगानिस्तान के बीच यह पांचवां टी20 मैच था। पांच मैचों में नेपाल की यह दूसरी जीत थी।



सुब्रतो कप : मिनर्वा पब्लिक स्कूल ने जीता जूनियर वर्ग का खिताब

नई दिल्ली। मोहाली के मिनर्वा पब्लिक स्कूल सीआईएससीई ने केरल के मकदूमिया इस्लामिक कल्चरल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल को 3-2 से हराकर 65वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट में लड़कों के जूनियर वर्ग (अंडर-17) का खिताब जीता। झारखंड के गुमला स्थित सेंट पैट्रिक हाई स्कूल ने लड़कियों के जूनियर वर्ग (अंडर-17), जबकि पश्चिम बंगाल के झारग्राम स्थित माणिक पारा विवेकानंद विद्यापीठ ने लड़कों के सब जूनियर वर्ग (अंडर-15) के खिताब जीते। फाइनल में वायुसेना प्रमुख और सुब्रतो मुखर्जी खेल शिक्षा सोसायटी के अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल एपी सिंह उपस्थित थे। उन्होंने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जिता टीमों को 5 लाख रुपए और उपविजेता को 3 लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली।

बर्लिन

नॉर्वे की जीत में चमके हालैंड रोनाल्डो ने दिखाया दम



एजेंसी ▶▶| बर्लिन

कोडी गाकपो के इंजरी टाइम में किए गए गोल की बदौलत नीदरलैंड ने नेशंस लीग फुटबॉल में जर्मनी को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। यह जर्मनी के नए कोच जुर्गेन क्लॉप और नीदरलैंड के नए कोच शावी हर्नांडेज के कार्यकाल का पहला मुकाबला था। अन्य मुकाबलों में नॉर्वे के लिए एरलिंग हालैंड ने दो गोल दागे, जबकि दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुर्तगाल के लिए मैदान पर उतरना जारी रखा।

जर्मनी ने 32वें मिनट में फेलिक्स एनमेचा के गोल से बढ़त बनाई थी, लेकिन स्टॉपेज टाइम के दूसरे मिनट में रूबेन वान बोमेल के शानदार क्रॉस पर गाकपो ने वॉली से गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच कई बार तनातनी भी देखने को मिली।

ऑस्ट्रिया के खिलाफ इजराइल के खिलाड़ी को जश्न मनाना पड़ा भारी

लिंज में ऑस्ट्रिया के खिलाफ बराबरी का गोल करने के बाद इजराइल के सईद अबू फरची को जश्न मनाना भारी पड़ा। इस खिलाड़ी ने कॉर्नर फ्लैग उखाड़ लिया और ऐसा इशारा किया, जो गोली चलाने जैसा दिखाई दिया। उन्हें दूसरा पीला कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। उन्हें पहला पीला कार्ड मिलने के सिर्फ चार मिनट बाद ही दूसरा पीला कार्ड मिल गया। इसके बाद फिलिप म्वेने और सासा कलाजदजिक के आखिरी मिनटों में किए गए गोलों से ऑस्ट्रिया ने 3-1 से जीत दर्ज की। एक अन्य मुकाबले में वेदात मुरिकी के गोल की बदौलत कोसोवो ने प्रिस्टिना में आयरलैंड को 1-0 से हराया।

जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाड़ियों में झड़प

जर्मनी के गोल के बाद नीदरलैंड के खिलाड़ी इसलिए नाराज थे क्योंकि ब्रायन ब्रॉबे की चोट के बावजूद जर्मनी ने खेल जारी रखा था। ब्रॉबे को बाद में मैदान से बाहर जाना पड़ा। दूसरे हाफ में भी जर्मनी के नादिएम अमीरी की डेंजल डम्फ्रीज से टक्कर के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच झड़प हुई। जर्मनी के कप्तान जोशुआ किमिख और डम्फ्रीज भी बाद में भिड़ गए।

हालैंड ने डेनमार्क के खिलाफ दागे 2 गोल

स्टार स्ट्राइकर हालैंड ने डेनमार्क के खिलाफ 3-2 की जीत में दो गोल दागे। इसके साथ ही राष्ट्रीय टीम के लिए उनके गोलों की संख्या 56 मैचों में 64 हो गई। इसी ग्रुप में 41 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुर्तगाल की वेल्स पर 1-0 की जीत में 67 मिनट मैदान पर बिताए। नए कोच जॉर्ज जीसस की देखरेख में यह पुर्तगाल की सफल शुरुआत रही। जोआओ फेलिक्स ने पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से शुरुआती गोल कर टीम को जीत दिलाई।

दूसर वनडे में कप्तान मेंडिस ने ठोका शतक, वेलालगे ने चटकाए 3 अहम विकेट

श्रीलंका ने की सीरीज बराबर, इंग्लैंड को दी करारी मात

एजेंसी ▶▶| लीड्स

कप्तान कुसल मेंडिस के 121 रन और दुनिथ वेलालगे के तीन अहम विकेटों की बदौलत श्रीलंका ने दूसरे वनडे में इंग्लैंड को 16 रन से हराकर सीमित ओवरों के मौजूदा दौरे पर अपनी पहली जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई है और अब इसका फैसला रविवार को द ओवल में होने वाले निर्णायक मुकाबले में होगा। इंग्लैंड को हालांकि स्टार बल्लेबाज जोस बटलर के बिना उतरना पड़ सकता है, जिन्हें 322 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बाएं हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों) में चोट लग गई। श्रीलंका के 6 विकेट पर 321 रन के जवाब में इंग्लैंड की टीम 9 विकेट पर 305 रन ही बना सकी।



मेंडिस ने लगाया सातवां वनडे शतक

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाले श्रीलंका के कप्तान मेंडिस ने एकदिवसीय में अपना सातवां शतक लगाया। उन्होंने 14 चौके और तीन छक्के जड़े और टीम को छह विकेट पर 321 रन तक पहुंचाया। उन्होंने सलामी बल्लेबाज कमिंदु मेंडिस (54) के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी की, जबकि मध्यक्रम में पवन रतनायके ने 39 गेंदों पर 48 रन बनाए।

वेलालगे ने 49 रन देकर लिए 3 विकेट

वेलालगे (49 रन पर तीन विकेट) ने लगातार ओवरों में बेन डकेट (67), टॉम बैंटन (73) और हैरी ब्रूक (1) को आउट कर इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 157 रन कर दिया। डकेट और बैंटन ने पहले विकेट के लिए 143 रन की साझेदारी की थी। इंग्लैंड ने मंगलवार को चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले गए पहले वनडे में श्रीलंका को 89 रन से हराया था। इससे पहले श्रीलंका तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में 0-3 से हार गया था।

खतरनाक

इनके बारे में जानकर कांप जाएगी रूह

दुनिया की चार खूंखार जनजातियां एक में लड़कियों के काट देते हैं होंठ

नई दिल्ली। दुनिया के अलग-अलग देशों में कई जनजातियां रहती हैं। इनमें बाहरी दुनिया से अलग रहने वाली इन जनजातियों में कई बेहद खतरनाक है। यह अपने इलाके में किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश करना बर्दाश्त नहीं करतीं और आक्रामक रुख रखती हैं। यह जनजातियां अपनी परंपराओं, रहन-सहन और खान-पान के लिए जानी जाती हैं। यह अभी हजारों साल पुरानी अपनी परंपराओं का पालन करती हैं।



फोर जनजाति

दुनिया की खतरनाक जनजातियों में इस जनजाति का भी नाम शामिल है। यह जनजाति अपने एक अजीबोगरीब रिवाज के लिए दुनियाभर में जानी जाती है। इसके बारे में जानकर आप हैरत में पड़ जाएंगे। जनजाति में शख्स के अंतिम संस्कार के समय इंसान के दिमाग को खाने की परंपरा थी। ब्रिटेन और पापुआ न्यू गिनी में फोर जनजाति रहती है। इस जनजाति पर वैज्ञानिकों ने शोध किया है, जिसमें हैरान करने वाला खुलासा हुआ था। इस जनजाति के खाने में मृत रिश्तेदारों का दिमाग भी शामिल था। अब इन्होंने कुरू नाम की बीमारी के लिए आनुवंशिक प्रतिरोधक क्षमता का विकास कर लिया है। मैड काउ डिजीज से यह बीमारी मिलती -जुलती है। इस शोध की मदद से पार्किंसंस रोग और डिमेंशिया जैसे प्रायन रोगों का नया इलाज खोजा सकता है।



मुर्सी जनजाति

दुनिया की सबसे खतरनाक जनजातियों में इथियोपिया की खूंखार मुर्सी जनजाति की भी गिनती होती है। मुर्सी जनजाति के लोग किसी की पलभर में हत्या कर देते हैं। किसी को मार देना इस जनजाति में मर्दानगी की निशानी मानी जाती है। दक्षिण इथियोपिया और सूडान बॉर्डर की ओमान घाटी में यह खूंखार जनजाति रहती है। मुर्सी जनजाति की उग्र छवि की मुख्य वजह उनकी हिंसक परंपराएं और बाहरी लोगों के प्रति आक्रामक रुख है। मुर्सी जनजाति में लड़कियों के जवान होने पर उनके निचले होंठ में एक गहरा छेद कर दिया जाता है। महिलाओं के निचले होंठ में बॉडी मॉडिफिकेशन प्रक्रिया के तहत लकड़ी या मिट्टी की डिस्क पहना दी जाती है। ऐसा इसलिए किया जाता है कि लड़कियां बुरी नजर से बच सकें। वह मानते हैं कि इससे महिलाओं की सुंदरता कम हो जाती है और वह कम आकर्षक लगती हैं। यह प्रक्रिया बहुत दर्दनाक होती है।

अस्मत जनजाति

ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप में स्थित न्यू गिनी में अस्मत जनजाति निवास करती हैं। यह जनजाति के लोग इतने खतरनाक होते हैं कि दुश्मन को मारकर उसके मांस को पकाकर खा जाते हैं। इसके अलावा मृतक की हड्डियों को गहने की तरह इस्तेमाल करते हैं। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि उनके सिर को तकिए की तरह इस्तेमाल करते हैं। बताया जाता है कि कभी-कभी खोपड़ी तोड़कर बर्तन बना लेते हैं, जिसका खाना खाने के लिए इस्तेमाल करते हैं। इस जनजाति के इतने खतरनाक होते हैं कि दुश्मन को मारकर मांस पकाते समय उत्सव मनाते हैं। दुश्मनों के दिल में डर पैदा



मुंदरी जनजाति

यह जनजाति भी बेहद खतरनाक मानी जाती है। यह गायों से इतना प्रेम करती है, उनके लिए किसी की जान भी ले सकती है। गायों को रक्षा के लिए इस जनजाति के लोग अपने पास एके-47 जैसे खतरनाक हथियार रखते हैं। यह जनजाति अफ्रीकी देश सूडान में रहती है, जो गाय को अपना सबकुछ मानती है। सूडान के मुंदरी जनजाति के इलाके में गायों पर कोई खतरा आ जाए, तो लोग जान लेकर या जान देकर गाय की रक्षा करते हैं। मुंदरी जनजाति के लोग गाय को अपनी जिंदगी मानते हैं। इस जनजाति में जिनके पास गाय नहीं होती है, उनको मृतक जैसा समझा जाता है। इस जनजाति के लोग गायों को बहुत ज्यादा मानते हैं, क्योंकि वह गायों को पैसों का भंडार मानते हैं।



यूपी के इस गांव में बच्चा-बच्चा बोलता है स्पेनिश

लखनऊ। देश में एक गांव ऐसा भी है जहां का बच्चा-बच्चा स्पेनिश बोलता है। यह गांव बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ तहसील के मौजा टिकरावा में आता है। नाम है 'पूरे बर्मन।' इस गांव के स्कूल के बच्चे स्पेनिश बोलते हैं। यह चमत्कार रातोंरात तो नहीं हुआ। इसके पीछे रिजवान नाम के एक टीचर की मेहनत है। रिजवान ही यहां के बच्चों को स्पेनिश सिखाते हैं। अब इस छोटे से गांव में इस विदेशी भाषा को सीखने की होड़ लगी हुई है। टीचर रिजवान ने स्पेनिश भाषा बच्चों को क्यों सिखाई, इसके पीछे की वजह और भी दिलचस्प है।

स्पेनिश सिखाने का ख्याल मन में कैसे आया, इस बारे में रिजवान बताते हैं, 'पैशन को करियर बनाना थोड़ा मुश्किल होता है। मैंने भाई के साथ मिलकर 'अवर लैंग्वेज स्कूल'नाम से यूट्यूब चैनल खोला। हिंदी भाषा विदेशियों को सिखाने के मकसद ये यूट्यूब चैनल शुरू किया। इंग्लिश के जरिये हिंदी सिखाते थे। मेरी एक वीडियो स्पेन और बोलीविया पहुंची। पेरू, मैक्सिको पहुंची। स्पेनिश 22 देशों में बोली जाती है। वहां से कमेंट आए कि हमें अंग्रेजी नहीं आती, हमें स्पेनिश के जरिये हिंदी सिखाइये।'

रिजवान बताते हैं कि उन्हें पहले वीडियो से 100 डॉलर मिले थे। पैसे से प्रेरणा मिलती है। ऐसे में उन्होंने स्पेनिश भाषा सीखी ताकि वो विदेशियों को आसानी से हिंदी सिखा सकें। फिर खुद से स्पेनिश सीखी। इंटरनेट पर वीडियो देखे। कुछ किताबें मंगवाई। 20-25 स्पेनिश दोस्त बनाएं। उनके साथ बात की। लखनऊ आने का आमंत्रण दिया। हिंदी भाषा फ्री में सिखाने की बात कही।



वो अनोखा गांव, उल्टा घर-उल्टी गाड़ी, हवा में उड़ती साइकिल, 50 तरह का खाना

रोहतक। हरियाणा के रोहतक के शेरगढ़ में ललित सोरखी ने नेशनल हाईवे-9 पर मदीना टोल टैक्स के पास एक ऐसा रिजॉर्टनुमा फार्म हाउस बनाया है जिसमें हरियाणवी, पंजाबी और राजस्थानी संस्कृति का अनूठा मेल देखने को मिलता है। इस अनोखे फॉर्म हाउस में उल्टा घर है। सोफे-कार सब कुछ उल्टे लटके हुए हैं। इतना ही नहीं, यहां पर हवा में उड़ती साइकिल देखने को मिलती है। डीजे प्रोग्राम-50 तरह का खाना मिलता है। यह रिजॉर्ट गुरुग्राम से हिसार रोड पर मोखरा गांव के पास है। इस फार्म हाउस में 100 से ज्यादा एक्टिविटीज हैं।

बच्चे के आकर्षण के लिए 'भूत बंगला' : फार्म हाउस में बच्चे के आकर्षण के लिए भूत बंगला बना हुआ है। साथ ही उल्टा घर, हवा में साइकिल चलाना जैसी गतिविधियां शामिल हैं। लोकनृत्य, बैलगाड़ी-ऊंट की सवारी, गेमिंग जोन जैसे मनोरंजन के साधन मौजूद हैं। फार्म हाउस में जगह-जगह पर कैनेपी बनी हुई हैं। इनमें खाट का इंतजाम है ताकि एक्टिविटी के बाद बच्चे-बूढ़े आराम कर सकें।



ढोल-नगाड़ों से होता है मेहमानों का स्वागत

हरियाणवी, पंजाबी और राजस्थानी संस्कृति को फिर से जीवित करने के लिए रोहतक के शेरगढ़ में ललित सोरखी ने एक ऐसा फार्म हाउस बनाया जो हर आयु वर्ग के लोगों को प्रिय है। फार्म में पहुंचने वाले मेहमानों का स्वागत ढोल-नगाड़ों से होता है। गो माता, तांगा, बैलगाड़ी, राजस्थानी संस्कृति से बने मकान, चित्रकारी सब कुछ देखने को मिलता है। यहां पर हरियाणा-राजस्थान में चलन में रही पुराने-जमाने की वस्तुएं भी देखने को मिलेंगी। फार्म हाउस के मालिक ललित सोरखी बताते हैं, 'फार्म हाउस में चार जिप लाइन बच्चों के लिए है। सुरक्षा का खास ख्याल रखा गया है।

देसी संस्कृति की देखने को मिलती है झलक : बग्घी, बैलगाड़ी, ढोल-नगाड़े शुद्ध देसी संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। 50 प्रकार के व्यंजन मिलते हैं। फार्म हाउस सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता है। सुबह के नाश्ते से लेकर दूध-जलेबी तक सबकुछ मिलता है।

पुरानी चीजों का संग्रह

फार्म हाउस में पुरानी चीजों का संग्रह भी मौजूद है। हरियाणा-राजस्थान में पुराने जमाने में चल रही चीजें यहां दिखाई देती हैं। इसमें तराजू-बांट, ओखली, टेप रिकॉर्डर, रेडियो, पुरानी छोटी टीवी, स्टेब्लाइजर से लेकर कई पुराने सामान प्रदर्शनी के लिए रखे गए हैं। इतना ही नहीं, जादूगर भी यहां पर मौजूद है जो सबका मनोरंजन करता है। तेल-मालिश की सुविधा भी इस अनोखे फार्म हाउस में उपलब्ध है।

उल्टे घर में हर चीज है उल्टी

यह फार्म हाउस जयपुर ढाणी की याद दिलाता है। यहां पर एक उल्टा घर बना हुआ है। इस उल्टे घर में हर चीज उल्टी है। उल्टा सोफा, उल्टा गैस-चूल्हा, उल्टा बेड और घर के बाहर उल्टी कार लटकी हुई है। बस कमरे सीधे बने हुए हैं। बाकी पूरे घर की बनावट उल्टी है। यहां पर हरियाणा की संस्कृति को दिखाता हुआ एक पुराना कुआं, पुराने घर भी लोगों को खूब पसंद आते हैं।











हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com